सूर्योदय 7:12 सूर्यास्त 5:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.8 न्यू | 14.8 अधि |
| धर्मशाला | 5.9 न्यू | 21.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78472.48 |
| निफ्टी | 23750.20 |
| सोना 77,730 | चांदी 92,266 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




हिमाचल में तीन गुना बढ़ा दुग्ध उत्पादकों का मासिक भुगतान

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024 | 13 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 9, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली हाईकोर्ट ने मांगा पतंजलि आयुर्वेद से जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विज्ञापनों में डाबर के उत्पाद च्यवनप्राश को कथित रूप से बदनाम करने को लेकर दायर मामले पर पतंजलि आयुर्वेद से अपना रुख बताने को कहा है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने 24 दिसंबर को प्रतिवादियों पतंजलि आयुर्वेद और पतंजलि फूड्स लिमिटेड को समन जारी कर मामले में जवाब देने को कहा। आदेश में कहा कि शिकायत को मुकदमे के रूप में पंजीकृत किया जाए। समन जारी किया जाए। प्रतिवादी आज से 30 दिन के भीतर लिखित बयान दाखिल करें।

### मानहानि मामले में 'आप' नेता सौरभ को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज को भाजपा के एक कार्यकर्ता की ओर से दायर आपराधिक मानहानि के मामले में नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने 23 दिसंबर को पारित आदेश में भारद्वाज को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें सूरजभान चौहान की ओर से दायर शिकायत के आधार पर नौ जनवरी तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

### संभल में बावड़ी के बाद अब मिला 'मृत्यु कूप'



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में वीरवार को जामा मस्जिद से करीब 200 मीटर की दूरी पर मृत्यु कूप (कुआं) मिला है। लोगों का दावा है कि इसी कूप में स्नान करके लोग हरिहर मंदिर में पूजा करने जाते थे। इससे पहले संभल में एक बावड़ी भी मिल चुकी है। स्थानीय व्यक्ति योगेश्वर का कहना है कि इस कूप का नाम मृत्यु कूप है। वहीं, जिला प्रशासन ने प्राचीन 'मृत्यु कूप' की खुदाई शुरू कर दी है।

### इमरान खान की पत्नी बुशरा को मिली जमानत



**इस्लामाबाद।** पूर्व पीएम इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को पाकिस्तान की एक अदालत से अंतरिम जमानत मिल गई है। बता 26 नवंबर के विरोध-प्रदर्शन से संबंधित मामलों में बुशरा बीबी को 13 जनवरी तक अंतरिम जमानत दी है। जज शबीर भट्टी ने उनकी अंतरिम जमानत याचिकाओं की सुनवाई की। बुशरा बीबी तरनोल पुलिस स्टेशन में दर्ज चार मामलों और रमना पुलिस स्टेशन में दर्ज तीन मामलों में अंतरिम जमानत के लिए अदालत में पेश हुईं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- केंद्रीय एजेंसी से करवाया जाए होली-उतराला मार्ग का निर्माण -पेज 4
- ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पंचायत धर्मपुर में शामिल करने का विरोध -पेज 9
- फोर व्हील ड्राइव वाहनों के लिए बहाल हुई अटल टनल रोहतांग -पेज 11
- 'आप' ने भाजपा नेता प्रवेश व मनजिंदर के खिलाफ की शिकायत -पेज 13
- हॉकी इंडिया लीग ने हमें बुलंदियों तक पहुंचाया: हरमनप्रीत -पेज 14


# राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को दिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

## वीर बाल दिवस : 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चे नवाजे

एजेंसी, नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने वीरवार को राष्ट्रपति भवन में 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस बार 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। इनमें 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं।

बाल पुरस्कार सात कैटेगरी आर्ट एंड कल्चर, बहादुरी, इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी और सोशल वर्क, स्पोर्ट्स एंड एनवायरमेंट में दिए गए। खेल कैटेगरी से चर्चित नाम 3 साल के अनीश सरकार का है, जो फिडे (वर्ल्ड चेस फेडरेशन) रैंकिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के शतरंज प्लेयर हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने पुरस्कार हासिल करने वालों को बधाई दी पुरस्कार पाने वालों में कला एवं संस्कृति में शानदार उपलब्धियां हासिल करने वाली 14 वर्षीय दिव्यांग लेखिका केया हतकर, कश्मीर के 12 वर्षीय सूफी गायक अयान सजाद, 'सेरेब्रल पाल्सी' से पीड़ित 17 वर्षीय व्यास ओम जिग्नेश (संस्कृत साहित्य) शामिल हैं।



**सबसे कम उम्र के शतरंज प्लेयर अनीश को बाल पुरस्कार**

वीरता श्रेणी में 9 वर्षीय सौरव को तीन लड़कियों को डूबने से बचाने, जबकि 17 वर्षीय इओना थापा को एक फ्लैट में 36 निवासियों को आग से बचाने के लिए सम्मानित किया गया। नवाचार के लिए, 15 वर्षीय सिंधूरा राजा और साइबर सुरक्षा उद्यमी रिशीक कुमार (17) व खेल श्रेणी में जूडो खिलाड़ी हेमवती नाग को पुरस्कार दिया गया।

### समय चाहे कितना भी विपरीत हो राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं : मोदी




**पीएम** नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि अगर हम मैन्यूफैक्चरिंग पर काम करें तो उसमें हम दुनिया में बेस्ट हों। अगर स्पेस सेक्टर में काम करें तो दुनिया में बेस्ट हों। बेस्ट ही हमारा स्टैंडर्ड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय चाहे कितना भी विपरीत हो, राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं है। वीर बाल दिवस हमें प्रेरणाओं से भरता है और नए संकल्पों के लिए प्रेरित करता है।

# क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30% से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं बैंक : सुप्रीम कोर्ट

## एनसीडीआरसी के 16 साल पुराने फैसले को किया खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है, जिसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं।

एनसीडीआरसी ने अपने फैसले में कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर ग्राहकों से अत्यधिक ब्याज दर वसूलना अनुचित व्यापार व्यवहार है। यह फैसला सिटीबैंक, अमेरिकन एक्सप्रेस, एचएसबीसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की ओर से एनडीसीआरसी के सात जुलाई, 2008 के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर आया है। आयोग ने कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर 36 प्रतिशत से 49 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दरें बहुत अधिक हैं और उधारकर्ताओं के शोषण की तरह हैं। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि एनसीडीआरसी की यह टिप्पणी 'अवैध' है और भारतीय रिजर्व बैंक की शक्तियों के स्पष्ट, सुस्पष्ट प्रत्यायोजन में हस्तक्षेप है। न्यायालय ने कहा कि आयोग का 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर न लेने के बारे में दिया निर्णय बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के विधायी उद्देश्य के विपरीत है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 दिसंबर के अपने फैसले में कहा कि बैंकों ने क्रेडिट कार्डधारकों को धोखा देने के लिए किसी भी तरह से कोई गलतबयानी नहीं की थी और 'भ्रामक व्यवहार' एवं अनुचित तौर-तरीकों की पूर्व-शर्तें नदारद थीं।



### हम रिजर्व बैंक की दलीलों से सहमत

**न्यायालय** ने कहा कि एनसीडीआरसी के पास बैंकों और क्रेडिट कार्ड धारकों के बीच किए गए अनुबंध की उन शर्तों को फिर से तय करने का कोई अधिकार नहीं है, जिस पर दोनों पक्षों ने आपसी सहमति जताई थी। पीठ ने कहा कि हम भारतीय रिजर्व बैंक की इन दलीलों से सहमत हैं कि वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में किसी भी बैंक के विरुद्ध कार्रवाई करने का आरबीआई को निर्देश देने का सवाल ही नहीं पैदा होता है।

# भारत सीमा के पास ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाएगा चीन

एजेंसी, बीजिंग

**दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को दी मंजूरी**

**चीन** ने भारतीय सीमा के नजदीक तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दे दी है जिससे भारत और बांग्लादेश में चिंता बढ़ गई है। इस बांध परियोजना को दुनिया की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना बताया जा रहा है, जिसकी लागत 137 अरब अमेरिकी डॉलर है। चीन सरकार ने यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) के निचले इलाकों में एक जलविद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा, जहां ब्रह्मपुत्र नदी एक विशाल 'यू-टर्न' लेकर अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में बहती है।

# हरियाणा में शराब कारोबारी के दो साथियों की हत्या, तीसरा गंभीर

## जिम के बाहर गोलियां मारीं; 50 खाली खोल मिले, शॉल ओढ़कर आए थे बदमाश

एजेंसी, यमुनानगर

हरियाणा के यमुनानगर में वीरवार सुबह 3 युवकों पर नकाबपोश बाइक सवारों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई, जिसमें हमलावर युवकों पर फायरिंग करते दिख रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक तीनों युवक शराब कारोबारी मोनू राणा के साथी थे। मोनू राणा और गैंगस्टर काला राणा में रंजिश हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इसी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। हालांकि इसकी अभी किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मौके से 40 से 50 खाली खोल मिले हैं। मामला सुबह करीब सवा 8 बजे रादौर के गांव खेड़ी लक्खा सिंह में सामने आया। तीनों युवक पावर नाम के जिम में एक्सरसाइज करने आए थे। वह एक्सरसाइज करने के बाद घर जाने के लिए स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठने लगे, तो हमलावरों ने उन पर 30 से 40 राउंड फायरिंग कर दी।



# हिमाचल में आज से तीन दिन बारिश-बर्फबारी का दौर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में शुक्रवार से 29 दिसंबर तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में बारिश व अंधड़ की संभावना जताई है। 27 व 28 दिसंबर को समूचे राज्य में मौसम खराब रहेगा।

27 दिसंबर को कुछ स्थानों में अंधड़ व बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया है। 29 दिसंबर को लाहौल-स्पीति, कुल्लू, चंबा और किन्नौर जिलों में ही मौसम खराब रहेगा। 30 व 31 दिसंबर को मौसम के साफ रहने के आसार हैं। वहीं, पहली जनवरी को मध्यवर्ती व उच्च पर्वतीय इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। नववर्ष की शुरुआत बर्फबारी से होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में राज्य के प्रमुख हिल स्टेशनों शिमला और मनाली सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, प्रदेश में अभी भी कुछ सड़कें बहाल नहीं हो पाई हैं।



**प्रदेश में अभी भी कई सड़कें बंद**

### सात शहरों में न्यूनतम तापमान माइनस में

**हिमाचल** के सात शहरों का न्यूनतम तापमान माइनस में रिकॉर्ड किया गया। इनमें लाहौल-स्पीति का ताबो -12.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थल रहा। समधो में न्यूनतम तापमान -8.5 डिग्री, कुकुमसेरी में -7.8 डिग्री, मनाली में -1.8 डिग्री, कल्पा में -1.6 डिग्री, भुंतर में -0.9 डिग्री, बजुआरा में -0.7 डिग्री, शिमला में 4.8 डिग्री, सुंदरनगर में 0.3 डिग्री, नारकंडा व सराहन में 0.1 डिग्री और भरमौर में 0.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

# कोहली पर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना, एक डी-मेरिट प्वॉइंट दिया

मेलबर्न आईसीआई

**आईसीआई** ने भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली पर जुर्माना लगाया है। मैच रेफरी एंडी पाएक्रॉफ्ट ने कोहली की 20 फीसदी मैच फीस काटी है। साथ ही एक डी-मेरिट प्वॉइंट भी दिया है। कोहली पर यह जुर्माना मैदान पर खराब व्यवहार के लिए लगाया है।

37 साल के भारतीय बल्लेबाज ने डेब्यू मैच खेल रहे 19 साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास को धक्का मारा और बहस भी की, जो ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें और 11वें ओवर के बीच हुआ। कोहली ने रेफरी के सामने सुनवाई के दौरान अपनी गलती स्वीकार ली। डीमेरिट प्वॉइंट एक पेनाल्टी सिस्टम है, जो खिलाड़ियों को उनके खराब व्यवहार या कोई नियम तोड़ने के लिए दिया जाता है। दो से अधिक डी-मेरिट प्वॉइंट होने पर खिलाड़ियों को एक से ज्यादा टेस्ट, वनडे या टी-20 मैच के लिए बैन किया जा सकता है।




**सैम कोंस्टास को मारा धक्का बहस भी की**

### रिज मैदान पर दो गुटों में जमकर चले लात-घूंसे

**शिमला।** शिमला के रिज पर बुधवार देर रात को दो गुटों में मारपीट हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। राजधानी में विंटर कार्निवाल चल रहा है। शाम को विंटर कार्निवाल की दूसरी सांस्कृतिक संध्या थी। इस दौरान रिज पर पर्यटकों व स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ था। इसी बीच यहां दो गुटों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो हाथापाई में बदल गई। इस कारण स्टार नाइट का आनंद उठा रहे लोगों में भगदड़ मच गई। इस दौरान दोनों गुटों के बीच जमकर लात-घूंसे चले, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं, एसएचओ सदर धर्म सेन नेगी ने बताया किया मामला उनके ध्यान में नहीं है।

# नेहरू-गांधी की विचारधारा, बाबा साहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे : खड़गे

## कांग्रेस कार्यसमिति बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा, भाजपा पर साधा निशाना

एजेंसी, बेलगावी (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के बेलगावी में वीरवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी-नेहरू व गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहेब अंबेडकर का कथित तौर पर अपमान किए जाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के कथित अपमान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा व बाबा साहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेगी। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, क्योंकि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने संसद सत्र में संविधान के ऊपर हो रहे चर्चा के दौरान डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के बारे में गृह मंत्री का घोर अपमानजनक बयान सुना। हमने आपत्ति दर्ज की, विरोध जताया, प्रदर्शन किया। अब तो पूरे देश में प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार गलती मानने को तैयार नहीं है और अमित शाह से माफी और इस्तीफा लेना तो दूर, उलटा आपत्तिजनक बयान का समर्थन किया।



**राजनीति** 'आप' ने दिल्ली कांग्रेस पर भाजपा से मिलीभगत का लगाया आरोप, गठबंधन से बाहर करने की चेतावनी

# दिल्ली चुनाव से पहले 'आप'-कांग्रेस में घमासान

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में ठन गई है। तकरार इतनी बढ़ गई है कि 'आप' कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से ही बाहर करने की कवायद करने लगी है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली कांग्रेस पर बीजेपी से मिलीभगत का आरोप लगाया है। इसके साथ ही कांग्रेस आलाकमान से दिल्ली कांग्रेस के नेताओं पर कार्रवाई करने की मांग की है।

'आप' ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो पार्टी के खिलाफ वह विपक्षी गठबंधन के अन्य नेताओं से बात करेगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही विपक्षी गठबंधन के दो दल आपस में बुरी तरह उलझ गए हैं।

### अजय माकन के खिलाफ कार्रवाई करे कांग्रेस: आतिशी




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच बयानों को लेकर टकराव शुरू हो गया है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी से मांग करते हैं कि वे माकन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करें। वरना हम विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस पार्टी को अलग करने के लिए अन्य विपक्षी दलों से बात करेंगे। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस पार्टी भाजपा के पक्ष में खड़ी हो गई है। कांग्रेस हर वह काम कर रही है, जिससे भाजपा को चुनाव में फायदा हो।

### 'आप' खबरों में बने रहने के लिए दे रही अजीबोगरीब बयान : सुधांशु

**आम** आदमी पार्टी (आप) की ओर से कांग्रेस पर भाजपा की भाषा बोलने का आरोप लगाए जाने पर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि वह खबरों में बने रहने के लिए इस तरह के अजीबोगरीब बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि उनका बयान दिल्ली चुनाव में उनकी हार की स्वीकारोक्ति है। उन्होंने स्थिति की तुलना हरियाणा विधानसभा चुनाव से करते हुए कहा कि 'आप' दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ वैसा ही करने की कोशिश कर रही है जैसा उन्होंने हरियाणा में आप के साथ किया था।

### कांग्रेस नेता संदीप ने किया 'आप' पर पलटवार

दिल्ली की सीएम आतिशी के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि 'आप' शरद पवार, लालू यादव, मुलायम सिंह यादव पर भी आरोप लगाती रही है। उन्होंने कहा कि एक समय आम ने शरद पवार को देश का सबसे भ्रष्ट नेता बताया था, लेकिन आज वे उन्हीं के साथ हैं। उन्होंने कहा कि 'आप' कहती है कि दिल्ली में कांग्रेस का कोई आधार नहीं है, फिर वे इतने बौखलाए हुए क्यों हैं? संदीप दीक्षित ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को रोने की आदत है, वे जानते हैं कि अगर वह दिल्ली हार गए, तो उनके पास कुछ नहीं होगा, उनके साथ छोड़ दिया।

### दो घंटे देरी से पहुंचीं वंदे भारत समेत 3 ट्रेनें

**ऊना।** नई दिल्ली से अंब अंदौरा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटा देरी से ऊना हिमाचल स्टेशन पहुंची।

यहां पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 10 बजकर 32 मिनट का हैं, लेकिन दोपहर 12 बजकर 11 मिनट पर पहुंची। वहीं, 04501 हरिद्वार से ऊना के बीच चलने वाली पैसेंजर रेलगाड़ी भी पौने दो घंटे देरी से दोपहर सवा दो बजे पहुंची। 04593 अंबाला छावनी जंक्शन से अंब-अंदौरा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन अंबाला छावनी से बीस मिनट देरी से चली और सवा एक घंटे देरी से ऊना स्टेशन पहुंची। ऊना में दोपहर 12 बजकर 30 मिनट की जगह 2 बजकर 3 मिनट बजे पहुंची हैं।

# कांग्रेस के पोस्टर में भारत का गलत नक्शा : भाजपा

एजेंसी, नई दिल्ली

भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित होने वाली कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक से पहले भारत के गलत मानचित्र वाले स्वागत बैनर लगाए हैं।

कांग्रेस से सवाल किया कि क्या वह अमेरिका स्थित अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस जैसी भारत विरोधी ताकतों के 'इशारे' पर चल रही है। भाजपा की कर्नाटक इकाई ने 'एक्स' पर तस्वीरों के साथ पोस्ट किया कि बेलगावी में अपने कार्यक्रम में भारत का गलत मानचित्र प्रदर्शित करके देश की संप्रभुता के प्रति घोर अनादर दिखाया है, जिसमें कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया है। यह सब सिर्फ अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए किया जा रहा है। यह शर्मनाक है।



### सुधांशु ने पूछा, किसके इशारे पर हो रहा

**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मानचित्र महात्मा गांधी की तस्वीर के साथ इस्तेमाल किया है। त्रिवेदी ने पूछा कि देश के विभिन्न हिस्सों को हटाकर भारत का नक्शा क्यों दिखाया जा रहा है? क्या यह महज संयोग है या किसी व्यवस्थित भारत विरोधी प्रयोग का हिस्सा है? यह किसके इशारे पर हो रहा है?

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन गुरुद्वारा में मनाया वीर बाल दिवस



**नादौन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नादौन ने वीर बाल दिवस का आयोजन मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया की अध्यक्षता में नादौन के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान विशेष रूप से उपस्थित रही। यह जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश रिंकू ने दी। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉ. अशोक मंडल महामंत्री सुरेंद्र शर्मा, बीडीसी अध्यक्ष कमल दत्त शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विजय शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्यार सिंह, नगर पंचायत नादौन के पूर्व अध्यक्ष तरुण कपिल, बलवंत सिंह कटोच बीना रानी व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वाधान में स्लोगन राइटिंग तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की उप-प्राचार्य प्रो. कल्पना चड्ढा रहीं। सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी प्रोफेसर योगेश कौंडल ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। निर्णायक मंडल में प्रो. यशपाल चोपड़ा, प्रो. अनित शर्मा, प्रो. नितिका धवन और प्रो. नवीन शर्मा , प्रो. मंजू ठाकुर, प्रो. सीमा शर्मा, और प्रो. रीतिका जम्वाल शामिल रहीं। सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी प्रो. योगेश कौंडल ने धन्यवाद ज्ञापन किया और लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

### विधायक आशीष ने साहिबजादों को किया याद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने वीरवार को छोटे साहिबजादों जी के शहादत दिवस एवं वीर बाल दिवस के मौके पर गुरुद्वारा हमीरपुर जाकर उन्हें स्मरण एवं नमन किया और गुरु ग्रन्थ साहिब जी के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर हमीरपुर मंडल महामंत्री सुरेश सोनी, राजेश ठाकुर, नप उपाध्यक्ष संदीप भारद्वाज, शहरी इकाई अध्यक्ष मुनीश पुरी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुजानपुर कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानपुर में एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि अधीक्षक प्रवीण भारद्वाज एवं प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सेवा इकाई के स्वयंसेवियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की अधीक्षक प्रवीण भारद्वाज उपस्थिति रहीं। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सभी छात्रों को सात दिवसीय विशेष कैंप के बारे में जानकारी सांझा की और पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के बारे में सभी छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का यह सपना सपना था कि भारत का युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो सके और हमारा संपूर्ण राष्ट्र सदैव स्वच्छ एवं निरोग रहे। इस अवसर पर प्राचार्य ने एनएसएस इकाई को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। भविष्य में भी छात्रों को इसी तरह सामाजिक कल्याण कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि प्रवीण भारद्वाज ने भी एनएसएस से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी और इसकी स्थापना, वर्तमान स्थिति और भविष्य परिकल्पनाओं के बारे में छात्रों को संपूर्ण ब्योरा दिया। इस कार्यक्रम में डॉ सपना, डॉ विकास, डॉ दिव्या, डॉ सुनीता सकलानी, डॉ राजीव भंडारी, प्रो वन्दना, डॉ अरविंद, डॉ अरविंद, डॉ उमा, डॉ अरविंद पुरी, प्रोफेसर सुरेश तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शशि शर्मा , प्रो. निर्मला तथा संपूर्ण एनएसएस इकाई तथा अन्य छात्र उपस्थित रहे।

### भगवती स्कूल के छात्रों का किया सम्मान



अनंत ज्ञान, नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह काफी हर्षोल्लास से मनाया गया । जिसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कार देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विश्व मोहन कटोच पूर्व सचिव डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड रिसर्च और पूर्व डायरेक्टर जनरल, इंडियन कौंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च ने की । वह भगवती स्कूल जलाड़ी के चेयरमैन भी हैं। समारोह में अनिल कौशल उपनिदेशक उच्च शिक्षा हमीरपुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में डॉ संजीत कटोच, नरेंद्र सिंह परमार, कुलदीप सिंह परमार (उप वित्त नियंत्रक बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे ।

### साहिबजादों के बलिदान से लेनी चाहिए सीख



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समीरपुर मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में वीरवार को वीर बाल दिवस जेपी स्कूल में मनाया जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक भोरंज डॉ. अनिल धीमान उपस्थित रहे। इस दौरान अभयवीर सिंह लवली ने कहा इन सपूतों के शीश पर, वार दिए सुत चार। चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार। गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों के बलिदान दिवस वीर बाल दिवस के अवसर पर उन्हें कोटि कोटि नमन।

### तेलंगाना के प्रतिनिधियों ने साझा किए अनुभव



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत तेलंगाना के प्रतिनिधि हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर का अनुभव करने के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों की यात्रा पर हैं। यात्रा के तीसरे दिन प्रतिनिधिमंडल ने धर्मशाला का दौरा किया, जो अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। उनकी यात्रा की शुरुआत हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम से हुई। इसके बाद, समूह ने भागसू झरने का दौरा किया। इसके बाद, उन्होंने नामग्याल मठ का दौरा किया, जो तिब्बती आध्यात्मिकता और संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र है। मठ का शांत वातावरण और समृद्ध इतिहास प्रतिनिधियों पर क्षेत्रीय तिब्बती धरोहर का गहरा प्रभाव छोड़ गए।

# हमीरपुर में कांग्रेस से छिनी सरदारी

## 'नो कॉन्फिडेंस' मोशन से हटाए नगर परिषद अध्यक्ष मनोज मिन्हास

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर नगर परिषद के कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष मनोज मिन्हास को 'नो कॉन्फिडेंस' मोशन में हार का सामना करना पड़ा है। नो कॉन्फिडेंस मोशन में मनोज को चार ही मत मिले, जबकि विरोध में सात पार्षदों ने वोट दिया। जितने पार्षदों ने उनके खिलाफ 'नो कॉन्फिडेंस' का पत्र दिया था, वे सभी एकजुट रहे।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुई इस 'नो कॉन्फिडेंस' बैठक के बाद अब स्थिति नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए तैयार हो गई है। अगला अध्यक्ष कौन होगा? इसके लिए कब बैठक बुलाई जाएगी, इस पर अभी ऊहापोह वाली स्थिति है।

वहीं, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा भी टाउन हॉल पहुंचे हुए थे, लेकिन उनकी बैठक में मौजूदगी तभी बननी थी, यदि नए अध्यक्ष का चुनाव होना था। इसलिए मौजूद सदस्यों के हाउस में ही इस कार्यवाही को अंजाम दिया।

**अब कब होगी बैठक :** नो कॉन्फिडेंस मोशन के बाद खाली हुए पद पर नए अध्यक्ष का चुनाव कब होगा? इस पर अभी ऊहापोह की स्थिति खड़ी हो गई है क्योंकि एसडीएम संजीत कुमार का कहना है कि अब क्योंकि हमीरपुर नगर निगम की नोटिफिकेशन हो गई है।

सरकार को इस बाबत लिखा जाएगा, ताकि वस्तु स्थिति क्लियर हो पाए। 15 दिनों में अगला चुनाव होगा या फिर कोई और डायरेक्शन आएगी। अभी तत्काल कुछ भी कहा नहीं जा सकता।

फिलहाल कौन अध्यक्ष की शक्तियों का निर्वहन करेगा, इसकी स्थिति भी अभी क्लियर नहीं है। हाईकोर्ट को इस नो कॉन्फिडेंस मोशन बैठक की जानकारी भेजी जाएगी क्योंकि उसी की डायरेक्शन पर नो कॉन्फिडेंस मोशन की बैठक हुई है। (अनंत ज्ञान)



विधायक आशीष शर्मा के साथ विजयी चिन्ह दिखाते भाजपा समर्थित पार्षद।

### क्या बोले विधायक आशीष शर्मा

बाद में मीडिया से रू-ब-रू हुए आशीष ने कहा कि कांग्रेस सरकार की वजह से ही इस नो कॉन्फिडेंस मोशन के लिए इतना लंबा वक्त लगा। हाईकोर्ट ने यदि जिला प्रशासन को बैठक करने के लिए नहीं बोला होता तो अभी भी और वक्त लग सकता था। सरकार की वजह से ही यह चुनाव कई महीनों तक लटका रहा। वह सरकार की कारगुजारी पर जमकर बरसे और कहा कि मनोज को भाजपा ने ही बनाया था, लेकिन वे मौकापरस्ती की वजह से कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा के सभी पार्षद एकजुट हैं और अब अगले अध्यक्ष कौन होंगे, इसका फैसला भी पार्टी ही करेगी।

### 7 के मुकाबले 4 वोट ही मिले

**एसडीएम** संजीत कुमार की मौजूदगी में हुई इस बैठक के बाद वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई और 11 में से 7 पार्षदों ने मिन्हास के खिलाफ वोटिंग की। उन्हें केवल चार ही मत मिले। प्रशासन ने पुलिस दलबल भी बुलाया हुआ था, ताकि कोई ऐसी घटना इस बैठक को लेकर न हो।

### इस्तीफा नहीं हुआ मंजूर

**जैसे** ही नो कॉन्फिडेंस मोशन की बैठक शुरू हुई, मनोज मिन्हास ने विपरीत परिस्थितियों को भांपकर अपना इस्तीफा सौंप दिया, लेकिन हाउस में उनके इस स्थिति पर को इसलिए नामंजूर कर दिया क्योंकि इसे पहले भी दिया जा सकता था। सदस्यों ने कहा कि वोटिंग करवाई जाए ताकि सारी स्थिति सामने आ जाए।

# शिक्षा में गुणात्मक सुधार के कार्य कर रही प्रदेश सरकार : सुरेश कुमार



शांति निकेतन स्कूल भरेड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में वीरवार को 19वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि भोरंज के विधायक सुरेश कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक सुरेश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन करके क्रांतिकारी बदलाव लाने का कार्य कर रही है। शिक्षा के ढांचे में परिवर्तन करने की दिशा में सरकार का प्रयास जारी है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणात्मक और प्रतियोगात्मक शिक्षा मिले, इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र में डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का गुणात्मक लाभ हर बच्चे को मिले, इसके लिए अध्यापक और अभिभावकों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में 2 वर्ष के कार्यकाल में विकास के अनेकों कार्य शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत सुविधा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब मनोरंजन किया। मुख्यतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये 11000 रुपए दिए। इससे पहले स्कूल प्रधानाचार्य दीपा शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट को पढ़कर सुनाई। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, किशोरी लाल शर्मा, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### तकनीकी विवि में 10 मई को होगी प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) की तिथि की अधिसूचना जारी की है। पिछले वर्ष की भांति इस बार भी तकनीकी विश्वविद्यालय का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 10 मई को ही आयोजित किया जाएगा। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि इस बार प्रवेश परीक्षा दो चरण में सुबह और सायं के सत्र में होगा। सुबह के सत्र में बीटेक और बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की परीक्षा नौ बजे से सवा बारह बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि सायं के सत्र में एमसीए, एमबीए और एमबीए पर्यटन की प्रवेश परीक्षा दो बजे से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। कुलसचिव ने कहा कि जल्द की प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने, उपरोक्त विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता सहित अन्य जानकारी का प्रारूप जारी किया जाएगा।

### एचआरटीसी की टिकटिंग मशीन में आई तकनीकी खराबी

# दिल्ली से हमीरपुर का यात्री से वसूला डबल किराया

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में जहां एचआरटीसी की बसों में आए दिन तकनीकी खराबी पेश आ रही है, वहीं उसका खामियाजा उसमें सफर करने वाले लोगों को झेलना पड़ रहा है। बसों में खराबी के साथ-साथ अब टिकटिंग मशीन में भी खराबी पेश आ रही है, जिसका दंश सवारियों को झेलना पड़ रहा है।

ताजा मामले में 11 दिसम्बर को डॉ. कुलदीप शर्मा हमीरपुर डिपो की बोल्वो बस में दिल्ली से हमीरपुर के लिए सफर कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की वोल्वो बस सेवा में दिल्ली से हमीरपुर का किराया 1679 रुपऐ है। डॉ. कुलदीप शर्मा ने किराए का भुगतान मोबाइल स्कैनर के माध्यम से किया, लेकिन तकनीकी दिक्कत के चलते टिकट मशीन में उनका टिकट जारी नहीं हुआ। यात्री कुलदीप शर्मा ने परिचालक को समस्या बताई, लेकिन परिचालक ने कहा कि बिना टिकट यात्रा करना संभव नहीं है। यात्री के खाते से ऑनलाइन पहले ही 1679 रुपए का भुगतान हो चुका था, लेकिन टिकट के अभाव में परिचालक ने दोबारा टिकट लेने की बात यात्री को कही।

यात्री के पास मौके पर नकदी उपलब्ध नहीं थी, इसलिए उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से दोबारा 1679 रुपए की राशि परिचालक के निजी गूगल पे खाते में ट्रांसफर की। इसके बाद ही टिकट काटा और यात्री ने दिल्ली से हमीरपुर तक सफर किया। हमीरपुर पहुंचने के बाद यात्री ने इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह तकनीकी खामी हिमाचल परिवहन निगम की ओर से यात्रियों को हो रही असुविधा को दर्शाती है। यात्री को न केवल अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा, बल्कि मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ा।

यात्री ने संबंधित विभाग से अनुरोध किया है कि उनका पहले से कट चुका किराया उन्हें शीघ्र ही वापस किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निगम को अपनी टिकट मशीन और भुगतान प्रणाली की तकनीकी खामियों को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में यात्रियों को इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े। ऐसे ही कई मामले और भी सामने आए हैं। (अनंत ज्ञान)



> इस तरह की शिकायत डॉ. कुलदीप शर्मा द्वारा की गई थी। जल्द ही निगम द्वारा उनके पैसे लुटा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि टिकटिंग मशीन में आ रही तकनीकी खराबी को भी निगम द्वारा दुरुस्त किया जाएगा।
> **राजकुमार पाठक, डीएम हमीरपुर डिपो।**

### हमीरपुर के प्रताप नगर की डॉ. नेहा पुरी बनी आर्मी में मेडिकल ऑफिसर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर के प्रताप नगर इलाके की डॉ. नेहा पुरी आर्मी में मेडिकल अफसर बन गई हैं। उन्हें मेरठ में आर्मी में कमीशन मिल गया है। उसके पिता राकेश पुरी वेलफेयर विभाग से कुछ समय पहले सेवानिवृत्त हुए थे। नेहा की दूसरी बहन ने वकालत की हुई है। नेहा के पिता राकेश पुरी ने बताया कि नेहा ने आईजीएमसी शिमला से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। उसके बाद पीजीआई रोहतक में एमडी की और अब उसे आर्मी में कमीशन मिल गया है। मेरठ के मिलिट्री हॉस्पिटल में उन्हें जगह मिली है। उसके चाचा अरविंद पुरी भी आर्मी में कर्नल हैं। सेना में कमीशन मिलने के मौके पर पिता राकेश पुरी और उनकी माता कृष्ण पुरी दोनों मेरठ पहुंचे हुए थे।

### संस्कृत भाषा का अध्ययन करने के लिए 31 दिसंबर तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में पिछले दो साल से चले रहे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के केंद्र से संस्कृत भाषा का अध्ययन के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि किसी भी आयु वर्ग के अभ्यर्थी संस्कृत भाषा के अध्ययन के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त विषय के बारे में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नोटिस देख सकते हैं।

### ई-केवाईसी और बेसिक सेफ्टी चेक करवाएं गैस उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की इंडेन गैस कंपनी द्वारा इस वर्ष अप्रैल से आरंभ किए गए बेसिक सेफ्टी चेक अभियान के तहत इंडेन गैस एजेंसियों के कर्मचारी घर-घर जाकर गैस सिलेंडर, चूल्हे, रेगुलेटर और पाइप आदि का बेसिक सेफ्टी चेक कर रहे हैं। शहीद सुरजीत सिंह गैस एजेंसी भोटा चौक हमीरपुर के प्रबंधक संजीव डढवाल ने बताया कि इस अभियान के दौरान अगर चूल्हे की पाइप पांच साल पुरानी या असुरक्षित पाई जाती है तो उसे बदल दिया जा रहा है। प्रबंधक ने बताया कि यह बेसिक सेफ्टी चेक निशुल्क है, लेकिन गैस की सुरक्षा पाइप 150 रुपए में दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जांच की पुष्टि के बाद ग्राहक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसको सिस्टम में गैस एजेंसी की ओर से अपडेट किया जाएगा। संजीव डढवाल ने कहा कि एजेंसी के जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है और चूल्हे एवं पाइप आदि का बेसिक सेफ्टी चेक नहीं करवाया है, वे इंडेन गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों से इसे करवा लें। ई-केवाईसी और बेसिक सेफ्टी चेक के संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### विधायक राणा ने भलेठ स्कूल के मेधावी नवाजे



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ के वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह में सुजानपुर विधायक कै. रणजीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग के एसडीओ व जेई उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने स्कूल के मेधावी नवाजे। वार्षिक परितोषिक कार्यक्रम की शुरुआत से पहले विधायक ने भलेठ स्कूल में बनने जा रहे नए 2 कमरों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज जो शिलान्यास किया गया है वह काफी वर्षों से लटका हुआ था। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान बच्चों की प्रस्तुतियों को देख विधायक ने इनाम के तौर पर 11,000 रुपए की राशि दी। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राजिंदर वर्मा, प्यार चंद, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष व वर्तमान में पार्षद मनोज ठाकुर, अरविंद पुरी, लोक निर्माण विभाग से एसडीओ व जेई सहित अन्य कांग्रेस नेता व नेत्रियां उपस्थित रही।

## अमरोह से हमीरपुर रूट पर चलने वाली बस को यात्री रोज मार रहे धक्का

**अनंत ज्ञान , भोरंज**



अमरोह से हमीरपुर बस आजकल धक्का स्टार्ट हो गई है, जिससे ग्रामीणों को रोज धक्का लगाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बस अपने गंतव्य स्थान पर भी नहीं पहुंच पा रही है और नेरी पेट्रोल पंप तक ही आ रही है और वहां भी सुबह सुबह धक्का लगाकर स्टार्ट करनी पड़ रही है, जिससे रोजाना जाने बाले यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एक दिन की समस्या हो तो ग्रामीण यात्रा का अन्य प्रबंध कर लेते हैं, लेकिन अब तो यह रोज का ही हो गया है।

ग्रामीणों में अमरोह प्रधान मीना प्रेमी, उपप्रधान योग राज, तारा चंद कौंडल, प्रभुब्रम, रवि कुमार, देश राज, भुक्कड़ प्रधान किशोर चंद, जगदेव ठाकुर, लेख राज इत्यादि ने आरएम हमीरपुर, भोरंज के विधायक और मुख्यमंत्री से मांग की है कि ठीक कंडीशन की बसें ही रूट पर भेजी जाएं ताकि लोगों को परेशानी न हो।

उधर, एचआरटीसी आरएम हमीरपुर राज कुमार पाठक से बात करनी चाही तो उन्हें फोन नहीं उठाया।

### रविवार को बाबा बालक नाथ मंदिर के लिए रवाना होगी पैदल श्रद्धालुओं की यात्रा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** व्यापार मंडल हमीरपुर द्वारा हर वर्ष बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध मंदिर में पैदल धार्मिक यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी 28 दिसंबर को यह यात्रा निकाली जा रही है। इसी उपलक्ष्य में व्यापार मंडल हमीरपुर के प्रधान सुमित ठाकुर व यात्रा के संयोजक राजेंद्र सोनी, अशोक ठाकुर, विनोद शर्मा, जुगल किशोर, सुमना देवी व नीरज भाटिया ने वीरवार को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह व पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर से मिले और यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमीरपुर से बाबा बालक नाथ मंदिर के लिए पैदल यात्रा रविवार सुबह तड़के 2 बजे रवाना होगी और सुबह 10 बजे बाबा बालक नाथ मंदिर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष लगभग 500 श्रद्धालु ने इसमें भाग लिया था और इस वर्ष लगाओ 800 श्रद्धालुओं के भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने जिला प्रशासन से इस धार्मिक कार्य में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं वापस आने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था की गई है, सभी से अपील है कि इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग ले।

### छात्राओं को बताया स्वच्छता का महत्व

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भोरंज ने 'वो दिन योजना' के तहत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. चारू शर्मा ने छात्राओं को मासिक धर्म के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के बारे में व्याप्त कई भ्रांतियों पर विश्वास न करने तथा इस दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता और खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। खंड स्वास्थ्य शिक्षक अमनदीप ने छात्राओं को एनीमिया के कारणों, लक्षणों और उपचार की जानकारी दी। आंगनबाड़ी वृत्त पर्यवेक्षक रवि ठाकुर ने पोषण और संतुलित आहार के महत्व से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता पर नारा लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रिया, भावना और अंजना क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहीं। नारा लेखन प्रतियोगिता में दीक्षा, चेतना और राखी पटियाल ने क्रमशः पहले तीन स्थान हासिल किए।

**तैयारी** हमीरपुर नगर निगम में कई पंचायतें मुकम्मल तौर पर हो गई हैं शामिल

# नगर निगम में 14 पंचायतों के ये 94 गांव हुए शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर नगर निगम में 14 ग्राम पंचायतों के 94 गांव शामिल किए गए हैं। इनमें कई पंचायतें तो मुकम्मल तौर पर शामिल हो गईं हैं, जबकि कइयों के कुछ गांव इसमें जोड़े गए हैं। हमीरपुर नगर परिषद के 11 वार्ड तो पहले से ही शामिल हैं।अब कुल मिलाकर तकरीबन 18 वार्ड बनाए जाएंगे, जो डी लिमिटेशन के बाद अस्तित्व में आएंगे।

**इन पंचायतों के क्षेत्र जोड़े गए :** नगर निगम में जिन पंचायत के किसी तरह जोड़े गए हैं। उनमें थलोट, बोहणी, बरोहा, डुगघा, बजूरी, दड़ूही, अणू, सासन, बल्ह, बस्सी-झनियारा, मतिटीहरा, भरनांग, सराहकड़, ख्याह-लोहखड़ियां शामिल हैं।

**गांवों की आबादी होगी 41752 :** शामिल 94 गांवों की कुल आबादी तकरीबन 41752 होगी। शहरी विकास के प्रधान सचिव देवेश कुमार के हवाले से जारी की गई इस अधिसूचना में कहा गया है कि अब हमीरपुर नगर निगम होगा राजपत्र (ई-गजट) में प्रकाशित होते ही नगर परिषद का नाम खत्म हो जाएगा।

**अब वार्डबंदी के लिए होगी डीलिमिटेशन :** अब हमीरपुर नगर निगम के तकरीबन 18 वार्ड बनाए जाएंगे। जिनके लिए अलग से नोटिफिकेशन जारी होगी। इसके तहत डी लिमिटेशन होगी। यानी अभी इस नगर परिषद के 11 वार्ड थे जो अब बढ़कर लगभग 18 हो जाएंगे। इसके अलावा अब नगर निगम का कुल क्षेत्रफल 40.77 स्क्वेयर किलोमीटर बनेगा।

| क्रं. | पटवार | मौजा-मुहल | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|
| 1 | धलोट | भिड़ा | धलोट |
| 2 | धलोट | छत्तर | धलोट |
| 3 | धलोट | द्रबसाई | धलोट |
| 4 | धलोट | समरयाल | धलोट |
| 5 | धलोट | साई उगयालां | धलोट |
| 6 | धलोट | साई ब्राहमणा | धलोट |
| 7 | धलोट | हलाना | धलोट |
| 8 | धलोट | धलोट | धलोट |
| 9 | धलोट | भरवान | धलोट |
| 10 | धलोट | कलर कटोंचां | धलोट |
| 11 | धलोट | कलर दतयालां | धलोट |
| 12 | धलोट | कलर परोहितां | धलोट |
| 13 | धलोट | कलर पादियां | धलोट |
| 14 | धलोट | उपमहाल हरी नगर | धलोट |
| 15 | धलोट | उपमहाल रणजीत नगर | धलोट |
| 16 | धलोट | बरोटी | धलोट |
| 17 | धलोट | गुलेला | धलोट |
| 18 | धलोट | सुनली | धलोट |
| 19 | बोहणी | बोहणी | बोहणी |
| 20 | डुग्घा | बरोहा | बरोहा |
| 21 | डुग्घा | तरोपका | बरोहा |
| 22 | डुग्घा | पंजाहली | बरोहा |
| 23 | डुग्घा | डुग्घा कलां | डुग्घा |
| 24 | डुग्घा | डुग्घा खुर्द | डुग्घा |
| 25 | डुग्घा | लाहड़ | डुग्घा |
| 26 | डुग्घा | जसौर | डुग्घा |
| 27 | सस्त्र | भटेड़ खुर्द | बजूरी |
| 28 | लोहारड़ा | झरेड़ी | बजूरी |
| 29 | लोहारड़ा | दुगनेड़ी | बजूरी |
| 30 | सस्त्र | चमारहड़ी | बजूरी |
| 31 | लोहारड़ा | निझड़ | बजूरी |
| 32 | लोहारड़ा | दुलेहड़ा 1 | बजूरी |
| 33 | लोहारड़ा | बारल | बजूरी |
| 34 | लोहारड़ा | रड़ा | बजूरी |
| 35 | लोहारड़ा | लोहारड़ा | बजूरी |
| 36 | लोहारड़ा | बजूरी खास | बजूरी |
| 37 | लोहारड़ा | पाडल | बजूरी |
| 38 | लोहारड़ा | घिरथेड़ी | बजूरी |
| 39 | सस्त्र | खाला | दड़ूही |
| 40 | सस्त्र | गोपाल नगर | दड़ूही |
| 41 | सस्त्र | विकास नगर | दड़ूही |
| 42 | सस्त्र | दड़ूही | दड़ूही |
| 43 | सस्त्र | सस्त्र | दड़ूही |
| 44 | सस्त्र | मटाहणीं | दड़ूही |
| 45 | सस्त्र | डीपीएफ मटाहनी | दड़ूही |
| 46 | सस्त्र | बरनवाड़ | दड़ूही |
| 47 | गांधी नगर | अणू कलां | अणू |
| 48 | शिव नगर | घनाल खुर्द | अणू |
| 49 | शिव नगर | घनाल खुर्द | अणू |
| 50 | गांधी नगर | अणू खुर्द | अणू |
| 51 | सासन | सासन | सासन |
| 52 | सासन | घरथेड़ी ब्राहमणा | सासन |
| 53 | सासन | घरथेड़ी भलवालां | सासन |
| 54 | सासन | बहल भलवालां | सासन |
| 55 | सासन | बहल ढडबालां | सासन |
| 56 | मौहीं | मौहीं | बल्ह |
| 57 | मौहीं | बल्ह | बल्ह |
| 58 | मौहीं | मनयाणा | बल्ह |
| 59 | मौहीं | भटेड़ छिवियां | बल्ह |
| 60 | झनियारा | अधवानी बस्सी | झनियारा |
| 61 | झनियारा | नडियाना सड़ियाना बस्सी | झनियारा |
| 62 | झनियारा | नडियाना रांगड़ीं बस्सी | झनियारा |
| 63 | झनियारा | चनवाल बस्सी | झनियारा |
| 64 | डिब्ब | बस्सी | झनियारा |
| 65 | डिब्ब | लकुई बस्सी | झनियारा |
| 66 | डिब्ब | कोहलड़ी बस्सी | झनियारा |
| 67 | डिब्ब | बस्सी बस्सी | झनियारा |
| 68 | डिब्ब | डिब्ब बस्सी | झनियारा |
| 69 | डिब्ब | दुगनेहड़ा बस्सी | झनियारा |
| 70 | डिब्ब | घरड़ाट बस्सी | झनियारा |
| 71 | डिब्ब | रियालड़ी बस्सी | झनियारा |
| 72 | डिब्ब | मौहन बस्सी | झनियारा |
| 73 | झनियारा | छल बुहला बस्सी | झनियारा |
| 74 | डिब्ब | रकर्ड़ाल बस्सी | झनियारा |
| 75 | झनियारा | छल उपरला बस्सी | झनियारा |
| 76 | मति टीहरा | चैकी मति | टीहरा |
| 77 | मति टीहरा | डोडरु मति | टीहरा |
| 78 | कुठेड़ा | बाहल मति | टीहरा |
| 79 | मति टीहरा | कस्ट मति | टीहरा |
| 80 | मति टीहरा | सियूणी मति | टीहरा |
| 81 | मति टीहरा | घरयाणां मसन्दा मति | टीहरा |
| 82 | मति टीहरा | घरयाणां जसवालां मति | टीहरा |
| 83 | मति टीहरा | घरयाणां ब्राहमणा मति | टीहरा |
| 84 | मति टीहरा | ककरु मति | टीहरा |
| 85 | मति टीहरा | खसग्रां मति | टीहरा |
| 86 | मति टीहरा | बासी मति | टीहरा |
| 87 | सराकड़ | भरनाग | भरनाग |
| 88 | सराकड़ | सलोट | भरनांग |
| 89 | सराकड़ | ब्रहमणी | भरनांग |
| 90 | सराकड़ | धार सवारी | भरनांग |
| 91 | सराकड़ | सराकड़ | सराकड़ |
| 92 | लोहारी | रोपडी ख्याह | लोहाखरयां |
| 93 | सराकड़ | बलौंगनी | भरनांग |
| 94 | सराकड़ | खरोह | भरनांग |

> इसके बाद जो डीलिमिटेशन होगी, उसकी अधिसूचना अलग से जारी होगी। उसी के बाद यह सारी प्रक्रिया वार्डबंदी के लिए शुरू हो जाएगी।
> **-अजमेर ठाकुर, ईओ नप हमीरपुर।**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से आज राजभवन में नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान और उपमहापौर उमा कौशल ने शिष्टाचार भेंट की।

## न्यूज ब्रीफ

### पीरन में लाइनमैन व टीमेट तैनात करने की मांग

**जुन्गा (शिमला)।** मशोबरा ब्लॉक की पीरन पंचायत के लोगों ने पीरन में बिजली बोर्ड के लाइनमैन अथवा टीमेट को तैनात करने की सरकार से बार-बार मांग की जा रही है । बीती रात मात्र एक फ्यूज के उड़ने से पीरन में 18 घंटे बिजली गुल रही और लोगों को अंधेरे व कड़कती ठंड में रात गुजारनी पड़ी। पंचायत के पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, दौलत राम मेहता, रामगोपाल मेहता आदि का कहना है कि इस पंचायत में सामान्य विद्युत आपूर्ति न होने से लोगों को विशेषकर पढ़ने वाले बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, बीमार लोगों को बहुत परेशानी हो जाती है। दयाराम वर्मा का कहना है कि इस पंचायत में बीते एक सप्ताह से अघोषित कट लग रहे हैं जिससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। सर्दियों में कोटी नीन में बर्फ गिरने से कई दिनों तक ब्लैक ऑउट रहता था। एक्सियन विद्युत बोर्ड शिमला प्रताप सिंह चंदोली ने बताया कि पीरन में तकनीकी कर्मचारी को तैनात करने बारे विचार किया जा रहा है यदि संभव हुआ तो शीघ्र ही स्थानीय स्तर पर तैनात किया जाएगा ।

### स्टेपिंग स्टोन स्कूल में मनाया वार्षिक महोत्सव

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई के गुम्मा स्थित स्टेपिंग स्टोन स्कूल में वीरवार को वार्षिक महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा के प्रधानाचार्य सोमेश मेहता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आकाश सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात स्कूल के प्रबंधक निर्देशक उमेश चौहान ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बच्चों की सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए जिसमें बच्चों द्वारा प्रस्तुत पहाड़ी नाटी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान मनोज मानटा और गुम्मा वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सोहन लाल चौहान, कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्या कमला चौहान ने स्कूल में कार्यक्रम का हिस्सा बने सभी लोगों का स्कूल प्रबंधन की ओर से धन्यवाद किया।



### तीन दिन बाद भी चौपाल में पटरी पर नहीं लौटा जीवन

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** बर्फबारी के तीन दिन बीत जाने के बाद भी चौपाल उपमंडल में जनजीवन अस्त व्यस्त है। लोक निर्माण विभाग अभी तक सड़के खोलने में नाकाम रहा है। विभा द्वारा चौपाल-शिमला मार्ग को तो खो दिया गया है,परंतु ग्रामीण क्षेत्रों की कई सड़कें अभी भी बंद है। चौपाल उपमंडल में माटल, झीना, थुंदल, लिंग्जार सहित दो दर्जन मार्गों पर यातायात बहाल नहीं हुआ है। सड़कें बंद होने के कारण लोगो को बहुत कठिनाई हो रही है। चौपाल से शिमला तीन बसे गई और शिमला से मात्र चार बसें चौपाल आई। उधर, एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने कहा कि विभाग बर्फबारी से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है और संपर्क मार्गों को खोलने का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बर्फबारी के मौसम में अनावश्यक यात्रा से परहेज करें एवं बहुत ही जरूरी होने की स्थिति में फिसलन भरे रास्तों पर वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं ।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया वीर बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** भाजपा मंडल कोटखाई नावर द्वारा आज मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा की अध्यक्षता में होटल स्तान स्प्रिंगडल (गुम्मा ) में वीर बाल दिवस के निमित्त कार्यकर्ताओं ने एकत्रित हो कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और वीर साहिबजादों कि सहादत को याद किया। राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए वीर साहिबजादो का पावन बलिदान समस्त देशवासियों को युगों युगों तक प्रेरित करता रहेगा। वीर साहिबज़ादों को शत शत नमन।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल जबेईक, मोहिंद्र चौहान, देवेंद्र श्याम, सत्य प्रकाश, स्थानीय पंचायत प्रधान राजेंद्र चौहान, राजेंद्र शर्मा आदि सम्मिलित हुए।



### जीएसटी नॉर्थ जोन इलेवन बना विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जीएसटी नॉर्थ ज़ोन इलेवन कांगड़ा ने आईसीएआई हिमाचल प्रदेश ब्रांच द्वारा आयोजित टैक्सेशन और फाइनेंस प्रीमियर लीग 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल 25 दिसंबर 2024 को अमतर क्रिकेट ग्राउंड नादौन, जिला हमीरपुर में आयोजित हुआ, जिसमें जीएसटी नॉर्थ ज़ोन इलेवन का मुकाबला सीए इलेवन से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए, जीएसटी नॉर्थ ज़ोन इलेवन ने 20 ओवरों में 158/7 का स्कोर खड़ा किया। नीरज कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 53 गेंदों पर 74 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल थे। सीए इलेवन की ओर से सुशांत कपिल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए, जबकि मुनिश गुप्ता ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में, सीए इलेवन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जमकर संघर्ष किया लेकिन 20 ओवरों में 144/6 रन ही बना सकी। मुख्यातिथि, प्रदीप शर्मा, संयुक्त आयुक्त, राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क, शिमला ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।



### परलोग में संडे क्रिकेट कप 29 दिसंबर से

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** जवाहर स्टेडियम परलोग में संडे कप 40 प्लस का आयोजन 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। डीपीआरएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस क्रिकेक प्रतियोगिता में क्षेत्र के 40 की उम्र पार कर चुके खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। डीपीआरएस फाउंडेशन के एमडी डॉ. सतीश मेहता ने यह जानकारी दी।

### भाजपा ने कुपवी में मनाया वीर बाल दिवस

**अनंत ज्ञान-चौपाल/नेरवा।** उपमंडल मुख्यालय कुपवी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 'वीर बाल दिवस' मनाया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता शशिदत्त शर्मा तथा कुपवी मंडल अध्यक्ष श्याम धीरटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शशिदत शर्मा ने कहा कि यह दिन सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चार वीर पुत्रों के अद्वितीय बलिदान और साहस के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है।

### छोटा शिमला में वीर बाल दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** वीर बाल दिवस के पवन दिवस पर भाजपा संजौली मंडल का कार्यक्रम छोटा शिमला गुरुद्वारा में किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता संजय ठाकुर उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर मौजूद थे। इसी प्रकार संजौली मंडल के कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रत्याशी संजय सूद एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद उपस्थित रहे। शिमला ग्रामीण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय ठाकुर ने कहा साहिबजादों के अडिग साहस और धर्म-निष्ठा से क्रोधित होकर वजीर खां ने 26 दिसंबर, 1705 को दोनों मासूम साहिबजादों को जिंदा दीवार में चुनवाने का आदेश दे दिया, साहिबजादों के इस बलिदान की सूचना जब माता गुजरी जी को ठंडे बुर्ज में मिली, तो उन्होंने भी ईश्वर का ध्यान करते हुए अपने प्राण त्याग दिए। यह मानव इतिहास की सबसे निर्मम घटनाओं में से एक मानी जाती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजीव चौहान पिंकू, विषय शर्मा, विभूति ढडवाल, शांता कुमार, संजीव ठाकुर, चीनू, किमी सूद, सुशील चौहान, हनीश चोपड़ा एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हिमाचल में तीन गुना बढ़ा दुग्ध उत्पादकों का मासिक भुगतान

## भुगतान 8.70 करोड़ से बढ़कर 25.62 करोड़ रुपए हुआः सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों के हिमाचल में दुग्ध उत्पादकों का मासिक भुगतान तीन गुना बढ़ गया है। दूध की खरीद मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि के परिणामस्वरूप सरकार द्वारा की जा रही दूध की खरीद में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मिल्कफेड अब प्रतिदिन दो लाख लीटर दूध की खरीद कर रहा है और दूध उत्पादकों के मासिक भुगतान को 8.70 करोड़ से बढ़ाकर 25.62 करोड़ रुपए कर दिया गया है, जिससे दूध उत्पादकों को प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने दूध आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर की खरीद रही है। हिमाचल की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। प्रदेश सरकार गांवों के लोगों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पैसा सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है, ताकि वह आर्थिक रूप से मजबूत हों। सरकार भविष्य में भी इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेती रहेगी।



उन्होंने कहा कि दूध की खरीद में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से मिल्कफेड के माध्यम से राज्य भर में 455 स्वचालित दूध संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए हैं। मिल्कफेड द्वारा राज्य के दुर्गम क्षेत्रों से किसानों के घर-द्वार से सीधे दूध एकत्रित कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इसके अतिरिक्त मिल्कफेड किसानों को 5 लीटर क्षमता वाले डिब्बे भी उपलब्ध करवा रहा है। प्रदेश सरकार के किसानों की आय में बढ़ौतरी करने के उद्देश्य से मिल्कफेड द्वारा 11 जिलों में डेयरी विकास कार्यक्रम भी क्रियान्वित किए जा रहे हैं, जिसके तहत 1148 ग्रामीण डेयरी सहकारी समितियां बनाई गई हैं तथा इसके अंतर्गत 47,905 सदस्यों को पंजीकृत किया गया है। इन पहलों का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के लोगों को आजीविका के साधन उपलब्ध करवाना और राज्य की डेयरी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वित्त वर्ष से 500 करोड़ रुपए की हिम गंगा योजना भी शुरू की है। राज्य सरकार ने शिमला जिला के दत्तनगर में 25 करोड़ रुपए की लागत से 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता का नया दूध प्रसंस्करण संयंत्र भी स्थापित किया है। इसके साथ वर्तमान राज्य सरकार कांगड़ा जिले के ढगवार में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाला एक नया प्रसंस्करण संयंत्र भी स्थापित किया जा रहा है।

# बर्फबारी के बीच टारिंग का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

बर्फबारी के बीच टारिंग और चौपाल बाजार की टारिंग एक महीने के अंदर ही उखड़ जाने से लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है।

बता दें कि चौपाल बाजार में विभाग द्वारा करीब एक महीना पूर्व टारिंग की गई थी। एक महीने के अंदर ही टारिंग उखड़ जाने से सड़क गड्ढों में तबदील हो गई है। सड़क में अब गड्ढे ही गड्ढे पड़ चुके है, जिसे देखकर न केवल हर कोई हैरत में है, बल्कि इस मामले ने लोक निर्माण विभाग की कार्य प्रणाली की भी पोल खोल कर रख दी है। सड़क के निर्माण कार्य को किए अभी एक महीने का समय नहीं बीता है कि इसकी टारिंग ही गायब हो गई है।

**चौपाल बाजार में एक महीने में ही उखड़ गई टारिंग,विभाग पर लगे सवालिया निशान**

टारिंग उखड़ने से इस सड़क के वही हाल हो गए जो दो माह पूर्व थे। इससे जहां लोक निर्माण की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगे हैं, वहीं उक्त ठेकेदार द्वारा किए कार्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगा है। आखिर क्यों यह सड़क उखड़ गई इसमें मटिरियल की कमी थी या सड़क में बिछाया गया तारकोल कम डाला गया। गौर रहे कि टारिंग की थिकनेस काफी मोटी है, इसके बावजूद टारिंग का उखड़ना कई सवाल खड़े कर रहा है । इसके अलावा एक अन्य मामला सामने आने से भी विभाग की खूब किरकिरी हो रही है। दो दिन पूर्व हुई बर्फबारी के बीच भी सरांह-पुलबाहल सडक पर भी टारिंग का कार्य चल रहा है। इस मामले की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है की बर्फबारी के बीच की गई टारिंग भी उखड़ना शुरू हो गई है।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता दीपक पनाइक ने सरकार और विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाया है । उन्होंने कहा कि मात्र चौपाल उपमंडल में दिसंबर माह में टारिंग का कार्य चल रहा है और और सिर्फ ठेकेदार को फायदा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क खराब होने के कारण भविष्य में किसानों और बागवानों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने सरकार से मामले में जांच की मांग की है और दोषी अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

**क्या कहते हैं सहायक अभियंता**

**उधर,** लोक निर्माण उपमंडल चौपाल का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे सहायक अभियंता बाबू राम शर्मा ने कहा कि बर्फ के बीच टारिंग का कार्य करने का मामला मेरे ध्यान में नहीं है, हमारा टारिंग का कार्य 15 दिन पूर्व बंद हो चुका है, फिर भी मामले की जांच की जाएगी तथा यदि कोई दोची पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## तेलंगाना से आए विद्यार्थियों ने राज्यपाल के साथ किया संवाद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर और तेलंगाना राज्य के विद्यार्थियों ने युवा संगम चरण-5 के तहत राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ बातचीत की। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राज्यपाल के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सांस्कृतिक जुड़ाव और संस्कृति के संवर्धन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इससे युवाओं में एकता की भावना और मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत की पहचान विश्व गुरु के रूप में स्थापित है और विदेशी यात्रियों ने ज्ञान खोज में भारत की यात्रा की। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतप्रकाश बंसल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व युवा संगम चरण-5 कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. परम सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानित किया।



# देवभूमि संघर्ष समिति का आरोप संजौली मस्जिद पूरी तरह अवैध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में संजौली मस्जिद मामले को फिर सवाल उठने शुरू हो गए है। देवभूमि संघर्ष समिति ने दावा किया है कि संजौली की मस्जिद पूरी की पूरी अवैध है और सरकारी जमीन पर बनी है। देवभूमि संघर्ष समिति की ओर से इस मामले में स्थानीय पक्ष के वकील जगतपाल ने रेवेन्यू रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ होने की संभावना जताई है।

उन्होंने कहा कि अब तक के रेवेन्यू रिकॉर्ड और जमाबंदी में जमीन का मालिकाना हक हिमाचल सरकार के पास है। ऐसे में वक्फ बोर्ड की ओर से रेवेन्यू रिकॉर्ड पेश करने के लिए समय मांगा जाना शक पैदा करता है। साथ ही जगतपाल ने नगर निगम आयुक्त की अदालत पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवज्ञा का आरोप लगाया है। मामले पर जल्द निर्णय न होने को लेकर अधिवक्ता जगतपाल ने मामले पर हाई कोर्ट जाने की भी बात कही है। वहीं, देवभूमि संघर्ष समिति के प्रांत सचिव विजेंद्रपाल सिंह ने कहा कि संजौली मस्जिद लेकर देवभूमि का आंदोलन हिंसक नहीं था। मामले में कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अभी देवभूमि संघर्ष समिति भी न्यायालय के फैसले का इंतजार कर रही है। विजेंद्र पाल उत्तर प्रदेश उत्तराखंड जैसे विभिन्न राज्यों में सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को तुरंत हटाने के आदेश दिए जाते हैं लेकिन हिमाचल प्रदेश में दस्तावेजों से यह साबित होता है कि मस्जिद अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर बनी है लिहाजा टी जल्द से जल्द अवैध निर्माण को हटाया जाए।

## सचिन व तान्या का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के एनसीसी कैडेट्स सचिन शर्मा व तान्या का चयन गणतंत्र दिवस परेड 2025 दिल्ली में भाग लेने के लिए हुआ है। यह चयन कॉलेज की एनसीसी इकाई के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो उनकी मेहनत व समर्पण को दर्शाता है। चयन प्रक्रिया में कठिन प्रशिक्षण शिविरों व चुनौतीपूर्ण मूल्यांकन सत्रों का समावेश था। जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व व शारीरिक सहनशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। सचिन शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट ड्रिल प्रदर्शन के लिए प्रशंसा अर्जित की, जबकि तान्या ने अपनी नेतृत्व क्षमता से सभी को प्रभावित किया। इन दोंनों ने सैकड़ों कैडेट्स के बीच अपने कौशल व लगन से शीर्ष स्थान हासिल किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने कैडेट्स और उनके एनसीसी अधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे कॉलेज और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। सचिन व तान्या ने जो मेहनत की है, वह सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।



## शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल की धूम

# 'मेरा हिमाचल बड़ा बांका' पर खूब झूमे दर्शक





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में विंटर कार्निवाल में विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान पहाड़ी नाटियों में पर्यटक सहित स्थानीय लोग झूम उठे। वहीं, सिरमौर से आए कलाकारों ने 'मेरा हिमाचल बढ़ा बांका' और 'मोले मिलाएं करें मोलाई' पहाड़ी हारूल में जबरदस्त प्रस्तुति दी। कांगड़ा के कलाकारों ने अम्मा मेरीए और जिला शिमला के कलाकारों ने हारूल में रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान नगर निगम मेयर सुरेंद्र चौहान ने भी नाटी डाली।

वहीं, रिज मैदान पर इसके अलावा भी कलाकारों द्वारा तहलका मचाया। शिमला में विंटर कार्निवल के लिए भारी मात्रा में पर्यटक घूमने आए है, जो कि विंटर कार्निवाल देखने का आनंद उठा रहे है। शाम 10 बजे तक रिज मैदान पर कार्यक्रम चल रहा है। इसने अभी पंजाबी गायक

### सिरमौर, कांगड़ा और जिला शिमला के कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

सतिंद्र सरताज, कुलदीप शर्मा, राजीव शर्मा समेत 20 से ज्यादा मशहूर गायक प्रस्तुति देंगे। पुलिस, होमगार्ड और सेना के बैंड भी कार्निवल में प्रस्तुतियां देते नजर आएंगे। इसके अलावा मिस कार्निवाल, वॉयस ऑफ शिमला, प्रिंस और प्रिंसेस जूनियर, स्ट्रांगेस्ट यूथ ऑफ शिमला, साइकिलिंग, क्राफ्ट मेला, लिट-फेस्ट जैसे कार्यक्रम भी विंटर कार्निवल का मुख्य आकर्षण रहने वाले हैं।

बता दें कि शिमला में टूरिज्म को बढ़ावा और न्यू ईयर पर शिमला आने वाले टूरिस्टों के मनोरंजन के मकसद से नगर निगम शिमला ने बीते साल से विंटर कार्निवाल की शुरुआत की है। दूसरी बार इसका आयोजन हो रहा है। विंटर कार्निवाल से एक दिन पहले शिमला में बर्फबारी से आयोजन में जरूर बाधा आई थी, लेकिन अब मौसम साफ रहने के चलते लोग जमकर मस्ती कर रहे है। शिमला हुई बर्फबारी प्रदेश वासियों सहित पर्यटकों के लिए सौगात से कम नहीं है। इससे टूरिस्ट की भीड़ और ज्यादा उमड़ने लगी है। बर्फ देखने की चाह में पर्यटक कुफरी की ओर रुख कर रहे है। शिमला में अब रोजाना पर्यटकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यहां पर कारोबारियों के कारोबार को भी पंख लगे है। पर्यटक रिज मैदान पर लगे स्टॉल में जमकर खरीददारी कर रहे है। स्टाल में तरह तरह के खाद्य पदार्थ लगे है। जिसमें लोग आनंद उठा रहे है। राजधानी शिमला में विंटर कार्निवाल के चलते लंबा ट्रेफिक जाम लग गया। सैकड़ों की तादात में पर्यटकों ने शिमला का रुख किया है। पूरे दिनभर गाड़िया आराम आराम से सरकती रही। इस दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# शिक्षा मंत्री ने चंद्रपुर स्कूल के भवन की रखी आधारशिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिक्षा मङ्त्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल क्षेत्र के सरस्वती नगर पंचायत के अंतर्गत चंद्रपुर गांव में थे, जहां पर उन्होंने 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंद्रपुर के भवन की आधारशिला रखी। रोहित ठाकुर ने इस अवसर पर स्थानीय लोगों को बधाई देते हुए बताया कि जुब्बल नावर कोटखाई में पिछले दो वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हुए हैं और पूरे विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपयों की लागत से विभिन्न विद्यालय के भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

इसी शृंखला में आज इस विद्यालय के भवन निर्माण की आधारशिला रखी गयी है। उन्होंने स्थानीय जनता को यह विश्वास भी दिलाया कि तय समय सीमा में यह निर्माण कार्य पूरा होगा, जिससे कि विद्यार्थियों की शिक्षा में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश में गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे कि प्रदेश के हर बच्चे को घर द्वार पर विश्व स्तरीय शिक्षा का लाभ मिल सके और वह समय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सके।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए रोहित ठाकुर ने बताया कि जहां एक समय हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत में अग्रणी 5 राज्यों में शुमार हुआ करता था, वहीं पिछली भाजपा सरकार में हिमाचल 21वें स्थान पर पहुँच गया है, जो भाजपा की शिक्षा के प्रति असंवेदनशीलता और नकारात्मक दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा को एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय समझती है और शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि शुराचली क्षेत्र से उनका एक गहरा और भावनात्मक संबंध है, जिसकी नींव पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल ठाकुर रामलाल द्वारा रखी गई थी। क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि गंभीर वित्तीय और राजनीतिक संकट के बावजूद प्रदेश सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष मोतीलाल सिथता, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जुब्बल नावर कोटखाई दीपक कालटा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जुब्बल विक्रांत सिथता, प्रधान सरस्वती नगर दीपना राजटा आदि उपस्थित रहे।

## वर्ष 1705 की ऐतिहासिक घटना से जुड़ा वीर बाल दिवस : बिहारी लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा शिमला ग्रामीण सुन्नी मंडल द्वारा वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने भाग लिया, उनके साथ मंडल अध्यक्ष शिवानी एवं सह कार्यालय सचिव किरण बावा उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहारी लाल शर्मा ने कहा इस दिन का उद्देश्य है, समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को यह संदेश देना कि वीरता, शौर्य, सच्चा साहस, आयु और परिस्थिति का मोहताज नहीं होता। वीर बाल दिवस मनाने का संदर्भ वर्ष 1705 की उस ऐतिहासिक घटना से जुड़ा है, जब मुगलों ने गुरु गोबिंद सिंह जी से बदला लेने के लिए सरसा नदी पर हमला किया था। इस हमले में गुरु गोबिंद सिंह जी का परिवार बिछड़ गया था। छोटे साहिबजादे साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह अपनी माता गुजरी जी के साथ रसोइए गंगू के घर मोरिंडा पहुंचे। लेकिन, लालच से अंधा हो चुका गंगू, माता गुजरी के पास रखे धन को देखकर उनका विश्वास तोड़ बैठा और उसने सरहिंद के नवाब वजीर खां के सिपाहियों के सामने माता गुजरी जी और दोनों साहिबजादों को पकड़वा दिया। मुगल शासक वजीर खां ने माता गुजरी जी और साहिबज़ादों को सरहिंद के किले में ठंडे बुर्ज में कैद कर दिया।



**ऊहापोह** भारत से उम्मीद, अमेरिका के नए अधिनियम पर भी हैं नजरें

# क्या खत्म होगी परंपरा या चुना जाएगा नया दलाईलामा?

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

अगला दलाईलामा कौन होगा? 14वें दलाईलामा की परंपरा को आगे कौन बढ़ाएगा? इसके लिए तिब्बतियों को भारत सरकार तथा अमेरिका द्वारा तिब्बत के हक में बनाए गए अधिनियम से भी उम्मीद है। चीन ने एक चीनी सुरक्षा अधिकारी के बेटे को पंचेन लामा के पद पर मान्यता दे दी है।

तिब्बती अधिकारियों का मानना है कि चीन इस दिशा में साजिश रच रहा है। पूर्व में खुद दलाईलामा पहले ही कई मौकों पर साफ रूप से कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन का किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं होगा और वह इस मसले पर अमेरिका सहित अधिकतर पश्चिमी देशों का समर्थन भी ले चुके हें। वह तिब्बत से भी अपना उत्तराधिकारी नहीं चाहते हैं।



निर्वासित तिब्बती सरकार के अधिकतर लोगों से बात कर अंदाजा लगा कि वे सभी दलाईलामा का उत्तराधिकारी भारत के अंदर या किसी दूसरे देशों में ही तलाश करते हैं।

तिब्बती समुदाय के लाखों लोगों के बीच हाल के समय में सबसे बड़ी उत्सुकता इसी बात को लेकर है। यह चर्चा और उत्सुकता इसलिए तेज हो रही है कि अगले साल दलाईलामा 90 साल के हो जाएंगे। इस समुदाय के बीच 90वां जन्मदिन बहुत खास रहने वाला है। तिब्ब्ती समुदाय में दलाईलामा को चुनने की प्रक्रिया में पंचेन लामा अहम भूमिका निभाते हैं। पंचेन लामा की नियुक्ति दलाईलामा करते हैं। परंपरा के अनुसार, दलाईलामा के कहने पर पंचेन लामा उनके उत्तराधिकारी की तलाश पूरी करते हैं, लेकिन, तिब्बत के निर्वासित सरकार का आरोप है कि 1995 में मात्र 6 साल की उम्र में बने 10वें पंचेन लामा का चीन ने अपहरण कर लिया। अब आशंका है जब दलाईलामा के उत्तराधिकारी की तलाश शुरू होगी तो चीन अपना पंचेन लामा सामने लाएगा, जिसकी बदौलत अपने हिसाब से दलाईलामा के उत्तराधिकारी चुनने और इन पर थोपने की कोशिश कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### तिब्बती उत्सव मनाने की तैयारी में

**बौद्ध** धर्मगुरु दलाईलामा 25 जुलाई 2025 को 90 साल के हो जाएंगे। इसके लिए विश्व भर उन में दलाईलाम के चाहने वाले व तिब्बती समुदाय बड़े पैमाने पर उत्सव मनाने की तैयारी में अभी से जुट गया है। इस उत्सव का केंद्र धर्मशाला का निवास स्थान मैक्लोडगंज होगा। यहां पर उनके निर्वासित तिब्बत सरकार, तिब्बत संसद तथा तिब्बत सरकार के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी रहते हैं। माना जा रहा है कि इसी उत्सव के बीच अगले साल 6 जुलाई को दलाईलामा अपने उत्तराधिकारी पर उठी चर्चाओं पर विराम दे सकते हैं। उनका अगला कदम तिब्बती संघर्ष और उनके भविष्य की रणनीति पर गहरा असर डालेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के दो प्रशिक्षु पैरामिलिट्री फोर्स में भर्ती



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां द्वारा संचालित पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना में वीरवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर पैरामिलिट्री फोर्स में भर्ती हुए प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान कोचिंग सेंटर के निदेशक पवन डोगरा ने बताया कि दो प्रशिक्षुओं में धीरा की स्वीटी राणा का चयन बीएसएफ तथा चंबा के सचिन शर्मा का चयन सीआरपीएफ में हुआ है। उन्होंने कहा कि इस समय कोचिंग सेंटर में आगामी विभिन्न सेना भर्तियों के लिए विशेष बैच में आर्मी, एसएससीजीडी ,पुलिस भर्ती, एयरफोर्स तथा नेवी भर्ती की लिखित और शारीरिक परीक्षा की तैयारी चल रही है। इस अवसर पर सेंटर के मुख्य संरक्षक कर्नल रमेश वालिया, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन कर्म सिंह धीमान, कैप्टन केवी गोस्वामी, कैप्टन मदन कटोच तथा समस्त स्टाफ ने भर्ती हुए प्रशिक्षुओं को बधाई दी।

### लख पीर बाबा कंडवाल में लगाया अटूट लंगर



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** कंडवाल में ज्योति होटल और रेस्टोरेंट द्वारा हर वर्ष की तरह लख पीर बाबा कंडवाल में वीरवार को अटूट लंगर का आयोजन किया गय। इसमें स्थानीय विधायक रणवीर सिंह निक्का, उसके भाई व समाजसेवक युद्ध वीर सिंह ज्योति ने बताया कि वह अपने स्वर्गीय पिता मांगो राम की मधुर स्मृति में कई सालों से यह अटूट लंगर का आयोजन कर रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय प्रधान कुमार नरेंद्र तथा विधायक के परिवारजन मौके पर उपस्थित रहे तथा सभी ने समस्त लोगों की स्वास्थ्य तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।

### भाजपा ने रक्कड़ में मनाया वीर बाल दिवस



**अनंत ज्ञान, गरली ।** जसवां-परागपुर भाजपा मंडल द्वारा रक्कड़ में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला भाजपा प्रवक्ता नितिन ठाकुर व जिला प्रवक्ता विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अधिवक्ता भाजपा जिला प्रवक्ता नितिन ठाकुर ने साहिबजादों के बलिदान बारे बताते हुए कहा कि किस तरह अपने धर्म की खातिर गुरु जी के दोनों बच्चों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए, लेकिन मुगलों के आगे घुटने नहीं टेके।

### मधुमक्खी पालन, मशरूम की खेती की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में एग्रीकल्चर एंड हार्टिकल्चर डिपार्टमेंट बैजनाथ के माध्यम से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया। व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों में हार्टिकल्चर तथा एग्रीकल्चर डायवरफिकेशन से मिलने वाले रोजगार के साधनों को बताना रहा। इस व्याख्यान में सब्जेक्ट एक्सपर्ट, डॉ. सरिता शर्मा तथा फॉर्मर फ्लोरिकल्चरिस्ट एंड आर्कीडिस्ट मीरा ठाकुर ने फ्लोरीकल्चर पर कई विशेष जानकारियां साझा कीं। उन्होंने फूलों तथा फलों को उगाने, देखरेख तथा उनकी बीमारियों की रोकथाम की विधियां बताईं। सरकार के द्वारा दिए जाने वाले सब्सिडी के बारे में उन्होंने बताया कि यह योजना युवाओं को रोजगार के प्रभावी अवसर प्रदान करती है। डॉ सरिता ने सरकार द्वारा दिए जाने वाली सब्सिडी के लिए अप्लाई करने के पात्र कैसे बने और ट्रेनिंग के अवसरों के बारे में भी बताया। उन्होंने मधुमक्खी पालन, मशरूम की खेती, पॉली हाउस आदि के बारे में जानकारी दी। अंत में विद्यार्थियों के साथ साक्षात्कर किया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्रमुख प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने की। व्याख्यान में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### केसीसी बैंक ने नौरा में लगाया जागरूकता शिविर



**अनंत ज्ञान, डरोह।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक धीरा के सौजन्य से ग्राम पंचायत नौरा में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के कर्मचारी राजेश, संजय अंगारिया व अंकित ने स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना के साथ साथ एटीएम, एसएमएस, फ्रॉड फोन कॉल आदि साइबर अपराध की विस्तृत जानकारियां उपस्थित जनता को मुहैया करवाईं। इस शिविर में ग्राम पंचायत प्रधान विकास धीमान, सचिव सुरेश कुमार सहित लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।

# युगों-युगों तक स्मरण रहेगा वीर साहिबजादों का बलिदान : भारद्वाज

## कहा, वीर बाल बलिदानियों की वीरता त्याग और धर्म में अडिग आस्था का प्रतीक

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने वीर बाल बलिदानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए इंदौरा में गुरुद्वारा साहिब जाकर मथा टेका। इस उपलक्ष्य पर इंदौरा की पूर्व विधायक रीता धीमान भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और धर्म के खातिर वीर साहिबजादों के सर्वोच्च पावन बलिदान को युगों-युगों तक स्मरण रखा जाएगा।

भारद्वाज ने कहा भारतीय इतिहास और दर्शन में छोटे साहिबजादों की शहादत का अध्याय एक ऐसा प्रेरणादायक पृष्ठ है, जो वीरता, त्याग, बलिदान की पराकाष्ठा और अडिग आस्था की कटिबद्धता और वचनबद्धता का प्रतीक है। इन बाल वीरों ने केवल वीरता का आदर्श प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि धर्म, संस्कृति और आस्था के प्रति अटल निष्ठा का अतुलनीय अमर उदाहरण भी स्थापित किया। जब विश्व में धर्मांतरण का प्रचलन चरम पर था, वहां इस महान बलिदान ने नई चेतना और जागरण का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शहादत के महत्व को केवल एक अतीत की घटना के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे भारत के सांस्कृतिक और नैतिक इतिहास का एक उज्ज्वल प्रतीक मानते हुए आने वाली पीढ़ियां उनसे वीरता, त्याग और बलिदान सीखें इसी दृष्टिकोण के साथ 26 दिसंबर, 2022 को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर की गई थी। वीर बाल दिवस ने साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की अमर शहादत एवं अतुलनीय बलिदान को राष्ट्रव्यापी सम्मान एवं स्मरण का अवसर प्रदान किया।

इस दिवस के साथ शहीदी सप्ताह की शुरुआत होती है, जो साहस, वीरता और बलिदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इस अवसर पर हम केवल साहिबजादों को याद नहीं करते, बल्कि माता गुजरी जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह के अद्वितीय साहस, त्याग और परम बलिदान को भी स्मरण करते हैं।

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में मनाया वीर बाल दिवस



**अनंत ज्ञान, जवाली**

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राकेश पठानिया को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल तथा कमेटी सदस्य ने मुख्यातिथि तथा विशेष अतिथि का स्वागत किया। इस आयोजन में पहाड़ी नाटी, होला हॉप्स तथा मेड इन इंडिया आदि कार्यक्रमों ने वहां उपस्थित मेहमानों तथा अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों 9 साल के बाबा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई 5 साल के बाबा फतेह सिंह की वीरता को समर्पित है। सरहिंद दुर्ग की दीवारों में दोनों साहिबजादों को जिंदा चिनवा दिया गया, किंतु उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा। इस आयोजन में स्कूल के बच्चों ने दसवें गुरु गोबिंद सिंह के दो साहिबजादों का एक्ट करते हुए बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# बल्लाह के राजीव के हत्यारों का अभी तक नहीं मिला कोई सुराग

**राकेश डोगरा, डरोह**

**परिजन बोले तहकीकात करने में नाकाम रही पुलिस**

राजीव कुमार हत्या मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। आपको बता दें कि 24 अक्तूबर को बल्लाह में राजीव का मृतक शरीर एक पुलिया के नीचे पाया गया था। उसके परिवारजनों का कहना है कि राजीव की हत्या की गई है। उनका कहना है कि 24 अक्तूबर की रात को जो भी दोस्त पार्टी में बैठे थे उनके ऊपर अभी तक पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। परिजनों का आरोप है कि जब राजीव की लाश मिली थी, उसी दिन एक अज्ञात वाहन वहां पर तीन-चार बार चक्कर लगा रही थी। इस बारे उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में देखा है, लेकिन पुलिस प्रशासन ने न ही अज्ञात वाहन बारे छानबीन की और न ही राजीव हत्या मामले में कोई कार्रवाई अमल में लाई है। परिजनों ने एसपी शालिनी अग्निहोत्री से अपील है कि इस केस में शीघ्र कार्रवाई की जाए। जो आरोपी खुलेआम बाहर घूम रहे हैं उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया जाए। उन्होंने कहा कि हो सके तो इस केस की कार्रवाई सीबीआई के अंडर दी जाए क्योंकि लोकल पुलिस इस केस में कोई दिलचस्पी नहीं ले रही है। उन्होंने बताया कि यह इस इलाके का दूसरा मर्डर केस है। इससे पहले भी एक महिला का मर्डर हुआ था। उसके बारे भी भवारना पुलिस ने कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई है। उन्होंने कहा कि एसपी साहिबा से अपील है कि इस केस पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जाए। इसके चलते इलाके में दहशत का माहौल है।

उधर, इस मामले के बारे में पुलिस थाना भवारना के प्रभारी केहर सिंह ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि राजीव की मौत की फॉरेंसिक रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। यही कारण है कि राजीव की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही राजीव की मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। (अनंत ज्ञान)

# जय रविदास, धन रविदास के जयघोष से गूंजा पठानकोट

## स्वामी जगत गिरि आश्रम में हरि मानव एकता संत सम्मेलन का किया आयोजन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी स्वामी जगत गिरि आश्रम में हरि मानव एकता संत सम्मेलन स्वामी जगत गिरि ट्रस्ट की ओर से संत श्रीश्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि महाराज की रहनुमाई में करवाया गया। इसमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जेएंडके, हरियाणा, दिल्ली, मध्यप्रदेश सहित विदेश से हजारों की संख्या में संगत ने अपनी हाजिरी लगाई। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कैंप में डॉक्टर रमन अनि (आर्थो) ने अपनी टीम के साथ 200 मरीजों का चेकअप किया और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। इस दिन गुरगद्दी के ब्रह्मलीन संत स्वामी जगत गिरि का निर्वाण दिवस मनाया जाता है। दूर-दूर से संत इस सम्मेलन में एकत्रित होते हैं।

श्री गुरु रविदास वर्ल्ड पीस टैंपल में सुबह अनेक संत पधारे, जिनमें संत निरंजन दास, गद्दी नशीन सच्च खंड बल्लां (जालंधर) संत कुलवंत राम प्रधान सतिगुरु रविदास संप्रदाय सोसायटी पंजाब, संत अंग्रेज दास, संत निहाल चंद, संत प्रीतम सिंह आदि मुख्य थे। इस के अतिरिक्त पंजाब के वित्त मंत्री पंजाब सरदार हरपाल सिंह चीमा, कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूवक्क, दीनानगर से हलका इंचार्ज आप शमशेर सिंह, अरुणा चौधरी विधायक दीनानगर, मलेंद्र राजन विधायक इंदौरा, जोगिंदर पाल पूर्व विधायक ने भी गुरु दर्शनों के लिए पधारे।

गुरु का अटूट लंगर लगभग 7 दिनों से चल रहा था। इस दौरान लेखिका डाक्टर सोमा अत्री द्वारा लिखी गई ठाकुर वाणी आई भाग-2 का विमोचन किया गया। लेखिका डॉक्टर सोमा अत्री ने बताया कि इसमें सतगुरु रविदास महाराज के 40 संबंधों की मौलिक एवं नवीण प्रमाणित ढंग से व्याख्या की गई है, ताकि लोगों को वाणी को संदेश और उपदेश प्राप्त होंगे। समारोह के अंत में परम पूज्य संत स्वामी गुरदीप गिरि ने आए हुए सभी संतों का अभिवादन किया और बह्मलीन संत जगत गिरि महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। (अनंत ज्ञान)

## डीएसपी मनोहर लाल ने संभाला पदभार

**बैजनाथ।** बैजनाथ के नवनियुक्त डीएसपी मनोहर लाल ने वीरवार को अपना पदभार संभाल लिया है। मंडी जिले से ताल्लुक रखने वाले मनोहर लाल



2012 बैच के एसपीएस अधिकारी है । मनोहर लाल इससे पहले फोर्थ बटालियन जंगल बेरी मे तैनात थे। नवनियुक्त डीएसपी ने कहा कि नशाखोरी पर नकेल तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह व्यापार मंडल बैजनाथ पपरोला के साथ मिलकर यातायात तथा अन्य मुद्दों को हल करने की कोशिश करेंगे।

## हर गुरु सेवक निस्वार्थ होकर निभाए अपना दायित्व



गगल, जवाली। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आदेशों अनुसार वीरवार को कांगड़ा जोन की वार्षिक मीटिंग संत निरंकारी सत्संग भवन जवाली में आयोजित की गई। इसमें कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉक्टर केसी धीमान ने दिल्ली मंडल से आए गुरु महाराज के दिशा-निर्देशों के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया के हर गुरु सेवक को अपना दायित्व निष्ठापूर्वक निस्वार्थ भाव के साथ निभाना चाहिए। क्योंकि यह काम अकेले व्यक्ति विशेष का न होकर पूरे मिशन का होता है। चूंकि इससे मिशन के करोड़ों लोगों की भावनाएं जुड़ी होती हैं, इसलिए जो भी कार्य जिस भी गुरु सेवक को मिलता है, उसे पूर्ण निष्ठा के साथ करे। इस मीटिंग में क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा व मीडिया प्रभारी शिव गुलेरिया ने भी आए हुए महात्माओं को मंडल से आए सुझावों के बारे में अवगत करवाया।

# केंद्रीय एजेंसी से करवाया जाए होली-उतराला मार्ग का निर्माण

## सांसद इंदु गोस्वामी की नितिन गडकरी से अपील

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला**



राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की और चंबा और कांगड़ा जिला को जोड़ने वाले सामरिक महत्व के होली-उतराला मार्ग का निर्माण कार्य किसी केंद्रीय एजेंसी से करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने इस पूरी सड़क परियोजना को केंद्रीय मद से बजट प्रावधान करने का अनुरोध भी किया।

उन्होंने बताया कि होली-उतराला मार्ग के निर्माण से प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा और चंबा जिला की दूरी 125 किलोमीटर से कम होकर मात्र 60 किलोमीटर रह जाएगी। यह मार्ग न केवल दो जिलों की दूरी कम करेगा, बल्कि धौलाधार पर्वतमाला के दोनों ओर यानी होली, भरमौर और कांगड़ा क्षेत्र में रहने वाले गद्दी समुदाय के हजारों लोगों को अवागमन में सुविधा प्रदान करेगा। इस मार्ग के निर्माण से जनजातीय क्षेत्र भरमौर के विकास को गति मिलेगी और दोनों जिलों की लगभग 1.5 से 2 लाख की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। वहीं, कांगड़ा और चंबा के बीच की दूरी कम होने से पर्यटकों का आवागमन भी तेज होगा और क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पर्यटन और सुविधा की दृष्टि से भी होली-उतराला मार्ग का निर्माण अत्याधिक अहम है। उधर, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग ऑथोरिटी के अधिकारियों को इस सड़क मार्ग की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

# निचली बढल में सड़क पर व्यर्थ बह रहा पानी

**पिंकी, डाडासीबा**



जहां कई गांवों में पीने के पानी की कमी है, तो वहीं निचली बढल में आरा की दुकान के साथ सड़क किनारे जलशक्ति विभाग की मेन पाइपलाइन में लीकेज की वजह से पीने का पानी व्यर्थ सड़क पर बह रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि इस सड़क से विभाग के कर्मचारी भी गुजर रहे हैं। किसी ने भी पेयजल पाइपलाइन को ठीक करने की हिम्मत नहीं दिखाई।

अफसोस की बात तो यह है कि जलशक्ति विभाग पानी की बूंद-बूंद कितनी कीमती है, इस बारे हर किसी को जागरूक करता रहता है, लेकिन यहां विभाग को पानी की कीमत नजर नहीं आ रही। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग की पाइपलाइन से पिछले 6 दिन से लीकेज हो रही है। विभाग के कर्मचारियों को कई बार इस लीकेज को ठीक करने के लिए कहा गया, परंतु उन्होंने आज तक इस लीकेज को बंद करने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने जल शक्ति विभाग से अनुरोध किया जाता है शीघ्र ही इस लीकेज पाइपलाइन को ठीक किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं विभाग के अधिकारी

**जलशक्ति** विभाग सुनहेत के सहायक अभियंता दीपक शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि उन्हें मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। कर्मचारियों को भेजकर पाइपलाइन को ठीक करवाया जाएगा।

## रैहन फीडर के तहत कल बिजली बंद

**फतेहपुर।** आगामी विद्युत उपमंडल रैहन के तहत पड़ते 11 केवी फीडर रैहन के उचित रखरखाब के चलते उक्त फीडर के तहत पड़ने वाले क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 28 दिसंबर को बाधित रहेगी। कार्यवाहक सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने बताया उक्त फीडर के उचित रखरखाब के चलते रैहन के तहत पड़ते रैहन, राजा का तालाब, गोलवां, छत्र, दीनी व आसपास के क्षेत्रों की विधुत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

## कांग्रेस के नवनिर्वाचित सदस्य सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांग्रेस नेता विजय इंद्र कर्ण ने धर्मशाला में यूथ कांग्रेस के आंतरिक चुनावों में विजयी हुए सदस्यों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक यूथ के अध्यक्ष अभिषेक आनंद, उपाध्यक्ष गोकुल कपूर, शहरी युवा अध्यक्ष अंकुर चमन, ग्रामीण युवा अध्यक्ष मनिंदर कपूर, युवा प्रदेश महासचिव अनुज कुमार और प्रदेश सचिव पुनीत धीमान और पंकज कपूर यूथ जिला उपाध्यक्ष और रुस्तम भट्ट कांगड़ा विधानसभा उपाध्यक्ष को सम्मानित किया गया।

# विद्यार्थियों ने जानी दवा बनाने की प्रक्रिया

## आर्य कॉलेज के रसायन और अर्थशास्त्र के स्टूडेंट्स ने किया औद्योगिक भ्रमण

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर के बीएससी रसायन विभाग मेजर और बीए अर्थशास्त्र मेजर के छात्रों ने राजा का बाग में लेनिट फार्मास्यूटिकल्स के औद्योगिक दौरे एवं कार्यशाला में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अनिल ठाकुर की अध्यक्षता में रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. संजय कुमार जसरोटिया, डॉ. मनोज कुमार और शिखा ने इस दौरे में छात्रों का मार्गदर्शन किया। लेनिट फार्मास्यूटिकल्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक दिनेश गुप्ता ने प्राथमिक संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य किया। पूरे दिन उद्योग के अधिकारियों सिमरजीत सिंह और अश्विनी शर्मा ने छात्रों को दवा निर्माण प्रक्रिया की गहन जानकारी प्रदान की। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक दवा उत्पादन में शामिल जटिल चरणों का अवलोकन करना शामिल था। अधिकारियों ने ब्लिस्टर पैकिंग, स्ट्रिप पैकिंग और एलु-एलु पैकिंग सहित विभिन्न पैकेजिंग विधियों का प्रदर्शन किया तथा प्रत्येक प्रक्रिया में शामिल मशीनरी का प्रदर्शन किया। इस व्यावहारिक अनुभव ने छात्रों को वितरण के लिए दवाइयों को कैसे तैयार किया जाता है, इसकी व्यावहारिक समझ प्रदान की। छात्रों ने भारतीय फार्माकोपिया, ब्रिटिश फार्माकोपिया और यूएस फार्माकोपिया में उल्लिखित नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। पूरे दिन छात्र सक्रिय रूप से जुड़े रहे, उन्होंने कई सवाल पूछे और उद्योग में गहरी रुचि दिखाई। कार्यशाला के अंत में महाविद्यालय के छात्रों और उनके साथ आए प्राध्यापकों ने लेनिट फार्मास्यूटिकल के प्रबंध निदेशक व अन्य अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति**

## केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी कांग्रेस संगठनों के चुनावों की रिपोर्ट : शांतनु चौहान

# शाहपुर को बनाएंगे मॉडल विधानसभा क्षेत्र : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांग्रेस के कांगड़ा-चंबा प्रभारी शांतनु चौहान वीरवार विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के दौरे पर पहुंचे। इस मौके पर उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह सहित अन्य कांग्रेस के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। शांतनु चैहान का शाहपुर पहुंचने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहना कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शांतनु चौहान ने ब्लॉक व जिला कार्यकारिणी नियुक्ति को लेकर चर्चा की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं स्थानीय विधायक की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शांतनु चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व ने कांगड़ा चंबा का प्रभारी बनाकर इसलिए भेजा है कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर संगठनों के चुनावों को लेकर रिपोर्ट तैयार करके केंद्रीय नेतृत्व को भेजूं, ताकि कांग्रेस पार्टी के संगठनों को आने वाले दिनों में मजबूती दी जाएगी।

वहीं, स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि मैं शाहपुर की जनता का तहदिल से धन्यवाद करता हूं, जिसने मुझे दो साल पहले अपना आशीर्वाद दिया था। उसके बाद दो सालों में विधानसभा क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने का कार्य शुरू किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से दो सालों में शाहपुर हल्के में करोड़ों रुपऐ की विकास कार्यों को शुरू किया और करोड़ों रुपए के शिलान्यास करके कार्यो को शुरू किया गया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी अग्रणी संगठनों के बिना पार्टी मजबूत नहीं हो सकती। मैं सभी कांग्रेस के सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं समस्त शाहपुर हलके की सम्मानित जनता का तहदिल से धन्यवाद करता हूं, जिसने मुझे राज्य की विधानसभा शिमला में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता के आशीर्वाद से पूरे प्रदेश में शाहपुर को मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाऊंगा।

## न्यूज ब्रीफ

### वीर बाल दिवस पर बांटी पाठ्यक्रम सामग्री



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आरंभ व उत्थान संस्था द्वारा सकोह में वीर बाल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम उत्थान संस्था के निर्देशक स्वास्तिक मस्ताना ने सभी का स्वागत किया तथा सभी का परिचय दिया। इसके बाद आरंभ संस्था से महासचिव अभिषेक द्वारा बच्चों को वीर बाल दिवस की संपूर्ण जानकारी दी। व बताया गया कि इस दिन को सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के दो साहिबजादों की याद में मनाया जाता है। उनकी वीरता और पराक्रम के सामने बड़े-बड़े वीर भी छोटे पड़ जाते हैं व किस तरह अपने धर्म देश के प्रति व अडिग रहे व अपनी शहादत दे दी। इन्हीं के सम्मान और याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। के पदाधिकारियों, स्कूल के अध्यापकों व बच्चों ने वीर बाल दिवस को मनाते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्यक्रम सामग्री भी वितरित की गई ।आरंभ संस्था द्वारा चलाये गए अभियान एक घर एक पुस्तक की जानकारी दी गयी जिसमे घर घर से पाठ्य सम्बन्धी सामग्री को इक्कठा कर जरूरतमंद बच्चो तक पहुंचाया जा रहा है अंत में सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर आरंभ से अभिषेक कुमार सहित साहिल कुमार, नीतीश कुमार व दीपक कुमार तथा उत्थान संस्था से स्वास्तिक मस्ताना सहित सुमन देवी, कांता देवी, अमित कुमार, उपस्थित रहे।

### विधायक काजल ने साहिबजादों को किया नमन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व कांगड़ा सदर के विधायक पवन काजल की अध्यक्षता में साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विधायक काजल ने देश हित और अपने धर्म कि रक्षा के लिए युवा बाल वीरों द्वारा दिए बलिदान के इतिहास पर जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा यशवी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में पूरे देश में वीर बाल दिवस भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जा रहा हैं।

### विनोद कुमार भोला को चुना गया प्रधान



**अनंत ज्ञान, नगरी।** दी राख कृषि सेवा सहकारी सभा का चुनाव गत दिवस सर्वसम्मति से हुआ। इसमें प्रधान पद के लिए विनोद कुमार भोला, उपप्रधान पद के लिए प्रकाश चंद, कोषाध्यक्ष पद के लिए अर्जुन सिंह व सदस्य के रूप में रवि कुमार, मनोहर लाल को चुना गया। यह जानकारी सभा के सचिव जीवन भट्ट ने दी है।

### मटौर कॉलेज में शुरू हुआ एनएसएस कैंप

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आज डॉ. नीतू सिन्हा के नेतृत्व में शुभारंभ हुआ। इस सुअवसर पर डॉ. आरपी चौपड़ा सेवानिवृत प्राचाय, वर्तमान लायंस क्लब धर्मशाला के अध्यक्ष,बतौर मुख्यातिथि, और डॉ. केशव कौशल सहायक आचार्य संस्कृत शाहपुर महाविद्यालय विशेष अतिथि उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यातिथि विद्यार्थियों व विशिष्ट अथिति को सम्मानित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों को सबसे पहले राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत होने व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं।

### तकीपुर में एनएसएस का विशिष्ट शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय तकीपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का शुभारंभ 25 दिसंबर को किया गया। इस शिविर में कुल 75 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जिनमें 61 लड़कियां और 14 लड़के शामिल हैं। यह शिविर 31 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगा।

### जयसिंहपुर कॉलेज का 9 स्कूलों के साथ एमओयू

**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में आज वीरवार को उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार जयसिंहपुर क्षेत्र के नौ सरकारी विद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर जीएसएसएस कर्णघट्ट से प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, जीएमएसएसएस जयसिंहपुर से प्रवक्ता हरीश भारद्वाज, जीएमएसएसएस जयसिंहपुर से प्रवक्ता विपन कुमार, जीएसएसएस अपर लंबागांव टीजीटी(एनएम) सुशील कुमार, जीएसएसएस टब्बर से जेओए रंजीत सिंह, जीएसएसएस सरीमोलग से जेओए रवि कुमार, जीएसएसएस संघोल से कार्यकारी प्रधानाचार्य अंजलि डोगरा, जीएसएसएस, लम्बागांव से कार्यकारी प्रधानाचार्य सरोज ठाकुर, जीएसएसएस हारसी से कार्यकारी प्रधानाचार्य सविता कुमारी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक प्रणाली को सुदृढ़ करना और इन विद्यालयों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है जो छात्रों को करियर परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करना है। (अनंत ज्ञान)

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में मनाया समारोह

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सरस्वती विद्या मंदिर पपरोला का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से बनाया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि डॉक्टर विजय चौधरी राजीव गांधी आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुभाष ठाकुर जिला समिति के सह मंत्री रघुवीर राणा संकुल प्रमुख ईश्वर दास अन्य गण मान्य तथा बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों ने सब का मन मोह लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य शैलजा शर्मा द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया बच्चों को खेलकूद विज्ञान प्रश्न मंच संगणक प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम के अध्यक्ष होशियार चंद ने मुख्यातिथि का धन्यवाद किया।

### गग्गल स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** चौधरी तारा चंद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गग्गल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से बनाया गया। समारोह में संजय सिंह चौहान अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य कैलाश आनंद ने सभी अतिथियों व गण्यमान्य व्यक्तियों का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया व मुख्यातिथि को शाल व टॉपी पहना कर सम्मानित किया। समारोह में स्कूल के होनहार बच्चों को मुख्यातिथि द्वारा स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# शिक्षा समाज के विकास की नींव : किशोरी लाल

## विधायक ने पपरोला व सगूर स्कूल के वार्षिक समारोह में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने वीरवार को पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला व राजकीय उच्च विद्यालय सगूर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। किशोरी लाल ने कहा शिक्षा को समाज के विकास की नींव माना जाता है। यह न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है बल्कि एक राष्ट्र की समृद्धि और प्रकृति के लिए भी महत्वपूर्ण होती है। शिक्षा ही किसी भी सामाज को सभ्य बनाती है इसी से ही विश्व का कल्याण होता है। उन्होंने पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला में प्रधानाचार्य कक्ष के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। किशोरी लाल ने कहा कि किसी भी विद्यालय के लिए वार्षिक उत्सव वर्षभर के दौरान अर्जित उपलब्धियों को सम्मानित करने का अवसर होता है। इसके आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ उनको प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होने के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ और लोगों के नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि समाज को नशे से बचने के सभी के सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग शास्त्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा।

इस अवसर पर शुभकरण प्रधानाचार्य पपरोला नगर पंचायत अध्यक्ष बैजनाथ पपरोला आशा भाटिया, अनुज आचार्य, अतुल चौधरी युवा कांग्रेस अध्यक्ष, कृष्ण कुमार, प्रताप मेहरा, निशा मेहरा अर्चित धीमान,विजय कुमार, सुरेंद्र खेमलता प्रधान सगुर, सुनील कुमार उपप्रधान सगूर व अजय गौड़ उपस्थित रहे।

## तकनीक का उपयोग कर कार्य में दक्षता लाएं विभाग: एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सरकारी कार्यालयों में तकनीक के सहयोग से किस प्रकार कार्यक्षमता को बढ़ाया जा सकता है इसके लिए डीसी ऑफिस धर्मशाला में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। 26 से 30 दिसंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में जिला कांगड़ा से संबंध रखने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी पांच दिन तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने सभी विभागों के कर्मचारियों को तकनीक के सहयोग से अपने रोजमर्रा के कार्यों में दक्षता लाने की बात कही। डीसी ऑफिस में सेंट्रल डायरी सिस्टम लागू होने के बाद अब किसी भी तरह की हार्ड कॉपी नहीं ली जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी विभागों को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा जिससे पेपरलैस व्यवस्था तैयार होने के साथ-साथ समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि पांच दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में तकनीक के उपयोग से कार्य में निपुणता लाने बारे कर्मचारी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि सभी विभागों को मुकदमे निगरानी प्रणाली (लिटिगेशन मोनिटरिंग सिस्टम) से जोड़ना इस प्रशिक्षण शिविर के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। ऐसा देखने को मिलता है कि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को विभाग से जुड़े मुकदमों की उपयुक्त जानकारी सही समय पर न मिलने की वजह से मुकदमें लम्बे समय तक लटके रहते हैं। सरकार द्वारा तैयार किए गए मुकदमे निगरानी प्रणाली से जुड़कर सभी विभाग अपने मुकदमों, उनसे जुड़ी प्रगति, आगामी तिथियों और संबंधित सभी जानकारियां अपने डैशबोर्ड पर ऑनलाइन हासिल कर सकते हैं।

## हैप्पी बर्थडे



तलपी (बंगाणा) के निर्भय को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



कीर चंबा की वंशिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## साहिबजादों की शहादत को किया नमन



जयसिंहपुर। भाजपा मंडल जयसिंहपुर के क्षेत्र आलमपुर (जांगल) में धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान देने वाले वीर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अधिवक्ता अरविंद शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन सिख धर्म के साहसी और प्रेरणादायक इतिहास को याद करने के लिए समर्पित है। वीर बाल दिवस न केवल एक ऐतिहासिक घटना का स्मरण है, बल्कि यह हमारे बच्चों को संघर्ष, साहस और राष्ट्रीयता के महत्व को समझाने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। यह दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कर्तव्यों को निभाते हुए, अपनी पहचान और संस्कृति की रक्षा करें। इस मौके पर पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान, ब्लॉक समिति अध्यक्ष लंबागांव कुलवंत सिंह राणा, जयसिंहपुर मंडल अध्यक्ष कुलवंत राणा देव प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम रतन शर्मा, शकुंतला, प्रोमिला, सतीश कुमार सुनील कुमार धर्मेंद्र आदि अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला कॉलेज में करवाईं स्पर्धाएं

**धर्मशाला।** डिग्री कॉलेज धर्मशाला की एंटी ड्रग कमेटी की ओर से भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य प्रो राकेश पठानिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिकता, ज्ञान और अच्छी आदतों के विकास और विस्तार के लिए तुलनात्मक प्रतिस्पर्धा आवश्यक है, इससे जीवन की गुणवत्ता का स्तर उच्च होता है। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने कहा कि नशे की लत की समस्या आजकल एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आज हमें शपथ लेनी चाहिए कि हम किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अपने आसपास भी किसी को नशा नहीं करने देंगे।

## निशु मोंगरा ने जमानाबाद में लिया विकास कार्यों का जायजा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



कांगड़ा के साथ लगते गांव जमानाबाद पंचायत में वीरवार को उपज मंडी समिति के अध्यक्ष निशु मोंगरा के पहुंचने पर गांव के लोगों ने फूलों के हार पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

निशु मोंगरा ने विकासात्मक अध्यक्ष कार्यों का निरीक्षण विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की कोई भी समस्या उनके ध्यानार्थ आएगी उसे सर्वप्रथम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से कांगड़ा विधानसभा में विकासात्मक कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आधे से ज्यादा आबादी कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में रहती है, अतः उनके उत्थान के लिए वह वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जनता की जो भी समस्याएं उनके ध्यानार्थ लाई जाएंगी, उन्हें हल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## नगर पंचायत जवाली के टैक्सों के विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अनिल छांगू, जवाली**



नगर पंचायत जवाली के अधीन आने वाले वार्ड -6, 7, 8 व 9 में लोगों ने नगर पंचायत जवाली द्वारा लगाए गए भारी-भरकम टैक्स के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया है। उक्त वार्डों की जनता का कहना है कि हम गरीब लोग हैं तथा हम नगर पंचायत के टैक्स भरने में नाकाम हैं। उक्त वार्डों की जनता ने यह हस्ताक्षर अभियान नगर पंचायत जवाली के पूर्व पार्षद रवि कुमार की अध्यक्षता में चलाया है। लोगों के घर-घर जाकर टैक्सों के विरोध में हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं।

पूर्व पार्षद रवि कुमार ने कहा कि नगर पंचायत जवाली के अधीन आने वाले वार्ड 6, 7, 8 व 9 में गरीब तबके के लोग रहते हैं तथा नगर पंचायत के टैक्स भरना उनके बस की बात नहीं है। रवि कुमार ने कहा कि नगर पंचायत उक्त वार्डों के टैक्स माफ करे या फिर उक्त वार्डों को नगर पंचायत से बाहर करके पंचायत बनाया जाए। (अनंत ज्ञान)

## गुरु गोबिंद सिंह के परिवार की शहादत इतिहास की सबसे बड़ी शहादत : हरपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के मायिनियॉरिटी सेल ने वीर बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। महाविद्यालय में सिख इतिहास की सबसे बड़ी शहादत को याद करते हुए शहीदी सप्ताह की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम में हॉर्टिकल्चर हिमाचल प्रदेश के फॉर्मर निदेशक डॉ. हरपाल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि एलआईसी डेवलोपमेन्ट ओफ्फिसर परविंदर सिंह वशिष्ठ अतिथि मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने मुख्यातिथि व अतिथियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर समानित किया। मुख्यतिथि डॉ. हरपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। छोटे साहिबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चैड़ा हो जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है। देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान के बाद ही 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस पूरे देश-विदेश में मनाया जाता है। गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब उस स्थान पर खड़ा है, जहां साहिबजादों ने आखिरी सांस ली। वशिष्ठ अतिथि परविंदर ने शहीदों की शहादत को शत-शत नमन किया।

## लोगों से गुमराह न होने की अपील

**फतेहपुर।** क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने गुरुवार को फतेहपुर में प्रेसवार्ता कर लोगों से गुमराह न होने को अपील की है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायलय के सम्मान योग्य एडवोकेट दिवेन खन्ना आजकल पौंग झील किनारे हो रही गतिविधियों का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। लेकिन कुछ लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं कि एडवोकेट जांच करने के साथ ही मुरब्बे दिलवाने की भी पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि यह वकील सिर्फ उक्त क्षेत्र की गतिविधियों की ही जांच करने आए हैं और किसी काम के लिए नहीं।

## खैर के 25 मोछों से लदी गाड़ी के साथ 3 काबू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



वन परिक्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत खैर की अवैध तस्करी के प्रयास को विभागीय टीम ने विफल करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त की है। विभागीय टीम को यह सफलता उलैहड़ियां में नाके के दौरान मिली। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदौरा अभिनव ठाकुर ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में वन काटुओं द्वारा खैर की अवैध तस्करी कर माल पंजाब ले जाया जा सकता है। इस पर उनके नेतृत्व में टीम गठित कर पंजाब जाने वाले रास्ते पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान उलैहड़ियां नामक स्थान पर इंदौरा से पंजाब की ओर जा रही एक पिकअप, जिसमें विशाल व गोविंद, दोनों निवासी डमटाल व राकेश निवासी कोटला मंगवाल सवार थे को रोककर पिकअप में खैर के 25 मोछे बरामद किए गए। उक्त तीनों के पास खैर कटान संबंधी कोई भी दस्तावेज न पाया गया। उन्होंने पिकअप व खैर के उक्त मोछों को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरओ अभिनव ठाकुर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें विभागीय रिमांड पर भेज दिया गया है, जिन्हें हिरासत में लेकर वन विभाग जाब्ता क्षेत्र भदरोया में रखा गया है। उधर, वन मंडल अधिकारी नूरपुर अमित शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अवैध कटान बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इतिहास में कभी भी ऐसी निर्मम घटना नहीं देखी : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में वीर बाल दिवस का आयोजन 26 दिसंबर को कर रही है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने पालमपुर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम के उपरांत कहा कि आज तक के इतिहास में कभी ऐसी निर्मम घटना देखने को नहीं मिली, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने 9 साल और 7 साल की उम्र में शहादत दी जिससे इतने सालों बाद भी भारत के लोग याद करके रोते हैं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री कपूर ने कहा कि उनके शहादत से हमें सीखने को मिलता है अपना देश और अपनी संस्कृति और अपने धर्म को बचाने के लिए व्यक्ति को अपनी जान के भी परवाह नहीं करनी चाहिए जो व्यक्ति ऐसा करता है वह शहादत के बाद सच में अमर हो जाता है।

**सहायता** शाहपुर के रजनीश के लिए राहत की सांस लेकर आए केवल सिंह पठानिया

# विधायक ने पीड़ित के घर पहुंचाया ऑक्सीजन कंसंट्रेटर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोहब के रजनीश शर्मा उर्फ रज्जु पिछले कई वर्ष से बीमार चल रहे हैं। उन्हें फेफड़ों की बीमारी के कारण सांस लेने की समस्या है। रजनीश को हर समय कृत्रिम ऑक्सजीन की आवश्यकता रहती है और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं फिर भी जैसे-तैसे मरीज को कृत्रिम ऑक्सीजन उपलब्ध करवा रहे हैं। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को जैसे ही रजनीश की हालत का पता चला उन्होंने तत्काल प्रभाव से 'ऑक्सीजन कंसंट्रेटर' उसके घर पहुंचाकर मिसाल कायम की। बुधवार को शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया शाहपुर की बीएमओ डॉ कविता ठाकुर एवं डॉ. कांत लगवाल, स्थानीय पंचायत प्रधान तिलक राज के साथ उनका हाल-चाल जानने उनके घर पहुंच हुए थे।

रजनीश के घर आकर उन्हें जानकारी मिली कि रजनीश को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर नामक चिकित्सा उपकरण की जरूरत है तो उन्होंने तुरंत करवाई करते हुए बिना समय बर्बाद किए वीरवार को ही ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर का उनके घर पहुंचाया गया। दो दिन के भीतर ही यह सब कुछ हो गया। केवल पठानिया ने दो दिन में ही ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपकरण का प्रबंध कर उसे उनके घर पहुंचाया और रजनीश शर्मा की मदद करने को आगे आए। वैसे तो पहले से ही ऑक्सीजन मशीन लगाई थी, लेकिन छोटी थी और बिजली की वोल्टेज की समस्या के कारण उनको बहुत परेशानी होती थी, लेकिन विधायक ने इस समस्या को दूर करते हुए उन्हें 15 किलोलीटर का ऑक्सीजन कंसंट्रेटर ओर स्टेप्लाइजर उपलब्ध करवाया। पंचायत प्रधान तिलक राज ने कहा कि केवल पठानिया विधायक ही नहीं, अपितु एक समाजसेवी के रूप में जनता की सेवा में लगे हैं। केवल पठानिया एक भाई एवं बेटे के रूप में शाहपुरवासियों की सेवा में तत्पर रहते हैं। रजनीश के परिवार ने उनका आभार जताया है।



S.M. EYE HOSPITAL
(A Unit of S.M. Eye Institute Private Limited)

काला मोतिया क्या है?
काला मोतिया एक आंख की स्थिति है जिसमें इंट्राओकुलर दबाव से संबंधित ऑप्टिक तंत्रिका क्षति के कारण दृष्टि हानि होती है।
विश्व स्तर पर, मोतियाबिंद के बाद यह अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है।

काला मोतिया से आँख कैसे प्रभावित होती है?
आँख लगातार जलीय दिखावा बनाती है। जैसे ही आँख में नया जल प्रवाहित होता है, उतनी ही मात्रा बाहर निकल जानी चाहिए। द्रव जल निकासी कोण नामक क्षेत्र से होकर बाहर निकलता है। यह प्रक्रिया आँख के अंदरूनी दबाव को बनाए रखती है। इंट्राओकुलर दबाव स्थिर कहा जाता है।




SUPER SPECIALITY LASER CENTRE GHURKARI MATOUR (KANGRA)
98161-64471, 94181-92909, 97361-15917, 98054-18323, 97362-78311, 98162-79944
Tel: 01892-264848 (OFF.) 01892-265311 (Reception), Email: smeyehospital@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अबेकस प्रतियोगिता में अव्वल बच्चे किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा स्कूल की छात्रा अन्वी चंदेल ने चंडीगढ़ के लाजपत राय भवन में आयोजित नेशनल लेवल अबेकस प्रतियोगिता में अपने ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 12,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खास बात यह है कि हजारों बच्चों में दूसरा स्थान हासिल करना छात्रा की बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा, स्कूल के दो छात्र, आदित्य ठाकुर और अनीश, ने इंटरनेशनल अबेकस प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेटी की इस उपलब्धि पर गदगद स्कूल प्रबंधन ने सादा समारोह का आयोजन किया। जिसमें मेधावी बच्ची को सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता इन बच्चों की कठिन मेहनत और सूझबूझ का परिणाम है। इनकी उपलब्धियां हम सबके लिए गर्व का विषय हैं। मिनर्वा स्कूल परिवार ने इन छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा।

### छात्रों को रोड सेफ्टी से किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें रोड सेफ्टी एवं नशा मुक्ति अभियान में जागरूकता लाने के लिए मुख्यातिथि के रूप में झंडूता थाना प्रभारी जगदीश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को रोड सेफ्टी एवं नशा मुक्ति से संबंधित एक व्याख्यान दिया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई बिलासपुर से आए बलविंदर व उनकी टीम के सदस्यों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकारों व संरक्षण हेतु विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा महाविद्यालय में इको क्लब के द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सभी प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

### पंजीकृत सहकारी सभा में बैंकिंग काउंटर का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** दी बरोटा कृषि सहकारी सभा समिति समित बरोटा मे



वीरवार को बैकिंग काउंटर का उद्घाटन पंजीकृत सहकारी सभा बिलासपुर भास्कर कालिया के द्वारा किया गया। कालिया ने लोगों को बताया कि इस बैंकिंग काउंटर के कई लाभ हैं जो आपकी वित्तीय भलाई को बढ़ाएंगे। बचत खाते पैसे जमा करने और ब्याज कमाने का एक सुरक्षित तरीका प्रदान करते हैं, जबकि निवेश के अवसर धन बढ़ाने में मदद करते हैं। बैंक बजट बनाने और निवेश के फैसले लेने के लिए वित्तीय सलाह भी देते हैं। इस बैंकिंग काउंटर के माध्यम से आप अपनी बचत को सेविंग अकाउंट के माध्यम से बचा सकते है। सभा के प्रधान ज्योतिकश्यप ने लोगो को सभा में होने वाले कार्य किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण मिलता है।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने जीता मैच

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वधान में चल रही पुरुष वर्ग की हैंडबाल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने अपना प्रथम मैच जीत लिया है। यह जानकारी टीम के चीफ कोच चंदन सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश की वरिष्ठ पुरुष हैंडबल टीम का पहला मैच गुजरात की वरिष्ठ पुरुष हैंडबल टीम के साथ हुआ। जिसमें हिमाचल ने गुजरात को 33-27 से पराजित किया। चंदन ठाकुर ने बताया कि हिमाचल से जतिन ने 6, कपिल ने 8, आरव ने 5, निखिल ने 5, विक्रम ने 4, कुणाल ने 3 व वसिम ने 3 गोल किए। जिनकी शानदार खेल पर्दशन की बदौलत हिमाचल ने पहला मैच जीता। चंदन ठाकुर व अन्य कोच के साथ अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाडी व कोच स्नेहलता ने टीम का पहला मैच जितने पर खुशी व्यक्त की है व उम्मीद जताई है कि टीम बाकि मैच भी जीतेगी व मेडल लाकर प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

### साई खारसी में हुई ग्राम सभा को फर्जी करार दिया



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत साई खारसी में हुए ग्राम सभा को फर्जी करार देते हुए लोगों ने इसे निरस्त करने की मांग करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डा. निधि पटेल के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है। लोगों ने पंचायत प्रधान तथा अन्य प्रतिनिधियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि बिना जनप्रतिनिधियों व लोगों को सूचित कर 30 नवंबर को पंचायत घर में गाम सभा के आयोजन नया तरीका निकालकर 15 दिनों तक पंचायत के कार्रवाई रजिस्टर को घर घर घुमाकर लोगों के हस्ताक्षर करवाए। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि इसमें एजेंडा भी छिपाया गया था। ग्रामीणा का कहना है कि इस ग्राम सभा में मात्र 10 से 12 लोग ही मौजूद थे। इसके साथ ही पंचायत सदस्य बाबूराम ने बताया कि उन्होंने पंचायत प्रतनिधियों से इसके बारे में जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने कोई प्रत्युत्तर नहीं दिया और इसके बाद आनन फानन में एक नोटिस चस्पा दिया जिस पर मोहर सचिव की लगी हुई है और हस्ताक्षर पंचायत प्रधान के हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इस ग्राम सभा को रद्द किया जाए और प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख में नई ग्रामसभा का आयोजन किया जाए। ज्ञापन में कहा है कि साई खारसी पंचायत में नई पंचायत के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि लियुंगड़ी ब्राह्मणा सभी गांवों का केंद्र बिंदू है। अगर पंचायसत लियुंगड़ी बनती है तो स्थानीय लोग जमीन देने को तैयार हैं।

### बलदेव ने कांग्रेस नेता के बयान का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने अपने बयान को जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में चुनाव प्रचार जोरों पर चल रहा है और हाल ही में कांग्रेस के नेता अजय माकन ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और जनता द्वारा तीन बार के चुने हुए लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए एंटी नेशनल जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है । अरविंद केजरीवाल ने शहीदों के परिवारों को एक करोड़ की सम्मान राशि दी है, सरकारी स्कूल और सरकारी अस्पताल वल्ड क्लास तथा ऐसी कई आम आदमी के लिए कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली में लागू की है। हम इस अपमानजनक टिप्पणी की निंदा करते हैं।

### घुमारवीं स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश सरकार में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्मानी ने वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, घुमारवीं में आयोजित क्लस्टर लेवल वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इनमें राजकीय छात्र विद्यालय घुमारवीं, राजकीय उच्च विद्यालय टकरेटा, राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी, राजकीय उच्च विद्यालय बाड़ी मझेड़वां, माध्यमिक विद्यालय बरोटा, माध्यमिक विद्यालय कलरी, और पीएम श्री राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला शामिल थे। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंत्री राजेश धर्मानी ने विद्यालय मंच के सुधार के लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह भी कहा कि इस विद्यालय से आईएएस या आईपीएस बनने वाली छात्रा को उनकी ओर से 10 लाख रुपए का विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अपने संबोधन में मंत्री ने शिक्षा को बच्चों के विकास और जिम्मेदार नागरिक बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र पर अधिकतम खर्च कर रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

## सड़क किनारे ही डंपिंग साइट बनाने पर प्रदूषण बोर्ड बिलासपुर की बड़ी कार्रवाई

# कंपनी को ठोंका लाखों का जुर्माना

**शुभम राही, बिलासपुर**



फाइल फोटो

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर ने एक बार फिर से जिला में बड़ी कार्रवाई की है। कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन को एक जोड़ने वाली सड़क के निर्माण कार्य में जुटी कंपनी को 7 लाख 20 हजार रुपए जुर्माना ठोका गया है।

निर्माता कंपनी द्वारा इस सड़क निर्माण के दौरान सड़क किनारे ही मक डंपिग की जा रही थी। कंपनी द्वारा सड़क किनारे ही डंपिग साइट बना दी गई थी। जिसके चलते बोर्ड के अधिकारियों द्वारा मौके पर का निरीक्षण किया गया और पाया गया कि उक्त कपंनी द्वारा सरेआम नियमों की अवेहलना की जा रही है। जिसके चलते मौके पर ही विभाग ने यह सख्त कार्रवाई है। खबर की पुष्टि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर के क्षेत्रीय अधिकारी पवन शर्मा ने की।

आपको बता दें कि जिला मुख्यालय के समीप ही कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन को आपस में जोडने वाले रोड पर एक कंपनी की

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर ने निरीक्षण कर मौके पर जाकर की कार्रवाई**

ओर से कार्य किया जा रहा है। लेकिन इस कंपनी द्वारा जहां पर कार्य किया जा रहा है, उसी के साथ ही डंपिंग साईट भी बना दी। इसकी सूचना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी मिली। जिसके चलते संबधित विभागीय टीम की ओर से मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो नियमों की अवहेलना पाई गई और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।

इस कंपनी को नियमानुसार प्रक्रिया अपनाने के निर्देश भी बोर्ड की ओर से दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार मक डंपिंग को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को माननीय उच्च न्यायालय की ओर से निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते जिला बिलासपुर में मक डंपिंग करने वालों के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर ने भी सख्त रवैया अपनाया है।

अभी हाल ही में जिला प्रशासन की ओर से भी उच्च अधिकारियों ने भी मक डंपिग को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया था। आगामी भविष्य में भी बोर्ड की ओर से यह निरीक्षण किए जाएंगे। ताकि कहीं पर भी नियमों की अवहेलना न हो। विभागीय अधिकारियों ने सख्त रूप से हिदायत दी है कि अगर कोई भी नियमों की अवेहलना करता हुआ पाया जाता है कि उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



> मक डंपिग के चलते कंपनी को 7 लाख 20 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। अगर कोई भी निर्माण कार्य किया जा रहा है तो उसके लिए प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए मक डंपिंग स्थान पर सामान फेंका जाए। जिला में अगर कोई भी अवैध डंपिंग कर रहा है तो इसकी सूचना तुरंत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर को दी जाए। नियमों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> –पवन शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर।

## कथित अतिक्रमण रोकने पहुंची नायब तहसीलदार व उनकी टीम लौटी बैरंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर नगर के धौलरा क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण पर नायब तहसीलदार व उनकी टीम कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई। टीम को काफी मशक्कत के बाद खाली हाथ ही लौटना पड़ा हैं। धौलरा एक व्यक्ति इमरान अख्तर ने शिकायत की थी कि आरोपी मोहम्मद युसूफ द्वारा नियमों को ताक पर रखकर केंद्र सरकार की जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिस पर नायब तहसीलदार सदर व नगर परिषद बिलासपुर के कनिष्ठ अभियंता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा मोहम्मद युसूफ को निर्माण कार्य बंद करने को कहा। इस दौरान अतिक्रमण रोकने गई टीम और मोहम्मद युसूफ के बीच काफी कहासुनी हुई और माहौल काफी गर्मा गया।

मोहम्मद युसूफ ने कहा कि पहले उसके नाम का नोटिस जारी किया जाए। दावा किया कि वह अपनी जमीन पर निर्माण मोहम्मद युसूफ रहा है तथा इस पर उसका पुश्तैनी कब्जा है। काफी गहमा गहमी के बाद टीम बिना अतिक्रमण रोके हुए वापस आ गई पर मोहम्मद युसूफ ने दावा किया कि यह उसकी जमीन है। उसके पिता ने इसे केंद्र सरकार से 1958 में खरीदा था। उस समय 9 बीघा 7 बिस्वा जमीन खरीदी थी। जिसका आज तक इंतकाल नहीं हो पाया है जबकि प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी उसके नाम पर इंतकाल करने के निर्देश दे रखे हैं। जबकि शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित जमीन सरकारी है तथा आरोपी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए एक किश्त ली है। इसके लिए आरोपी ने किसी और खसरा नंबर को निर्माण के लिए दिया है। जबकि वह खसरा नंबर 157 पर निर्माण कर रहा है।

युसूफ मोहम्मद ने बताया कि वह नगर परिषद से ली गई 50 हजार रुपए की पहली किश्त को वापस कर रहा है। संबंधित निर्माण वह अपने पैसे से कर रहा है तथा यह उनकी पुश्तैनी जमीन है। तहसीलदार सदर बाल कृष्ण ने बताया कि जमीन की निशानदेही करवाई गई थी तथा यह जमीन केंद्र सरकार के नाम पर है। आरोपी को नोटिस जारी किया जा रहा है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कलाकारों ने योजनाओं से लोगों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नटराज सांस्कृतिक कला मंच घुमारवीं के कलाकारों ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हिमाचल प्रदेश एवं जिला लोक संपर्क विभाग बिलासपुर के निर्देशानुसार वीरवार को घुमारवीं एवं बकरोआ पंचायतों में घुमारवीं के कलाकारों ने कार्यकम प्रस्तुत किया।

कलाकारों ने गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया।

घुमारवीं पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रधान अनिता देवी ने की। इस अवसर पर प्रेम चंद शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित थे। बकरोआ पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश कुमारी ने की। कार्यकम में मनोज कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## स्कूटी सवार से आठ बोतल शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** पुलिस चौकी श्री नयना देवी जी की टीम ने गत देर साय नाकाबंदी के दौरान एक स्कूटी से 8 बोतल शराब की बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस ने नयनादेवी बस अड्डा के समीप नाका लगाया था तथा वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था।

इस दौरान एक स्कूटी आई। पुलिस ने जब स्कूटी सवार को रुकने का इशारा किया तो वह स्कूटी को पीछे की ओर मोड़कर भागने लगा। जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने संबंधित स्कूटी सवार को कुछ दूरी पर पकड़ लिया। पुलिस ने जब स्कूटी सवार के पिठू बैग का निरीक्षण किया तो उससे 6 बोतल देशी शराब व 2 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद की। आरोपी की पहचान राकेश खरवार निवासी मठ सरियां डाकघर खानपुर तहसील सिंगारपुर जिला गाजीपुर-उत्तर प्रदेश के रूप में हुई।

आरोपी मौजूदा समय नयनादेवी में किराए के मकान में रहता है। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना कोट कहलूर में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

## वीर बाल दिवस पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने किया साहिबजादों को नमन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**


कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

गुरुवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व मंत्री ने कहा, साहिबजादों ने कम उम्र में ही अपने विश्वास और सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए अद्वितीय साहस का परिचय दिया। उनका बलिदान न केवल वीरता का प्रतीक है, बल्कि यह पीढ़ियों को अपने मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने माता गुजरी जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की बहादुरी को भी याद करते हुए कहा, ष्उनका त्याग और साहस पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। वीर बाल दिवस पर हम इन महान आत्माओं के बलिदान और उनके मूल्यों को स्मरण कर उन्हें नमन करते हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और साहिबजादों के बलिदान की गाथा को साझा किया गया। इस मौके पर सुरेश ठाकुर, नवीन शर्मा, कैप्टन सुरजीत ,परषोतम शर्मा,मदन धीमान, आईडी शर्मा, राजेश शर्मा ,सरवन जमवाल,ब्रह्मदास गौतम, संजय ठाकुर सहित आदि मौजूद थे।

## गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को किया याद



कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते गणमान्य व मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की स्मृति में वीर बाल दिवस पर वीरवार को सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दोनों मंडलों के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह की लड़ाई क्रूर मुगल शासक औरंगजेब से थी। वह लोगों को आतंक, जुल्म और अत्याचार से निजात दिलाना चाहते थे।

मुगल शासकों ने गुरु गोबिंद सिंह के मासूम साहिबजादों 9 वर्षीय जोरावर सिंह और 7 वर्षीय फतेह सिंह को भी नहीं बख्शा। सरहंद के नवाब वजीर खान ने दोनों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया। छोटी सी आयु में दोनों साहिबजादों ने हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। जम्वाल ने कहा कि देश की आजादी के बाद ज्यादातर समय कांग्रेस सत्ता में रही, लेकिन उसने ऐतिहासिक घटनाओं को नजरअंदाज किया।

## रास्ता खुलवाने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बैहनाजट्टा क्षेत्र के तन्यून गांव के कुछ लोग रास्ता खुलवाने के लिए उपमंडलीय अधिकारी झंडूता योगराज धीमान को ज्ञापन सौंपा।

शिकायतकर्ता कविता पत्नी बलदेव का कहना है कि इस संबंध में हमने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रास्ता बंद होने से हमारी कई सुविधाएं भी बंद हो गई है। जिससे दोपहिया वाहन घर तक नहीं जाते हैं। अगर ऐसी स्थिति में हमारे घर में बुढ़े लोग बीमार हो जाते हैं तो उन्हें ले जाने के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए उपमंडलीय अधिकारी झंडूता योगराज धीमान को ज्ञापन सौंपा है। इस मामले पर उपमंडलीय अधिकारी योगराज धीमान ने कार्यवाही करते हुए तहसीलदार झडूता, विकास खंड अधिकारी, थाना प्रभारी झंडूता को कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं।

## कांग्रेस ने साहिबजादों सहित कई शूरवीरों को किया दरकिनार : कटवाल



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता मंडल भाजपा ने वीरवार को वीर बाल दिवस झंडूता स्थित पार्टी कार्यालय में मनाया। कार्यक्रम में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। बाद में उन्होंने बैहना-ब्राह्मणा पंचायत के जंगल टिकरी गांव में जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए पंजाब रेजीमेंट के नायक राकेश कुमार के घर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की।

वीर बाल दिवस पर जीतराम कटवाल ने कहा कि ज्यादातर समय सत्ता में रही कांग्रेस ने गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों समेत कई अन्य शूरवीरों को दरकिनार किया।

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने जोरावर सिंह व फतेह सिंह की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा करके सराहनीय पहल की। बाद में जीतराम कटवाल ने जंगल टिकरी में शहीद नायक राकेश कुमार के परिजनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शहीद की माता रतनी देवी व भाई संजय ठाकुर ने मुख्य अतिथि तथा अन्य शहीदों के परिजनों व वीर नारियों को सम्मानित किया।

## बीएड प्रशिक्षु अध्यापकों का प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में शिवा कालेज ऑफ एजुकेशन घुमारवीं की सत्र 2022-2024 की आठ प्रशिक्षु छात्राओं ने 16 सप्ताह की अवधि काअध्यापन प्रशिक्षण सफलता पूर्वक समाप्त किया।

इस अवसर पर पाठशाला प्रधानाचार्या, पाठशाला परिवार के समस्त अध्यापकों तथा कर्मचारियों द्वारा एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पाठशाला प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि अध्यापन एक पुनीत व्यवसाय है तथा प्रशिक्षुओं को इस कार्य में मेहनत तथा लग्न से कार्य करना चाहिए। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को उन्हें विदाई समारोह में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट अध्यापन कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर शिवा शिक्षा महाविद्यालय की टीचर ट्रेनर शशि बाला आदि मौजूद थे।

**कार्रवाई** करसोग पुलिस ने गहने चोरी के मामले में आभूषण विक्रेता के घर पर दी दबिश

# आभूषण विक्रेता से चोरी के गहने बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में एक आभूषण विक्रेता से चोरी के गहने बरामद किए गए हैं । इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस आभूषण विक्रेता पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। यह सारी कार्रवाई करसोग पुलिस द्वारा अमल में लाई गई है। बताते चलें कि उक्त आभूषण विक्रेता इससे पहले भी कईं ऐसे मामलों में संलिप्त पाया जा चुका है। कुछ महीने पहले अर्की में हुई एक चोरी के मामले में भी इस आभूषण विक्रेता से चोरी के गहने बरामद किए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक उसकी किसी भी मामले में गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी।

लेकिन यह पहला मामला है कि उक्त आभूषण विक्रेता पर पुलिस ने अपनी कार्रवाई करते हुए आभूषण विक्रेता को गिरफ्तार किया है और उसे अपने साथ पुलिस थाना करसोग ले गई है।

बताते चले कि जिला मंडी के करसोग थाना पुलिस टीम द्वारा गहने




चोरी के एक मामले में बुधवार देर शाम एक आभूषण विक्रेता के घर दबिश दी। इसके बाद इस आभूषण विक्रेता के पास चोरी के आभूषण बरामद हुए हैं । उक्त कार्रवाई में करसोग पुलिस वीरवार सुबह करीब 2 बजे उक्त आभूषण विक्रेता को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

यह चोरी की वारदात मार्च 2024 में नांज निवासी कुंदन लाल के घर हुई थी। जब घर में कोई नहीं था आरोपी कबाड़ उठाने के उठाने के बहाने घर तक पहुंचे और किसी को न पाकर घर की रेकी की जिसके बाद करीब 20 लाख रुपये के गहने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए बिलासपुर में दबिश दी जहां पहले एक आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने तीन और आरोपियों का नाम लिया। सभी आरोपी बिलासपुर जिले से हैं। आरोपियों से पूछताछ के दौरान सामने आया कि उन्होंने चोरी किए आभूषण घुमारवीं में बस स्टैंड रोड पर स्थित एक ज्वैलर आभूषण विक्रेता को बेचे हैं जिसके बाद करसोग पुलिस की टीम आरोपियों को लेकर घुमारवीं पहुंची। जहां पर पुलिस ने चोरी के आरोपियों की शिनाख्त के आधार पर सुनार की दुकान पर दबिश दी जहां सुनार ने कबूल किया कि उसने चोरी हुए करीब 20 लाख के गहने 5 लाख में खरीदे थे।

इसके बाद पुलिस ने उक्त आभूषण विक्रेता से देर रात चोरी हुआ सोना बरामद कर लिया ।लेकिन उक्त सुनार द्वारा इन आभूषणों को पिघलाया जा चुका था। बताते चलें कि यह सुनार अन्य जगह हुई चोरी की आभूषणों की खरीद मामले में पुलिस की जांच में आ चुका है। आभूषण विक्रेता महाराष्ट्र राज्य का रहने वाला है जो पिछले कई सालों से घुमारवीं शहर में सुनार की दुकान और करता है।

### आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

पुलिस उप अधीक्षक करसोग गौरवजीत सिंह ने बताया कि मार्च 2024 को नाज गांव में हुई एक चोरी के मामले में पुलिस ने चोरी के आरोपियों की शिनाख्त के आधार पर घुमारवीं के एक आभूषण विक्रेता से चोरी के गहने बरामद किए है, जिसके बाद उक्त आभूषण विक्रेता को गिरफ्तार किया गया है। वीरवार को आभूषण विक्रेता को न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है । पुलिस से लगातार मामले की जांच कर रही है ।

## नगर परिषद घुमारवीं की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, लाखों का किराया फंसा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं द्वारा एक तरफ तो शहर में 22 नई दुकानें बनाने का निर्णय लिया है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ डिफॉल्टर दुकानदारों के पास नगर परिषद के लाखों रुपए दुकानों के किराए के रूप में फंसे हुए हैं। यह डिफाल्टर दुकानदार लंबे समय से किराए का भुगतान नहीं कर रहे हैं। हालांकि कई बार नगर परिषद ने इन डिफॉल्टर दुकानदारों को नोटिस भेज चुकी है, लेकिन फिर भी डिफाल्टर किराए के लिए आनाकानी कर रहे हैं।

बताते चले कि नगर परिषद घुमारवीं के पास शहर में इस समय करीब 42 दुकान हैं। जो नगर परिषद द्वारा किराए पर दी गई है। इन दुकानों में कुछ दुकानदार ऐसे हैं जो पिछले कई सालों से किराया नहीं दे रहे हैं।

इसके चलते इन दुकानदारों के पास नगर परिषद का करीब 4.50 लाख रुपए बकाया है और पिछले कई वर्षों से यह दुकानदार इस पैसे पर कुंडली मारकर बैठे हैं, लेकिन नगर परिषद पैसे की वसूली नहीं कर पा रहा है। जबकि नगर परिषद की यह दुकानें तहसील परिसर मीट मार्केट तथा अस्पताल के बाहर स्थित है जो व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान हैं। हालांकि नगर परिषद की माने तो वह कई बार दुकानदारों को नोटिस भेज चुके हैं। लेकिन फिर भी डिफॉल्टर दुकानदार किराया नहीं दे रहे हैं। लेकिन नगर परिषद की माने उन्होंने डिफाल्टर दुकानदारों को किस्तों में किराया देने की भी छूट दी है। नगर परिषद इन दुकानदारों खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने जा रही है।

> कुछ दुकानदारों के पास नगर परिषद का किराया बाकी है तथा काफी समय से यह दुकानदार किराया नहीं दे रहे हैं। हालांकि उनके लिए नगर परिषद द्वारा आसान किस्तों पर किराया चुकाने की पेशकश की है अगर फिर भी यह किराया नहीं चुकाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> –रीता सहगल (अध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं)

## न्यूज ब्रीफ

### रोड सेफ्टी क्लब ने छात्रों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पुलिस थाना भरमौर के दल ने हेड कांस्टेबल अजय कुमार, मुकेश कुमार की अगुवाई में सड़क सुरक्षा बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा मादक व्यसन पर भी बच्चों को नशे जैसी कुरीति से दूर रहने की सलाह दी। नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत विद्यालय में चित्र कला, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी, भाषण इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रधानाचार्य अरुणा चारक ने बताया कि बचाव में ही बचाव है सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस अवसर पर अध्यापकों में नीलम ठाकुर, रेखा वैद्य, विजय शर्मा, विजय कुमार, राकेश कुमार, कृष्ण पखरेतिया, चमन सिंह, करनैल सिंह, ओम प्रकाश, ओमेंद्र, गणेश, अनामिका, अशोक कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### आयुष्मान योजना के तहत जल्द बनेंगे बुजुर्गों के कार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** आयुष्मान योजना के तहत बुजुर्गों को अधिसूचना जारी कर दी गई है, अब जल्द ही योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाएं जाएंगे।



कार्ड पर लाभार्थी देशभर के किसी भी चिह्नित सरकारी या निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपन ठाकुर ने प्रेस सूचना जारी करते हुए बताया 70 या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की अधिसूचना सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। आयुष्मान कार्ड पर कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, डायलिसिस, घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण, मोतियाबिंद समेत अन्य बीमारियों का निशुल्क उपचार करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत अब 70 साल से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनेंगे, जिसके अंतर्गत वो भारत में किसी भी आयुष्मान भारत से संबद्ध अस्पताल में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। इस कार्ड के लिए स्व पंजीकरण के लिए आयुष्मान ऐप डाउनलोड किया जा सकता है या **www.beneficiary.nha.gov.in** पर जाकर कार्ड बनाया जा सकता है कार्ड बनाने के लिए एक वीडियो भी वहीं वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### गृह मंत्री के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा, श्री गुरु रविदास सभा चंबा,



श्री गुरु रविदास महासभा चंबा, जिला चंबा अनुसूचित जाति कल्याण समिति, अंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ चंबा, भीमा बाई महिला मंडल चंबा व अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भीमराव अंबेडकर पर की गई आपत्तिजनक एवं अशोभनीय टिप्पणी बारे एक ज्ञापन दिया गया। उक्त जानकारी देते हुए अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर ने कहा कि 17 दिसंबर को संसद के विशेष सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर के नाम को लेकर आपत्तिजनक अशोभनीय टिप्पणी की है। इस बयान के बाद दलित, वंचित और अंबेडकरवादी संगठनों में रोष है। हम राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि केंद्रीय गृहमंत्री संसद में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें व अपने पद से इस्तीफा दें। हमें आशा है कि ऐसे मामलों में उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि आगे से इस प्रकार की टिप्पणियों की पुनरावृत्ति न हो।

# नगरपालिका चंबा के कूड़ा संयंत्र केंद्र कुरांह में लगी भीषण आग

## अग्निकांड में संयंत्र में रखी लाखों रुपए की कूड़ा प्रोसेसिंग मशीनें जलकर राख

**ओपी शर्मा, चंबा**




चंबा मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर कुरांह में बुधवार रात दो बजे के करीब कूड़ा संयंत्र केंद्र में भयानक आग लग गई। देखते ही देखते नगरपालिका द्वारा बनाया गया सारे का सारा कूड़ा संयंत्र आग की चपेट में आ गया। इतना ही नहीं इस कूड़ा संयंत्र में रखी मशीनें भी इस आग की भेंट चढ़ गईं। गनीमत रही कि जैसे ही इस आग लगने की भनक वहां पर रह रहे मशीन ऑपरेटर को पता चली तो उसने तुरंत वहां से भागकर अपनी जान बचाई।

आग में किसी कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, पर लाखों रुपए की रखी कूड़ा प्रोसेसिंग मशीनें इस आग में जलकर स्वाह हो गईं। नगरपालिका द्वारा बनाया गए कूड़ा संयंत्र में चंबा शहर का सारा कूड़ा लाया जाता है और यहीं पर इस कूड़े की छंटाई करने के बाद इसकी खाद बनाकर दूसरे जिलों में भेजी जाती है। इस कूड़ा संयंत्र में कई महिलाएं यहां पर आकर काम करती हैं और प्रायः शाम को काम करने के बाद अपने घर वापस चली जाती है। कूड़ा संयंत्र में कुछ मशीन लगाई गई हैं, जिनको एक इंजीनियर ऑपरेट करता है। उसने बताया कि यह घटना बीती देर रात दो बजे की है जब इस कूड़ा संयंत्र में अचानक से आग लग गई। जब मुझे घुटन हुई तो देखा कि कूड़ा संयंत्र में भयानक आग लग चुकी थी। मैंने कमरे का दरवाजा खोला और कंबल लपेटकर बाहर की और भाग गया और जाते ही मैंने अग्निशमन विभाग को फोन किया और थोड़ी देर के बाद फायर वालों की गाड़ी यहां पर आ पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

उन्होंने बताया कि इस कूड़ा संयंत्र में रखी सारी मशीनरी आग में जल गई है। कोई 60 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। स्थानीय निवासी पंडित भुवनेश्वर शर्मा ने इस अग्निकांड के लिए सीधे तौर से नगरपालिका चंबा और जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि हमने मीडिया के माध्यम से बार बार मांग उठाई थी कि लगाए गए इस कूड़ा संयंत्र के अंदर ओर बाहर सीसीटीवी कैमरों को लगाया जाए, ताकि कोई शरारती तत्व कोई इस तरह की घटना को अंजाम देता है तो उसकी पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि इस अग्निकांड की वजह से मेहला ब्लॉक की करीब एक दर्जन भर पंचायतें प्रदूषित हो चुकी है और लोगों को इसके कारण सांस लेने में मुसीबत हो रही है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका और प्रशासन की इस लापरवाही को लेकर उन पर एफआईआर होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### बनीखेत में पार्किंग का स्थायी समाधान करवाने में स्थानीय प्रशासन नाकाम



**मुकेश कुमार, डलहौजी।** बनीखेत में पार्किंग का मामला एक बार फिर उठने लगा है। उपमंडल के सबसे अधिक व्यस्त रहने वाले बनीखेत बाजार में ज्यादातर लोगों के वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं, जिसको लेकर कई बार यातायात अवरुद्ध होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसको समस्या को लेकर बनीखेत बस अड्डा, सुर्खीगला, बैकुंठ नगर, मुख्य बाजार बनीखेत, कॉलेज रोड पद्दर में यहां वहां आड़ी-टेढ़ी खड़ी गाड़ियां अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न कर ही देती हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा मुस्तैंदी बरतते हुए कई बार चालान भी किए जाते हैं, किंतु बावजूद इसके इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकलता नजर आ रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि क्षेत्र के कई होटलों के पास खुद की पार्किंग सुविधा भी नहीं है। पार्किंग को लेकर बनीखेत के कई होटल ग्राम पंचायत बनीखेत की पार्किंग का सहारा लेते हैं, लेकिन बनीखेत पंचायत पार्किंग की मौजूदा हालात किसी से छुपी नहीं है। वह भी ज्यादातर भरी ही रहती है और गाड़ियां पार्किंग से बाहर खड़ी देखने को मिल ही जाती हैं। स्थानीय लोगों की प्रशासन से गुहार है कि इस समस्या से उन्हें जल्द से जल्द छुटकारा दिलाया जाए। (अनंत ज्ञान)

### अल्पसंख्यकों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान को दें प्राथमिकता : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित लोगों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए विभागीय अधिकारी विशेष प्राथमिकता तय कर कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित बनाएं। वह वीरवार को प्रधानमंत्री नए 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समिति की उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उपायुक्त ने अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ सुनिश्चित बनाने के लिए उच्च शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूल स्तर पर योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने को कहा। जिला के विभिन्न विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की उपलब्धता को लेकर उपायुक्त ने अपना विद्यालय योजना के तहत स्वयंसेवकों की सेवाओं के लिए भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, अल्पसंख्यकों के कौशल विकास, सांप्रदायिक सद्भाव सहित विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत समीक्षा कर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने समिति के गैर सरकारी सदस्यों से भी अल्पसंख्यकों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए सुझाव देने को भी कहा।

### नीलम बनी सनातन धर्म महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** नीलम जसवाल को सनातन धर्म महिला



मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पेशे से अध्यापिका रहीं नीलम जसवाल अब चंबा में स्नातन धर्म महिला मोर्चा की धार को तेज करेंगी। सनातन धर्म मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रनौत ने उनकी इस नियुक्ति का पत्र जारी कर दिया है। सनातन धर्म महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। वहीं, नीलम जसवाल ने कहा कि सनातन धर्म मंच ने उन्हें जो भी दायित्व और जिम्मेदारी दी है, उसका वह पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगी।

### विधायक डीएस ठाकुर की अध्यक्षता में देवी देहरा में मनाया वीर बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इन दो नन्हे साहिबजादों ने धर्म और मानवता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। गुरुद्वारा देवी देहरा में विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने अपने कार्यकर्ता समर्थकों एवं स्थानीय लोगों के साथ वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस आयोजन में जहां गुरु द्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों द्वारा आए हुए लोगों के बीच गुरु गोबिंद सिंह तथा उनके चार साहिबजादों की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने कहा कि मुगलों के किले में बिताई ठंडी रातें तथा काफिर शासन द्वारा भूख-प्यास तथा अन्य प्रताड़नाओं के बावजूद भी बाल वीर जोरावर सिंह व फतेह सिंह तथा उनकी दादी अपने धर्म पर अड़िग रहे। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने धर्म के प्रति खुशी-खुशी जिंदा दीवारों में खुद को चिनवा कर अपनी शूरवीरता का अमिट प्रदर्शन किया, जो हमेशा हर दिल में अपनी जगह बनाए हुए है। इस आयोजन में गुरुद्वारा प्रबंधन के आए विधायक डीएस ठाकुर कार्यकर्ता समर्थकों को सरोपा भी भेंट कर सम्मानित भी किया गया। समस्त लोगों के लिए कड़ाह प्रसाद तथा जलपान का की प्रबंध किया गया था।

## बिजली बंद रहने से थमे एचआरटीसी बसों के पहिए

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर आज लगाए गए कट के कारण एचआरटीसी सरकाघाट डिपो के कई प्रमुख रूटों पर बस सेवाएं बाधित रहीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रभावित रूटों में सरकाघाट से संधोल, सरकाघाट से गरली (वाया पड्छू), सरकाघाट से कॉलोनी और सरकाघाट से मढ़ी (वाया छुहीघाट) शामिल हैं।

जब स्थानीय यात्रियों ने बस सेवाओं के बाधित होने का कारण पूछा, तो क्षेत्रीय प्रबंधक और अड्डा इंचार्ज ने बताया कि बिजली कटौती के कारण डिपो में डीजल नहीं भरा जा सका। यह समस्या तब उत्पन्न हुई, जब विद्युत विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित बिजली कटौती के कारण

### डीजल न भर पाने से रद्द हुए कई रूट, लोग परेशान

डिपो में डीजल पंप काम नहीं कर सके। यात्रियों ने नाराजगी व्यक्त करते कहा कि यदि बिजली विभाग ने पहले से कटौती की सूचना जारी कर दी थी, तो एचआरटीसी प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की। लापरवाही के कारण यात्रियों को मजबूरन टैक्सी या अन्य निजी साधनों का सहारा लेना पड़ा, जिससे उनका अतिरिक्त खर्च बढ़ गया।

स्थानीय लोगों ने एचआरटीसी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक मेहर चंद का कहना है कि बिजली कटौती की स्थिति में डीजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था की



डीजल खत्म होने के कारण खड़ी बस।

जाएगी। यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए खेद जताया और आश्वासन दिया कि ऐसी स्थिति से बचने के प्रयास किए जाएंगे।

प्रबंधक मेहरचंद ने कहा कि ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल से यह बस डीजल भरने के लिए एचआरटीसी के पंप आ रही थी बीच रास्ते में डीजल खत्म हो गया लाइट नहीं थी प्राइवेट पंप से डीजल लेने के कारण टाइम लग गया फिर बस हटाई जा सकी।(अनंत ज्ञान)

### ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल की बस में तेल खत्म होने से लगा जाम

वहीं ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल की बस सरकाघाट चोल्थरा पपलोग सड़क पर तेल खत्म हो जाने के कारण बीच सड़क में खड़ी हो गई जिसके चलते करीब 2 घंटे तक जाम लग रहा बल्कि हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां यह बताना जरूरी है कि यह सड़क क्षेत्र की करीब एक दर्जन पंचायतों की लाइफ लाइन है बल्कि सरकाघाट से धर्मपुर के लिए निर्माणाधीन नेशनल हाईवे बंद होने के चलते यही सड़क यातायात का एकमात्र साधन बनी हुई है ट्रेनिंग बस के इस संपर्क सड़क पर खराब होने के चलते वाहनों की कतारें लग गई करीब 2 घंटे बाद एचआरटीसी के कर्मचारियों द्वारा डीजल लाने के कारण इस बस को यहां से हटाया जा सका।

### बीएसएल स्कूल का मैदान धंसा



**भीम बसेड़ू, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना के मुख्य कार्यालय सुंदरनगर यानि यहां के प्रशासनिक कार्यालय की नाक तले कूड़े-कचरे से घिरी चारदीवारी एवं धंसे पड़े डंगे वर्षों से बड़े पैमाने पर सुधार होने की राह देख रहे हैं। बीबीएमबी प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते नालियों का एक बड़ा भाग भी जहां अवरुद्ध हालत में प्रदूषण फैला रहा है। लोगों ने कंगना रनौत एवं केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि प्रशासन की कार्यशैली को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए ठोस उपाय करें।

### जयराम ठाकुर ने मेधावियों को किया सम्मानित

**आदर्श, नेरचौक**

सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। समारोह में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि नाचन के विधायक विनोद कुमार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया कार्यक्रम के अध्यक्ष कैप्टन शेर सिंह और मुख्य वक्ता ज्ञान सिंह संगठन मंत्री हिमाचल शिक्षा समिति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य लीला देवी ने तथा स्कूल के प्रबंधक सोहन सिंह ठाकुर ने अतिथियों को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में जयराम ठाकुर ने बच्चों को मोबाइल व नशे से दूर रहने की अपील करते



समारोह में मुख्यातिथि व साथ हैं अन्य।

#### एसबीएम हटगढ़ ने धूमधाम से मनाया सालाना समारोह

हुए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं जिन्हें नशे से दूर रहना चाहिए तभी वह अपने जीवन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि जयराम ठाकुर ने स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। सम्मान पाने वालों में प्रज्ञान ठाकुर, आरुषि, प्रत्यूष, रोहित, शौर्य ठाकुर, ताक्षी, अक्षरा गुप्ता, प्रकृति, आर्यन शर्मा अक्षत वालिया दिव्या शर्मा अनुभूति शर्मा दिव्यांश राणा निखिल ठाकुर सहित सभी बच्चों ने बहुत ही गौरव महसूस किया।(अनंत ज्ञान)

| सूडोकु | 0028 | | | | | | | सरल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

27 दिसंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** द्वादशी (02:29): **नक्षत्र** विशाखा (08:29), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** धृति (10:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:01-12:43), **राहुकाल** (11:04 -12:22)।

**विशेष दिन**

- 27 दिसम्बर : वंजुली महाद्वादशी व्रत आज।
- 27 दिसम्बर 2024 : सुरूप द्वादशी आज।

**मेष:** नियति आज आप पर मेहरबान है। भाग्य आपका प्रबल है। भाग्य का साथ पाकर कर्म करें तो लाभ का अनुपात दोगुना होना निश्चित है।

**वृषभ:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले विचार अवश्य करें या फिर किसी भरोसेमंद व्यक्ति की सलाह लें।

**मिथुन:** अपने जीवनसाथी की राय को महत्व दें। व्यापार-व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में लाभ की उम्मीद है। उच्चस्तरीय एवं सहयोगी व्यक्तियों से भेंट लाभाकरी है।

**कर्क:** आज आपके शत्रु आपसे दूर भागेंगे। जद्दोजहद एवं परिश्रम से आप सफलता के शिखर तक पहुंच सकेंगे। रोजगार की प्राप्ति में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आज आपकी बुद्धि एवं कल्पनाशक्ति का विकास होगा। संतान पक्ष से कोई अच्छा समाचार आपको प्रसन्न रखेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कन्या :** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज मुलाकात किसी विपरीत मानसिक विचारों वाले व्यक्ति से हो सकती है, अतः सचेत रहें।

**तुला:** आज युवाओं को नया कारोबार शुरू करने में और नौकरी की तलाश में सफलता मिलेगी। अधिकारी सहायता करेंगे। मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

**वृश्चिक:** ग्रह-नक्षत्र संकेत दे रहे हैं कि आज आपके सितारे उत्कर्ष पर हैं। धन व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सभी कार्य मन के अनुकूल होने पर मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु :** भाग्य आपके कार्य पूर्ण करने के लिए तत्पर है। यात्रा लाभप्रद रहेगी। सुख, आनन्द के योग बन रहे हैं। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्मान एवं लाभ प्राप्त होगा।

**मकर :** नई योजनाओं पर अल्पविराम लगाएं। कार्यों में बाधाओं के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। अत्यधिक खर्च से बचें। चिंता, अशांति का माहौल परेशान कर सकता है।

**कुंभ :** व्यवसाय में लाभ होगा। जिस किसी से आप मिलेंगे उसके स्वभाव में विनम्रता और मधुरता तथा मेल-जोल की झलक दिखाई देगी।

**मीन :** कार्य की प्रबलता रहेगी। जीवन के प्रति आज आपकी सकारात्मक सोच कोई नई उपलब्धि दिला सकती है। पहली बार मुलाकात लाभदायक रहेगी।

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल : राकेश

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बदहाल हो रही हैं और मंडी जिला इसकी सबसे बड़ी कीमत चुका रहा है। मंडी जोनल अस्पताल और नेरचौक मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों के लगातार तबादलों ने स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह चरमरा दिया है। मात्र दो सप्ताह में 11 डॉक्टरों के ट्रांसफर के बावजूद उनकी जगह नई नियुक्तियां नहीं की गईं। इससे इमरजेंसी सेवाएं ठप हो गई हैं, और मरीजों को समय पर इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।



भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्बाल ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर मंडी के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषयों पर ध्यान नहीं देकर जनता को धोखा दिया है।

#### इमरजेंसी सेवाएं ठप

**मंडी** जोनल अस्पताल में 48 स्वीकृत पदों में से 16 पद खाली हो चुके हैं। हाल ही में यहां से 5 इमरजेंसी सेवाओं में तैनात डॉक्टरों का ट्रांसफर कर दिया गया, जबकि एक सप्ताह पहले ही 2 डॉक्टर बदले गए थे। यही हाल नेरचौक मेडिकल कॉलेज का है, जहां अब इमरजेंसी सेवाओं में केवल एक डॉक्टर बचा है। आयुष्मान भारत, हिमकेयर और सहारा योजना जैसी योजनाए जो प्रदेश सरकार की लापरवाही के चलते ठप पड़ी हैं के कारण मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है, और वे दर-दर भटकने पर मजबूर हैं।

### शिल्हा कीपड़ में एसडीआरएफ की टीम ने बताए आपदा से बचने के गुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम क्षेत्र के गांव शिल्हा कीपड़ में एसडीआरएफ की टीम द्वारा स्थानीय लोगों को आपदा से बचाव एवं सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में सीपीआर विधि, भूकंप के समय बचाव व दुर्घटना आदि में घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार बारे विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीआरएफ डीएसपी चमन, एसआई यशवंत के अतिरिक्त 10 अन्य जवानों ने लोगों को जानकारी दी।

### आईएएस-एचएएस अधिकारियों को राजस्व की बारीकियां सिखाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



हिमाचल प्रदेश राजस्व प्रशिक्षण संस्थान में पिछले दो हफ्तों से आईएएस और एचएएस अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्थान के निदेशक सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को लैंड एक्ट, मुसाबी बनाना और देखना, मोमी, लट्ठा, फील्ड बुक, मिसल हकीयत, खसरा गरदाबरी, और फॉरेस्ट एक्ट की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जमाबंदी के निर्माण और निशानदेही की प्रक्रियाओं को प्रैक्टिकल रूप से समझाया गया। अधिकारियों को ईटीएस (इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन) और जीपीएस की थ्योरी और प्रैक्टिकल जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने तहसील कार्यालय और पटवार खाने की कार्यप्रणाली को मौके पर जाकर समझा।

### 'प्रेम के फ्रेम में' नाटक का किया मंचन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नववर्ष की मंगलमय कामनाओं के साथ हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान व रंगमंडल द्वारा सतोहल नाट्य प्रेक्षागृह में कहानियों की प्रस्तुति प्रेम के फ्रेम में मंचित की गई। इन कहानियों में प्रेमियों की स्वर्ग से वापसी की इच्छा और हास्य व्यंग्य का चुटीला अंदाज दिखा। प्रेम पर बंधनों और मरकर स्वर्ग चले गए प्रेमियों की पृथ्वी लोक पर वापसी की इच्छा पर रचे नाट्य प्रयोग प्रेम के फ्रेम में को हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान एवं रंगमंडल द्वारा मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया। यह नाटक हरिशंकर परसाई की व्यंग्य कहानी प्रेमियों की वापसी और ध्वनि रूपक प्रेम



विशेषज्ञ पर आधारित है, जिसका निर्देशन प्रवीण शेखर ने किया। हरिशंकर परसाई की दोनों रचनाओं को कलाकारों ने रुचिकर तरीके जोड़कर और इंप्रोवाइज कर नाट्य विन्यास तैयार किया गया। नाटक में सृष्टि, निभा, कर्ण जावेद, विक्रांत, प्रहलाद, सचिन, आकाश, पुष्कर आदि ने प्रभावी अभिनय किया। प्रकाश योजना एवं संचालन व्योम शर्मा, ध्वनि संचालन कश्मीर सिंह, सहयोग सुमन, वर्षा , अर्चना बलवंत ठाकुर, भिमा देवी व गंगा देवी ने किया।

परिकल्पना और निर्देशन प्रवीण शेखर का रहा। इस अवसर पर संस्थान की सचिव सीमा शर्मा ने कहा की इस प्रस्तुति को इन कलाकारों ने सघन प्रशिक्षण के साथ तैयार किया है। प्रसिद्ध नाट्यकर्मी और संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी प्रोफेसर सुरेश शर्मा ने प्रवीण शेखर को हिमाचली पारंपरिक टोपी और अंगवस्त्र से साथ सम्मानित किया। सतोहल नाट्य प्रेक्षागृह में 27 दिसंबर को विजय तेंदुलकर लिखित चर्चित नाटक खामोश... अदालत जारी है का मंचन प्रोफेसर सुरेश शर्मा के निर्देशन में किया जाएगा।

सफलता हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है। इसलिए किसी को भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए। -नेताजी सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

# अतिथि देवो भवः

देवभूमि हिमाचल में अतिथि देवो भव: की संस्कृति बहुत अच्छी बात है, लेकिन इस शराफत का नाजायज फायदा पर्यटक न उठा पाएं इस बात का ध्यान रखने की बेहद जरूरत है। शिमला के रिज मैदान पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आयोजित हो रहे विंटर कार्निवाल में खलल डालना भला कहां की समझदारी है? मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शराबियों पर बेशक सख्ती न करने की हिदायत दे रखी हो, लेकिन ऐसी छूट का लाभ भी क्या कि पर्यटक सरेआम नियम-कायदों को ही ताक पर रख दें? रिज जैसे प्रतिष्ठित सार्वजनिक स्थल पर पर्यटकों के बीच जमकर लात-घूंसे चलना किसी भी सूरत में शुभ संकेत नहीं है। पर्यटकों का यह उन्माद हर किसी को कचोट रहा है। ऊपर से सीएम ने ऐसे निर्देश दे रखे हैं कि हिमाचल में नए साल का जश्न मनाने आने वाले पर्यटकों की खातिरदारी में कोई कसर न छोड़ी जाए। बेशक पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है और सरकार को पर्यटकों के आगमन से आमदन होती है, लेकिन सवाल यह है कि पियक्कड़ पर्यटकों को घर छोड़ने का आदेश समझ से परे है। भला ऐसे आदेश देने की क्या आवश्यकता है? इससे निश्चित रूप से पुलिस की सिरदर्दी ही बढ़ी है। उन्हें दो मोर्चों पर अपने आपको तैनात करना पड़ रहा है। वह जश्न मनानी भीड़ को नियंत्रित करें या फिर पियक्कड़ों को पकड़-पकड़कर उनके घरों और होटलों में पहुंचाएं। यह ट्रेंड बहुत गलत है।

शराब पीकर सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग मचाने से बनी बनाई सारी व्यवस्था ही चौपट हो जाती है और पर्यटक भी पुलिस को गंभीरता से नहीं लेते, क्योंकि उनको मालूम है कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पुलिस वाले तो उनकी खातिरदारी में लगे हैं, लेकिन पर्यटकों को भी चाहिए कि वह भी होश में रहें और कानून का ऐसी की तैसी न फेरें। शिमला में पर्यटकों की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को सबसे पहले एक प्रभावी प्रबंधन प्रणाली विकसित करनी चाहिए। इसके लिए, पुलिस ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली का उपयोग कर सकती है, जिससे पर्यटकों को पहले से ही अपने आगमन की जानकारी देनी होगी। इसके अलावा, पुलिस को पर्यटकों के लिए शांति बनाए रखने, स्थानीय नियमों का पालन करने और पर्यावरण की सुरक्षा करने के निर्देश जारी करने चाहिए। पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पर्यटकों को इन निर्देशों के बारे में जानकारी दी जाए और उनका पालन कराया जाए। पियक्कड़ पर्यटकों को घर छोड़ने का निर्देश सरकार का अच्छा कदम हो सकता है, लेकिन इसके लिए पुलिस को सुनिश्चित करना चाहिए कि यह निर्देश स्पष्ट और समझने योग्य हो।

इसके अलावा, पुलिस को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पर्यटकों को घर छोड़ने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएं। पुलिस को पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी कदम उठाने चाहिए। इसके लिए पुलिस को पर्यटकों के लिए सुरक्षा निर्देश जारी करने चाहिए और उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। अतिथि देवो भव: एक प्राचीन भारतीय अवधारणा है, जिसका अर्थ है अतिथि को भगवान की तरह सम्मान देना। यह अवधारणा अतिथियों के प्रति आदर, सम्मान और सेवा की भावना को बढ़ावा देती है। इस अवधारणा की प्रासंगिकता तभी सार्थक हो सकती है अगर हम अतिथियों के प्रति आदर और सम्मान की भावना रखें और स्वागत में कोई कसर न छोड़ें। अतिथियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सेवा और सहायता प्रदान करनी चाहिए। स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना भी अतिथियों की आवभगत का ही एक पहलू है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान करना और उन्हें स्थानीय संस्कृति के बारे में जानकारी देना भी श्रेयस्कर रहेगा। सुरक्षा और संरक्षण के लिए आवश्यक कदम तो उठाने ही चाहिए। वहीं, अतिथियों को भी चाहिए कि वे स्थानीय नियमों और परंपराओं का पालन करें। अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखें। अतिथि देवो भव: की अवधारणा को सार्थक बनाने के लिए अतिथियों और मेजबानों दोनों को अपने कर्तव्यों और मूल्यों का पालन करना चाहिए, क्योंकि ताली एक हाथ से नहीं बज सकती। दोनों एक-दूसरे के प्रति आदर और सम्मान की भावना रखेंगे तो कभी गड़बड़ नहीं होगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक

**लांस** नायक अल्बर्ट एक्का परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक थे। यह रांची, झारखंड (तत्कालीन बिहार) के निवासी थे। 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों के दांत खट्टे करते हुए वह शहीद हो गए। इन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र प्रदान किया गया। वे एकमात्र बिहारी थे, जिन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अल्बर्ट एक्का का जन्म झारखंड के गुमला जिला के डुमरी ब्लाक के जरी गांव में हुआ था। उनके



लांस नायक अल्बर्ट एक्का
जन्म : 27 दिसंबर, 1942
शहादत : 3 दिसंबर, 1971

पिता का नाम जूलियस एक्का और मां का नाम मरियम एक्का था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा सीसी स्कूल पटराटोली से की थी और माध्यमिक परीक्षा भिखमपुर मिडल स्कूल से पास की थी। इनका जन्म स्थल जरी गांव चैनपुर तहसील में पड़ने वाला एक आदिवासी क्षेत्र है जो झारखंड राज्य का हिस्सा है। एल्बर्ट की दिली इच्छा फौज में जाने की थी, जो दिसंबर 1962 को पूरी हुई। उन्होंने फौज में बिहार रेजिमेंट से अपना कार्य शुरू किया। बाद में जब 14 गाड्र्स का गठन हुआ, तब एल्बर्ट अपने कुछ साथियों के साथ वहां स्थानांतरित कर किए गए। एल्बर्ट एक अच्छे योद्धा तो थे ही, यह हॉकी के भी अच्छे खिलाड़ी थे। इनके अनुशासन का ही प्रभाव था कि ट्रेनिंग के ही दौरान एल्बर्ट एक्का को लांस नायक बना दिया गया था। पाकिस्तान की यह 1971 की लड़ाई, जिसमें पाकिस्तान ने अपना पूर्वी हिस्सा गंवाया, पाकिस्तान की आंतरिक समस्या का नतीजा थी। भारत के विभाजन से बंगाल का पूर्वी हिस्सा पाकिस्तान में चला गया था जो पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था। पूर्वी पाकिस्तान, जाहिर है बांग्ला बहुत क्षेत्र था, जबकि पाकिस्तान में मुस्लिम बहुत उर्दू भाषी सत्तारूढ़ थे और उनकी सत्ता का केंद्र पश्चिमी पाकिस्तान में था। इस स्थिति के कारण पूर्वी पाकिस्तान सत्ता की ओर से अमानवीय और पक्षपात पूर्व व्यवहार का शिकार हो रहा है। ■

## कविता

# मन की तू कर



डॉ. कौमार्या मनोज

*धैर्य रख के वक्त तेरा, बदल जाएगा*
*आने वाला साल तेरा, संभल जाएगा।*
*रहती नहीं परिस्थितियां, हमेशा एक सा।*
*इंतजार कर तू वक्त तेरा, संभल जाएगा।*
*कल था बोलबाला, जिनकी हुकूमत का।*
*आज बैठे हाथ पसारे, कल की उम्मीद पे।*
*धैर्य रख के वक्त तेरा, बदल जाएगा।*
*कोशिश में रह, कोशिश तू कर, तू जीत जाएगा।*
*धैर्य रख, उम्मीद रख, तू जीत जाएगा।*
*सबकी तू सुन, मन की तू कर, तू जीत जाएगा।*
*धैर्य रख के वक्त तेरा, बदल जाएगा।*
*आने वाला साल तेरा, संभल जाएगा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# रेबीज के क्षेत्र में 'लुई पाश्चर' का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा

लुई पाश्चर का जन्म 27 दिसंबर, 1822, डोल, फ्रांस-एक फ्रांसीसी रसायनज्ञ और सूक्ष्म जीवविज्ञानी थे, जो चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान के सबसे महत्वपूर्ण संस्थापकों में से एक थे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा में पाश्चर का योगदान लगभग बेजोड़ है। उन्होंने आणविक विषमता के अध्ययन का बीड़ा उठाया; पाया कि सूक्ष्मजीव किंवन और बीमारी का कारण बनते हैं, पाश्चराइजेशन की प्रक्रिया शुरू की, फ्रांस में बीयर, शराब और रेशम उद्योगों को बचाया और एंथ्रेक्स और रेबीज के खिलाफ टीके विकसित किए। (1822-1895) स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में अपने अनुयायियों और आम जनता द्वारा अत्यधिक सम्मानित हैं। उन्होंने 1845 में मास्टर डिग्री और 1847 में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दृश्य कार्य अध्ययन सही समय का इंतजार करते हुए, पाश्चर ने इकोले नॉर्मले में प्रयोगशाला सहायक के रूप में काम करना जारी रखा।

वहां उन्होंने अपने डॉक्टरेट शोध प्रबंध के लिए शुरू किए गए शोध पर आगे की प्रगति की-कुछ कणों या समाधानों की समतल-बिखरे हुए प्रकाश को दक्षिणावर्त या वामावर्त घुमाने की क्षमता की जांच करना, यानी 'ऑप्टिकल गतिविधि' प्रदर्शित करना। वह यह दिखाने में सक्षम था कि कई मामलों में यह कार्य यौगिक के क्रिस्टल के आकार से संबंधित है। उन्होंने यह भी दिखाया कि ऐसे प्रकाश-विसरित यौगिकों में अणुओं की एक विशेष आंतरिक व्यवस्था होती है-एक 'असममित' व्यवस्था। इस सिद्धांत का संरचनात्मक रसायन विज्ञान के प्रारंभिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान है-रसायन विज्ञान का वह क्षेत्र जो अणुओं के त्रि-आयामी गुणों का अध्ययन करता है।

किंवन और पाश्चरीकरण लुई पाश्चर अपनी प्रयोगशाला में एक जार में रेबीज से संक्रमित खरगोश की रीढ़ रखते हैं, जिसका उपयोग उन्होंने इस बीमारी के लिए एक टीका बनाने के लिए किया था। लुई पाश्चर अपनी प्रयोगशाला में एक जार में रेबीज से संक्रमित खरगोश की रीढ़ रखते हैं, जिसका उपयोग उन्होंने इस बीमारी के लिए एक टीका बनाने के लिए किया था। विज्ञान इतिहास केंद्र/ग्रेगरी टोबियास पाश्चर ने इस विषय पर वैज्ञानिक पत्रों और संबंधित शोध के माध्यम से अपनी अकादमिक साख



अर्जित की और फिर 1848 में स्ट्रासबर्ग में विज्ञान संकाय और 1854 में लिली में संकाय में नियुक्त हुए। वहां उन्होंने अपने किंवन अध्ययन प्रस्तुत किए। पाश्चर अपने समकालीनों के एक अल्पसंख्यक के दृष्टिकोण से सहमत थे कि हर प्रकार का किंवन एक जीवित जीव द्वारा किया जाता है। उस समय, अधिकांश लोगों का मानना था कि किंवन रासायनिक प्रतिक्रियाओं की एक श्रृंखला से विकसित हुआ है जिसमें एंजाइम-जो स्वयं अभी तक जीवन से सुरक्षित रूप से जुड़े नहीं थे-ने प्रमुख भूमिका निभाई।

1857 में पाश्चर वैज्ञानिक अध्ययनों के निदेशक के रूप में इकोले नॉर्मले में लौट आए। वहां स्थापित की गई मामूली प्रयोगशाला में, उन्होंने किंवन का अध्ययन जारी रखा और आत्म-जिम्मेदारी के सिद्धांत के खिलाफ लंबे समय तक और कड़ी लड़ाई लड़ी। इन बहसों के शुरुआती चरणों में सबसे प्रमुख उनकी किंवन प्रक्रिया के विभिन्न अनुप्रयोग थे, जिन्हें उन्होंने शराब की 'बीमारियों' से निपटने के लिए शुरू में विकसित और पेटेंट कराया था (1865 में)। उन्होंने महसूस किया कि ये अवांछित बैक्टीरिया के कारण होते हैं जिन्हें शराब को 60ए और 100ए के बीच के तापमान पर गर्म करके नष्ट किया जा सकता है।

इस प्रक्रिया को बाद में दूध जैसे सभी प्रकार के अन्य खराब होने वाले सामानों पर लागू किया गया। जिस समय पाश्चर ने किंवन का अध्ययन शुरू किया, उसी समय उन्होंने बीमारी के कारण के बारे में भी एक संबंधित दृष्टिकोण अपनाया। उनका और कई अन्य वैज्ञानिकों का मानना था कि बीमारियां सूक्ष्मजीवों की गतिविधियों के कारण होती हैं-रोगाणु सिद्धांत। 1860 के दशक में, कुछ बीमारियों के कारणों की अपनी जांच के आरंभ में, पाश्चर रेशम के कीड़ों को होने वाले विनाशकारी नुकसान के कारण की पहचान करने में सफल रहे, जो उस समय के महत्वपूर्ण फ्रांसीसी रेशम उद्योग का आधार थे। आश्चर्यजनक रूप से, उन्होंने पाया कि एक नहीं, बल्कि दो सूक्ष्मजीव इसके लिए जिम्मेदार थे। हालांकि, पाश्चर 1870 के दशक के अंत तक बीमारियों के अध्ययन में पूरी तरह से शामिल नहीं हुए, जब विनाशकारी परिवर्तनों की एक श्रृंखला ने उनके जीवन और फ्रांसीसी राष्ट्र को हिलाकर रख दिया। 1868 में, रेशम के कीड़ों का अध्ययन करते समय, उन्हें एक आघात लगा जिससे उनके शरीर का बायां हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया। शरीर है। टीका-प्रतिरोधी वायरस मुर्गी हैजा और एंथ्रेक्स बीमारी के खिलाफ अपने शोध अभियान में, पाश्चर ने शुरू में एंथ्रेक्स के बारे में जो कुछ भी जाना था, उसका विस्तार करने पर काम किया, लेकिन जल्द ही उनका ध्यान मुर्गी हैजा की ओर चला गया। इस जांच के परिणामस्वरूप, उन्होंने वायरस को कम करके या कमजोर करके वैक्सीन बनाने का तरीका खोजा। पाश्चर अक्सर प्रयोगशाला में अध्ययन किए जा रहे कल्चर को हर कुछ दिनों में 'ताजा' करते थे-इस मामले में, मुर्गी हैजा; यानी, उन्होंने उन्हें प्रयोगशाला के मुर्गियों के दिमाग में फिर से डाला, और इसका नतीजा यह हुआ कि पक्षियों को बीमारी हो गई और वे मर गए।

विज्ञान इतिहास केंद्र/ग्रेगरी टोबियास महीनों के प्रयोगों के दौरान, पाश्चर ने मुर्गियों में हैजा के कल्चर को निष्क्रिय रहने दिया, जबकि वे स्वयं छुट्टी पर चले गए। जब वे वापस लौटे और उसी प्रक्रिया को दोहराया, तो मुर्गियां पहले की तरह बीमार नहीं हुईं। पाश्चर आसानी से जान सकते थे कि कल्चर मर चुका है, हालांकि, इन विषयों पर उनके विचारों को देखना संभव है। यह स्पष्ट है। उन्होंने शुरू में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को शामिल सूक्ष्म जीव की जैविक, विशेष रूप से पोषण संबंधी आवश्यकताओं से जोड़ा; यानी, लक्ष्य द्वारा कमजोर किया गया सूक्ष्म जीव या सूक्ष्म जीव ने अपने शुरुआती हमले के दौरान अपने भोजन के स्रोत को समाप्त कर दिया है, जिससे सूक्ष्म जीव के लिए बाद के हमले मुश्किल हो जाते हैं।

बाद में उन्होंने परिकल्पना की कि बैक्टीरिया विषाक्त रसायन उत्पन्न कर सकते हैं जो पूरे शरीर में घूमते हैं, इस प्रकार टीकों में विषाक्त पदार्थों और एंटीटॉक्सिन के उपयोग का सुझाव देते हैं। उन्होंने एली मेटचनिक के सिद्धांत को अपनाकर एक और दृष्टिकोण भी प्रस्तावित किया इंस्टीट्यूट पाश्चर और प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास पर उनके काम से। उन्होंने साबित किया कि 'फागोसाइट्स'-रक्त में सफेद कणिकाएं-शरीर से विदेशी पदार्थों को साफ करती हैं और प्रतिरक्षा का प्राथमिक साधन हैं। 28 सितंबर, 1895 को पाश्चर का सेंट-क्लाउड में निधन हो गया, लेकिन रेबीज के क्षेत्र में उनका महान योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# वो हंसते-हंसते शहीद हो गए पर धर्म पर आंच नहीं आने दी

अपने धर्म के प्रति सभी में गर्व व सम्मान की भावना रहती ही है, लेकिन अपने आप को इसके लिए न्योछावर करना, मिटा देना तो और भी बहुत बड़ी बात हो जाती है।

इतना ही नहीं, इधर तो जान के साथ ही साथ शरीर को भी कई तरह की यातनाओं को दु:ख दर्द व पीड़ाओं को हंसते-हंसते सहते हुए कई एक धर्म प्रेमी शहीद हो गए और उनके मुंह से, सी तक नहीं निकली। न जाने इतना सब उन पवित्र आत्माओं ने कैसे-कैसे सहन किया होगा,,,, ? फिर इतना सब कुछ उनके परिवार के सदस्यों, माता-पिता, भाई-बहनों, जीवन साथी व बच्चों ने कैसे देखा ऐसे भी कई एक सच्चे किस्से सुनने को मिलते हैं, जिनमें एक नहीं, बल्कि तीन पीढ़ियों को लगातार, इस जुल्म की पीड़ा को अपने धर्म पर अडिग रहते हुए सहन करना पड़ा था। हिंदू सिख समुदाय के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी की अपनी तीन पीढ़ियों को धर्म की खातिर लड़ते हुए बलिदान देने पड़े थे।



लेखक : डॉ. कमल के. प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

जिनमें गुरु गोविंद सिंह जी के पिता नौवें गुरु तेगबहादुर को मुगल शासक औरंगजेब द्वारा 11 नवंबर ,1676 को मुस्लिम धर्म स्वीकार न करने पर दिल्ली के चांदनी चौक में मार दिया गया था। फिर गुरु गोविंद सिंह जी के दो पुत्रों को सिरसा लड़ाई में व 2 पुत्रों को सरहद के नवाब वजीर खान द्वारा, दीवार में जिंदा चिनवा दिया था। वर्ष 1704 में मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर गुरुगोविंद सिंह जी को आनंदपुर का किला इस शर्त पर खाली करके जाने को कहा कि शांति से चले जाने पर



किसी भी प्रकार का युद्ध या लड़ाई नहीं की जाएगी। जब गुरु जी किला छोड़ कर सिरसा नदी पार करने लगे तो मुगलों ने धोखे से लड़ाई शुरू कर दी जिसमें गुरु जी के दोनों बड़े(19 वर्ष से छोटे) पुत्र साहिबजादा अजीत सिंह व जुझार सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए। दो छोटे पुत्र फतेह सिंह और जोरावर सिंह (6 व 9 वर्ष वाले) जो अपनी दादी माता गुजरी के साथ थे, उस लड़ाई में बिछड़ गए।

इसी मध्य उन्हें अपना एक रसोईया गंगू पंडित मिल गया, जिसने पैसे के लालच में तीनों( दादी माता गुजरी दोनों पौतों सहित) को धोखा देकर सरहद के गुप्तचरों के पास रहने को छोड़ आया। गुप्तचरों ने आगे तीनों को सरहद के नवाब वजीर खान के पास पहुंचा दिया। नवाब वजीर खान ने( सर्दी के उस मौसम में) तीनों को ठंडे कमरे में ठहराकर उन्हें नजर बंद कर दिया। अगली सुबह उसने दोनों साहिबजादों को अदालत में अपने समक्ष बुला कर पहले तो अपनी मीठी मधुर वाणी से मुसलमान धर्म अपनाने को कहा तथा कई तरह के प्रलोभन भी दिए, जिन्हें दोनों भाइयों ने अपने तर्कों व अपने दादा गुरु तेग बहादुर की कुर्बानी का जिक्र करते हुए, खरी खोटी सुनाई और हर तरह से वजीर खान को नीचा दिखाने का प्रयत्न किया।

नवाब वजीर खान छोटे बच्चों के तर्कों को सुन कर गुस्से से लाल पीला हो गया और उसने दोनों बच्चों को जिंदा दीवार में चिनने का फरमान निकाल दिया। 27 दिसंबर, 1704 को दोनों भाइयों (नन्हें फतेह सिंह व जोरावर सिंह) को निर्दयी नवाब वजीर खान द्वारा सरहद की दीवार में चिनवा दिया। पिता गुरु गोविंद सिंह जी को इस दुखद संदेश का बड़ा आघात पहुंचा, लेकिन उन्होंने मुगलों के अत्याचार का बदला शीघ्र ही 8 मई,1705 में मुगलों के साथ हुई लड़ाई में उन्हें बुरी तरह से पछाड़ कर ले लिया था। मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचारों, खून खराबे और जबरन धर्म परिवर्तन की नीति के फलस्वरूप जहां कई निर्दोष हंसते-हंसते बलिदान देकर शहीद हो गए और अपने हिंदू धर्म को आंच तक नहीं आने दी, हम समस्त देशवासियों की ओर से, बाल बलिदान दिवस पर शत शत नमन।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**इंद्रदेव** की बेरुखी के चलते हिमाचल प्रदेश में पिछले दो महीनों से बारिश नहीं पड़ रही है। मौसम विभाग द्वारा जारी तमाम पूर्वानुमान गलत साबित हो रहे हैं। पहाड़ी राज्य में बारिश न होने के कारण किसान, बागवान सहित आमजन मानस बेहद चिंतित है। बारिश न पड़ने से खुश्क ठंड से राजधानी शिमला में दो लोगों की मौत हो चुकी है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस बार की सर्दी बेहद जानलेवा भी हो सकती है। बरसात के समय भी बारिश पूर्व वर्षों की भांति इस बार कम हुई आंकी गई है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में बारिश का अकाल पड़ना चिंताजनक है। गेहूं फसल बिजाई का समय चल रहा है। किसान, बागवान आसमान की तरफ देखकर मेघ बरसने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मगर बावजूद इसके इंद्रदेव पहाड़ी राज्य की जनता पर अपनी कृपा दृष्टि नहीं कर रहे हैं। **रतन, कांगड़ा**

# चिट्टा एक नशा नहीं, बल्कि समाज को अंदर से खोखला करने वाली चुनौती

यह 'चिट्टा' शब्द सुनते ही मन में एक अजीब घबराहट और डर का एहसास होता है। यह डर केवल एक नशीले पदार्थ तक सीमित नहीं है, बल्कि उससे जुड़ी उन भयानक कहानियों का है, जो हमारी युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेल रही हैं। स्कूलों में पढ़ने वाले मासूम बच्चों से लेकर किशोर युवक-युवतियां तक, इस खतरनाक लत की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। यह सोचकर दिल दहल जाता है कि जब चिट्टे की लत शरीर पर हावी हो जाती है, तो इसे पूरा करने के लिए युवा चोरी, झूठ और धोखे जैसे अपराध करने को मजबूर हो जाते हैं। चिट्टा न केवल शरीर को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार की इज्जत और समाज का विश्वास भी छीन लेता है।



लेखक : डॉ. राजेश चौहान
स्वतंत्र लेखक

यह उन घरों के बच्चों को भी अपराधी बना देता है, जिनका पालन-पोषण संस्कारों और उच्च आदर्शों के साथ हुआ होता है। यह नशा युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों और मूल्यों से विमुख कर देता है। परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते हैं और समाज का हर स्तर इसकी वजह से प्रभावित होता है। 'चिट्टा' शब्द मूल रूप से पंजाबी और उसकी उपबोलियों में सफेद रंग के लिए उपयोग होता था। ड्रग्स के संदर्भ में यह उन पदार्थों के लिए इस्तेमाल किया जाता है जो सफेद या क्रिस्टलीय होते हैं, जैसे हेरोइन, मेथाम्फेटामीन (मेथ), एमडीएमए (एक्स्टेसी), और एलएसडी। पहले यह शब्द केवल हेरोइन के लिए प्रयुक्त होता था, लेकिन अब यह सभी सफेद या क्रिस्टलीय ड्रग्स का पर्याय बन चुका है। हेरोइन अफीम से तैयार की जाने वाली अत्यंत नशीली दवा है।

19वीं सदी में इंग्लैंड के रसायन शास्त्री सीआर एल्डर राइट ने इसे मॉरफीन से तैयार किया था। 1898 में जर्मन कंपनी बायेर ने इसे दर्द निवारक और खांसी के इलाज के लिए एक



'चमत्कारी औषधि' के रूप में प्रस्तुत किया, लेकिन जल्द ही यह समझ आ गया कि हेरोइन मॉरफीन से कहीं अधिक नशीली और खतरनाक है। दूसरी ओर, मेथाम्फेटामीन, जिसे 'मेथ' के नाम से भी जाना जाता है, एक सिंथेटिक ड्रग है। इसका क्रिस्टलीय रूप, जिसे 'क्रिस्टल मेथ' कहा जाता है, तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। 20वीं सदी में इसका उपयोग फोकस बढ़ाने और थकान मिटाने के लिए किया जाता था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन और जापानी सैनिकों को सतर्क रखने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया। हालांकि, यह ड्रग्स मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है और व्यक्ति को हिंसक और असंवेदनशील बना देता है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश और भारत के अन्य राज्यों में चिट्टे की समस्या ने एक भयावह रूप ले लिया है। यह केवल युवाओं के व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद नहीं कर रहा, बल्कि समाज के नैतिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को भी तहस-नहस कर रहा है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चे, जो देश का भविष्य हैं, इस नशे की गिरफ्त में आकर अपने सपने और उद्देश्य खो रहे हैं।

चिट्टा उपयोगकर्ताओं की लत बढ़ने के साथ, वे इसे पूरा करने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। माता-पिता के गहने और घर का सामान बेच देना, चोरी करना, या यहां तक कि हिंसक अपराधों में लिप्त हो जाना आम बात हो गई है। नशे में धुत्त बच्चे अपने परिवारों को तोड़ रहे हैं और समाज के लिए एक बड़ा खतरा बन रहे हैं। हेरोइन और मेथाम्फेटामीन दोनों ही शरीर और दिमाग को गंभीर क्षति पहुंचाते हैं। हेरोइन केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को धीमा कर देती है, जिससे व्यक्ति को एक अस्थायी राहत और आनंद का अनुभव होता है, लेकिन इसके उपयोग से शारीरिक और मानसिक निर्भरता इतनी बढ़ जाती है कि व्यक्ति इसका गुलाम बन जाता है। दूसरी ओर, मेथाम्फेटामीन दिमाग और शरीर के बीच सिग्नल ट्रांसमिशन को तेज करता है। चिट्टा केवल एक नशा नहीं, बल्कि यह समाज को अंदर से खोखला करने वाली चुनौती है। इसे जड़ से मिटाने के लिए सामूहिक प्रयास और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। समाज का हर सदस्य, चाहे वह युवा हो, माता-पिता हों या प्रशासनिक अधिकारी सभी को इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी होगी। केवल तभी हम इस समस्या को खत्म कर पाएंगे और अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दे पाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# सभी के जीवन में नया साल नई उमंग, नई तरंग और नए जोश के साथ आए

बीते कुछ सालों से ऐसा मालूम पड़ता है कि समय तेज गति से भाग रहा है, हालांकि हकीकत में ऐसा नहीं है क्योंकि समय की अपनी एक कार्यप्रणाली है जो अनंत काल से ज्यों की त्यों चल रही है। समय अपनी गति अनुसार ही चल रहा है, लेकिन बीते कुछ सालों से, हम इंसानों में बहुत बदलाव आया है। जैसे हमारे व्यवहार में, बोलचाल में और रीति रिवाज में, पहले और मौजूदा दौर में दिन रात का फर्क है।



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला, हिप्र

न्यू ईयर का जश्न मनाने के तौर-तरीके को ही देख लो। कितना कुछ बदल गया है। मौजूदा वक्त के तौर-तरीके तो सबको मालूम ही है, लेकिन जब हम छोटे होते थे तो नया साल मतलब एक जनवरी। उसके आने की अलग ही खुशी होती थी। उस समय दोस्तों, रिश्तेदारों और खास जान-पहचान वाले लोगों को ग्रीटिंग कार्ड देने की प्रथा होती थी। सब लोग अपनी हैसियत के अनुसार और दोस्तों की क्वालिटी के अनुसार उनको कार्ड देते थे। क्वालिटी मतलब जो बेस्ट फ्रेंड होता था उसको10/15 रुपए वाला कार्ड और जो बाकी थोड़े कम खास होते थे उनको 5 रुपए वाले कार्ड से ही निपटा लेते थे। न्यू ईयर कार्ड हम अपने अध्यापकों को भी देते थे। सबसे पसंदीदा अध्यापक को सबसे अच्छा कार्ड देते थे। कार्ड भेजने के लिए सबसे बड़ा मुश्किल कार्य होता था, कार्ड पर शायरी लिखने का। किसके लिए कौन सी शायरी लिखनी है, ये सबसे दिलचस्प होता था।

सबसे अच्छे दोस्तों के लिए स्पेशल शायरी होती थी। जैसे लक्स जैसी खुशबू



हमाम में कहां, तेरे जैसी/जैसा दोस्त हिंदुस्तान में कहां। उसके बाद आते थे थोड़े कम खास दोस्त, उनके लिए शायरी भी उनकी तरह ही, ऐरी गैरी होती थी। जैसे चीटी चढ़ी पहाड़ पे अंधेरा हो गया, अंधे ने आंख मारी सबेरा हो गया।

इन सब बातों का कोई लॉजिक नहीं होता था फिर भी लिखना बहुत जरूरी होता था। दूसरों से पूछ-पूछ कर लिखते थे। कुछ लोगों ने तो बाकायदा डायरी भी बना रखी होती थी। कहीं से कोई नहीं शायरी सूनी तो झट से डायरी में लिख देते थे ताकि जरूरत पड़ने पर इधर उधर न पूछनीं पड़े। वो जमाना कितना मासुमियत भरा होता था। सबके दिलों में प्यार मोहब्बत होता था।

उस वक्त लोग शब्दों और उनके अर्थ पर नहीं जाते थे, बल्कि व्यक्ति की भावनाओं को समझते थे। अब इस लाइन को ही देख लीजिए दूध मांगोगे तो खीर देगें और कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे। इस लाइन का भला न्यू ईयर ग्रिटिंग पर लिखने का क्या अर्थ ? लेकिन फिर भी लिखते थे और खुश होते थे नई नई लाइन सुनकर। जैसे सांप निकला बिल से सूरसूराते हुए, नया साल मुबारक हो मुस्कुराते हुएं। इन सब शब्दों का मतलब कुछ खास नहीं होता था, मगर खास लोगों को खास महसूस करवाने के लिए ऐसे अजीबो-गरीब वाक्य लिखकर भेजते थे और मिलने पर उस अजीबो-गरीब लाइन को लेकर एक दूसरे की खूब खिंचाई भी करते थे, लेकिन वक्त हमेशा एक जैसा नहीं रहता। बदलता रहता है और बदलते वक्त के साथ साथ हमारे भीतर भी एक साकारात्मक बदलाव आना चाहिए, ताकि हम दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके, वरना हम पिछड़ जाएंगे। सभी के जीवन में नया साल, नई उमंग, नई तरंग और नए जोश के साथ आए। नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से शपथ ग्रहण व कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता और सजगता को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा चिन्हों और लर्नर लाइसेंस प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

## कृष्ण महादेविया की कहानी किताब में शामिल

**भीम बसेड़, महादेव।** उपन्यासकार गंगाराम राजी और कृष्ण महादेविया की कहानी बचपन के रंग बड़ों के संग स्वतंत्र प्रकाशन, प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक में शामिल की गई है। गंगाराम राजी की कहानी हैप्पी बर्थडे टू यू और कृष्ण महादेविया की बाल कथा यक्षिणी बचपन के रंग बड़ों के संग बाल कहानियों के संग्रह में वंदना भांगड़ा के संपादकत्व में प्रकाशित की गई है। गौरतलब है की सुविदित लेखिका शोभा श्रीनिवासन द्वारा इस पुस्तक का विमोचन 21 दिसंबर को गिएटी थिएटर शिमला में किक्रेटी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य आयोजन में किया गया। शोभा श्रीनिवासन द्वारा अपने संबोधन में हिमाचल के बाल साहित्यकारों की प्रशंसा की सुविदित लेखिका और अनुवादक प्रोफेसर मीनाक्षी पॉल ने अपने संबोधन में बचपन के रंग बड़ों के संग 31 बाल कहानियों की बात रखी। विशेष कर उन्होंने कृष्ण महादेविया की यक्षिणी और संदीप शर्मा की पत्थर चौथ का हिमाचल के परिपेक्ष्य में जिक्र किया। वहीं कृष्ण महादेविया बाल साहित्य में बाल एकांकी संग्रह कुड़ादान, 21 लोक कथाएं और रंगीलू की शैतानी बाल कथा संग्रह, प्रदेश की हिमाचली पहाड़ी भाषा में पहला लघुकथा संग्रह संधी, एकांकी संग्रह ढेका नंगारा सहित तीन लघुकथा संग्रह, लोक साहित्य में आठ पुस्तकें पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं।



## नवनिर्वाचित द्रंग युकां उपाध्यक्ष का पधर में स्वागत



**कविता, पधर।** हाल ही में द्रंग युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष अक्षय वर्मा का पार्टी मुख्यालय पधर में जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में युवा सदस्य शामिल हुए, जिन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी के भविष्य को लेकर उत्साह प्रकट किया। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अक्षय वर्मा ने अपने संबोधन में युवा कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से धन्यवाद किया और कहा कि पार्टी के युवा सदस्य हमारी शक्ति और भविष्य हैं। इस अवसर पर कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष कुंवर देशराज, नवीन सकलानी अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी डलाह, प्रधान ग्राम पंचायत तरसवाण जय सिंह, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष चौहान ओम प्रकाश, पूर्व उप प्रधान शेष राम, सुरेश कुमार राव पूर्व उपाध्यक्ष द्रंग कांग्रेस सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामान्य वर्ग कल्याण समिति की बैठक 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति जिला की मासिक बैठक 28 दिसंबर को संकन गार्डन मंडी में 11.30 बजे होगी। सामान्य वर्ग कल्याण समिति के नाम सिंह जंवाल ने बताया कि इसमें सभी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष और महासचिव भाग लेंगे।

## सोहन लाल ठाकुर ने पौडाकोठी में सुनी समस्याएं



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत पौडाकोठी के एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पहुंचे पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर का स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोहन लाल ठाकुर को पार्टी की मौजूदा स्थिति से अवगत करवाया और कांग्रेस को मजबूत करने की शपथ ली। इस मौके पर पूर्व सीपीएम सोहन लाल ठाकुर ने स्थानीय लोगों की जनसमस्याएं भी सुनी तथा उनकी जायज मांगों को सुना और सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## जोगिंद्रनगर के दीक्षित राणा ने अल्ट्रा रन में रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के दीक्षित राणा ने भारत की कठिनतम अल्ट्रा दौड़ों में से एक 'दी हेल रेस-दी बॉर्डर' में 50 किलोमीटर की दूरी 6 घंटे 30 मिनट में पूरी कर अद्वितीय सफलता हासिल की। रेतीले टीलों, तेज हवाओं और दिन-रात के चरम तापमान के बीच यह दौड़, धैर्य और मानसिक दृढ़ता की परीक्षा मानी जाती है। यह अल्ट्रा रन जैसलमेर से लोंगेवाला के बीच आयोजित होती है और इसमें 50, 100, और 160 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। दिन में 35 डिग्री की भीषण गर्मी और रात में 4 डिग्री की ठंड के बीच दीक्षित ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और फिटनेस का प्रदर्शन किया।



दीक्षित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच, पत्नी अदिति राणा, और दोस्तों को दिया। उनके पिता रोहित राणा बिजली बोर्ड के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता हैं, जबकि उनकी माता ललिता राणा गृहिणी हैं। दीक्षित गुड़गांव की एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं और चेन एंड स्पाइक्स व धावक रनिंग ग्रुप के सक्रिय सदस्य हैं। पिछले वर्ष भी दीक्षित ने जम्मू से पालमपुर साइकिल राइड में हिस्सा लेकर कारगिल वीरों को समर्पित एक अनूठी पहल की थी। दीक्षित राणा ने अपनी जीत के बाद युवाओं को खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, खेल जीवन को दिशा देता है और आत्मविश्वास को बढ़ाता है। जोगिंद्रनगर के इस होनहार खिलाड़ी की उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पंचायत धर्मपुर में शामिल करने का जबर्दस्त विरोध

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर को नगर पंचायत बनाने का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार द्वारा धर्मपुर को नगर पंचायत बनाए जाने की अधिसूचना जारी की है। इसके विरोध मे धर्मपुर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों ने पहले भी विरोध व आपत्ति दर्ज की थी। मगर पिछले कल ही सरकार द्वारा फिर इसके अधिसूचना जारी की है। इसमें धर्मपुर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों छुपाणु, बनवार कलां, करोला, बरतो, गलू, वरडाणा व कलस्वाई को इसमें शामिल किया है। जिसका आज फिर उपरोक्त गांव के महिला पुरुषों ने इकट्ठा होकर धर्मपुर बाजार में एक रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और बाद में एसडीएम के माध्यम से सरकार को फिर से ज्ञापन सौंपा गया, इसमें मांग की है कि धर्मपुर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पंचायत में शामिल न किया जाए।

धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए धर्मपुर से पूर्व में रहे भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर ने सरकार व प्रशासन को चेताया हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों को इसमें शामिल न किया जाए और जबरदस्ती अगर शामिल किया गया तो धर्मपुर के लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे और भूख हड़ताल भी करेंगे,जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।

इस मौके पर धर्मपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष लेखराज, पंचायत समिति अध्यक्ष राकेश कुमार, पंचायत प्रधान धर्मपुर ज्योति देवी, व विभिन्न वार्डों से आए सैकड़ों महिला पुरुषों ने भाग लिया।



धर्मपुर को नगर पंचायत बनाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते हुए लोग।

### एसडीएम धर्मपुर के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन


ज्ञापन प्रेषित करते हुए सामूहिक चित्र में ।

### लोग सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को होंगे मजबूर

**वहीं** दूसरी तरफ धर्मपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार व धर्मपुर पंचायत प्रधान ज्योती देवी ने भी धर्मपुर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों को नगर परिषद में शामिल करने का विरोध किया। अब देखना बाकी है कि सरकार व प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करते है अगर लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ हुआ तो लोग सड़कों पर उतरकर संघर्ष का बिगुल बजा सकते हैं।

# हार्ट अटैक से दो सगे भाइयों की मौत, टूटा दुखों का पहाड़

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

उपमंडल मकरीड़ी की ग्राम पंचायत व गांव द्रुबल में मंगलवार का दिन दुखदायी रहा, जब एक ही दिन में दो सगे भाईयों की मौत हो गई। रामनाथ (68), जो पेशे से मिस्त्री थे जिनका सुबह 4 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके छोटे भाई ज्ञानचंद, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में इंस्पेक्टर के पद पर पंजाब में तैनात थे, जिनका उसी दिन सुबह 7 बजे हृदयाघात से निधन हो गया। दोनों भाई बीमार चल रहे थे और हार्ट की समस्या से जूझ रहे थे।

रामनाथ अपने पीछे पांच बेटियां, एक बेटा और पत्नी को छोड़ गए तो ज्ञानचंद अपने दो बेटों अक्षित और अतुल के साथ परिवार को असमय अकेला छोड़ गए। इंस्पेक्टर ज्ञानचंद का अंतिम संस्कार गुरुवार को चौंतड़ा विकासखंड के मोक्षधाम में पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ किया गया। उनकी पत्नी सुभद्रा ने सुहाग के जोड़े में अपने पति को विदाई दी।

मौके पर तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा, पंचायत प्रधान रविंद्र, कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर और विधायक प्रकाश राणा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


दोनों मृतक भाइयों की फाइल फोटो।

### दोनों भाई थे बीमार, हार्ट की थी समस्या

### छत्तीसगढ़ में तैनात ज्ञानचंद घर आए थे छुट्टी

**छत्तीसगढ़** में तैनात ज्ञानचंद छुट्टी पर घर आए थे। मंगलवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में पालमपुर के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। दोनों भाइयों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# नेरचौक गुरुद्वारा से हजूर साहिब के लिए जत्था रवाना


नेरचौक से हजूर साहिब के लिए रवाना होता जत्था।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नेरचौक से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए पवित्र यात्रा रवाना हो गई है।

गुरुकोठा साहिब गुरुद्वारा रिवालसर साहिब की प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदारा सिंह की अगवाई में नेरचौक गुरुद्वारा साहिब से एक सौ दस संगतों का जत्था दो बसों में महाराष्ट्र स्थित तख्त श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए यात्रा वीरवार सुबह अरदास के उपरांत रवाना हो गई।

प्रबंधक कमेटी के सचिव मनप्रीत सिंह ने बताया के जत्थे में नेरचौक, मंडी, गुटकर, सोयरा, नेला, सुंदरनगर घुमारवी, ढावन, कानैड, पाली, पुरानी मंडी, रत्ती, धर्मपुर व विभिन्न स्थानों से संगत तख्त साहिब के दर्शनों के लिए रवाना हुई है।

## हितेश शर्मा बने युकां सुंदरनगर के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में हितेश शर्मा सुंदरनगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। हितेश शर्मा इस चुनाव में प्रदेश भर में सबसे अधिक 4663 मतों के साथ जीत हासिल कर लगातार दूसरी बार इस पद पर नियुक्त हुए हैं।



हितेश शर्मा के साथ ही सुंदरनगर नगर परिषद क्षेत्र से धैर्य शर्मा, सुंदरनगर ब्लॉक से पवन कुमार और निहरी ब्लाक पवन ठाकुर ने इस चुनाव में जीत हासिल की है। हितेश शर्मा ने कहा कि यह जीत उनके सभी युवा साथियों की है।

# डीन डॉ. देव प्रकाश फेलो पुरस्कार से सम्मानित

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

अभिलाषी यूनिवर्सिटी चैलचौक में मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ़ मथुरा में एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड फार्मेसी द्वारा 'मानव स्वास्थ्य के लिए बायोफार्मास्यूटिकल्स और ट्रांसलेशनल रिसर्च में उभरते रुझान' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें अभिलाषी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन को फेलो पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस सम्मेलन में डॉ. देवप्रकाश ने 'न्यूरोप्रोटेक्टिव गतिविधि पर प्राकृतिक उत्पादों की भूमिका' पर व्याख्यान दिया। इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, अनुसंधान विद्वान आंचल सांख्यान और भवनेश्वरी ने क्रमशः 'गिरार्डिनिएडिवर्सिफोलिया लोडेड एंटी-इंफ्लेमेटरी नियोसोमल जेल और इम्पेतिन्स ग्लैंडुलिफेरा की घाव भरने की क्षमता का निर्माण, लक्षण वर्णन और अनुकूलन' पर मौखिक प्रस्तुतियां प्रदान की जो कि वैज्ञानिक छात्रों के लिए बहुत जानकारी पूर्ण और उपयोगी थी।


अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित करते हुए गणमान्य।

इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने पुरस्कार के लिए डॉ. देव प्रकाश को बधाई दी।

जीनियस एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की उपाध्यक्ष प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य व डीन डॉ. डीके मिश्रा और अन्य प्रबंधन अधिकारियों ने उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य की शोध गतिविधियों के लिए डीन, संकाय और विद्वानों को प्रोत्साहित किया।( अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रीय संगोष्ठी एसपीयू मंडी में शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में एसपीयू मंडी में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता और भारत का एकीकरण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि चंद्रशेखर सदस्य धर्मपुर निर्वाचन क्षेत्र और एसपीयू मंडी की कार्यकारी परिषद के सदस्य रहे।

वहीं प्रो. एडीएन वाजपेयी पूर्व कुलपति एचपीयू शिमला और कुलपति अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय संगोष्ठी के अतिथि वक्ता थे। प्रो. ललित कुमार अवस्थी कुलपति एसपीयू ने समारोह की अध्यक्षता की, डॉ. योगिंद्र निदेशक इग्नू क्षेत्रीय केंद्र शिमला और डॉ. चेत राम गग, निदेशक ठाकुर राम सिंह शोध संस्थान नेरी विशिष्ट अतिथि थे।


कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में मुख्यातिथि एवं अन्य।

एसपीयू की प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने स्वागत भाषण दिया और सेमिनार में आए सभी अतिथियों और गणमान्यों का स्वागत किया। प्रो. राजेश शर्मा डीन छात्र कल्याण ने अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. एएनडी बाजपेयी ने सरदार पटेल की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से की। चंद्रशेखर ने कहा कि इस तरह के सेमिनार हमारी नई पीढ़ियों को भारत की एकता और अखंडता में सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान से अवगत कराने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# नववर्ष को लेकर डैहर और पंडोह में मंडी पुलिस ने की नाकाबंदी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पर्यटन सीजन और नए साल के जश्न के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सही और सुचारु रूप से से चलाने के लिए सुंदरनगर और पंडोह में दो नाके लगाए गए हैं ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा सके।


एसपी मंडी साक्षी वर्मा

मंडी एसपी साक्षी वर्मा ने कहा कि पर्यटक कुल्लू मनाली घूमने के लिए मंडी जिला से ही गुजरेंगे जिनका स्वागत है और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए कुल्लू मनाली नेशनल हाईवे में पेट्रोलिंग के लिए पुलिस जवानों और क्यूआरटी टीम को तैनात किया गया है जो सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगी।

शीतकालीन अवकाश और पर्यटन सीजन के मध्यनजर मंडी जिला में नवनिर्मित किरतपुर मनाली फोरलेन पर कुल्लू मनाली की ओर वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से आग्रह किया है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें और लेन डिसिप्लीन का भी ध्यान रखें।

## वर्ष-2025 के लिए जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**मंडी।** जिले में कैलेंडर वर्ष-2025 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिले के सदर मंडी, बल्ह, गोहर, थुनाग, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, बालीचौकी, पधर, सरकाघाट व कोटली उपमंडलों में 13 मार्च, 2025 (वीरवार) को होली पर्व एवं 16 सितंबर, 2025 (मंगलवार) को सायर पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश रहेगा।

करसोग व धर्मपुर उपमंडलों में 14 जनवरी, 2025 (मंगलवार) को मकर संक्रांति एवं 16 सितंबर, 2025 (मंगलवार) को सायर पर्व का स्थानीय अवकाश रहेगा।

# साहिबजादों की कुर्बानी हमेशा प्रेरित करती रहेगी : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की कुर्बानी हमेशा आने वाली पीढ़ियां को प्रेरित करती रहेगी। उनकी कुर्बानी हमेशा यह संदेश देती रहेगी की किसी भी पाशविक बर्बरता से कोई मानवता और दृढ़ संकल्प को कभी भी नहीं हरा सकता। जिस समय मुगलिया बर्बरता के सामने न झुकते हुए दोनों साहिबजादों ने अपनी कुर्बानी दी थी उस समय उनकी उम्र मात्र 6 साल और 9 साल थी। मनुष्यता के इतिहास में अबोध बालकों के साथ इस तरीके की बर्बरता की मिसाल कहीं और नहीं मिलती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मैं समूचे देश की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने साहिबजादों की शहादत के दिन को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया।

यह बातें उन्होंने मंडी के नाचन विधानसभा क्षेत्र के हटगढ़ सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर उनके साथ नाचन के विधायक विनोद कुमार और मंडी के जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा एवं विधायक प्रबंधन समिति के साथ साथ भारी संख्या में छात्र, उनके परिजन उपस्थित रहे।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते जयराम।

### सरकार ने 3 माह तक लगाई भर्ती पर रोक

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि अखबारों के माध्यम से पता चल रहा है कि सरकार ने सभी विभागों को पत्र लिखकर नई भर्ती, नए संस्थान और पुराने संस्थानों के स्तरोन्नत पर रोक लगा दी है। जिसका मतलब अब न कोई नए संस्थान खुलेंगे और नहीं नई भर्तियां हो पाएंगी। पहले सरकार द्वारा युवाओं को नौकरी देने पर अघोषित रूप से रोक लगाई थी, पद समाप्त किया जा रहे थे, आउटसोर्स पर लगे लोगों को निकाला जा रहा था। अब सरकार द्वारा सभी विभागों को इसके लिए आधिकारिक पत्र लिख दिया गया है।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नवाजे अपने योद्धा



**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी समारोह के दूसरे दिन की शुरुआत मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच से पारम्परिक लोक नृत्यों के साथ हुई, जिसमें कोटली क्षेत्र से प्रख्यात लोक कलाकार देशराज की अगुवाई में आई टीम ने तुंगल नाटी की भव्य प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस दौरान समीर कश्यप तथा प्रख्यात बांसुरी वादक हरदेव हरि की टीम की ओर से क्रांतिकारी गीतों का सिलसिला जा रहा। समारोह के लिए सेरी मंच को प्रदेश के मशहूर रंगकर्मी स्वर्गीय लवण ठाकुर का नाम देकर उनके जीवनकाल के दौरान लोक कला में उनके योगदान को याद किया गया। पारंपरिक लोक वाद्य यंत्रों के साथ रैली में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता आयोजन स्थल विपाशा सदन पहुंचे।

इस दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दिवंगत नेताओं कामेश्वर पंडित, केसी सूद, शंकर सिंह चंदेल, डीडी गुलजार, हिमाल चन्द, भगतराम, उमेश घई, रामलाल, पन्नालाल, मकरध्वज, एआर बेताब, मस्तराम वालिया, नरेश पंडित आदि को उनके परिजनों के माध्यम से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके पार्टी कार्यकर्ताओं को भी शताब्दी समारोह के दौरान सम्मानित किया गया । (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवा विकास खंड सदर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**

दिनांक 18.12.2024 को ग्राम पंचायत/ ग्राम सभा शिवा की बैठक प्रधान की अध्यक्षता में हुई जिसमें 7/7 सदस्यों की उपस्थिति रही। जिसमें ग्राम पंचायत शिवा की निविदाएं वर्ष 2024-25, 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। शिवा की निविदाएं विकासात्मक कार्यों मनरेगा सहित वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 तक निम्न सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जो केवल व्यक्ति/ पंजीकृत फर्म निविदा बंद लिफाफे में डाक के माध्यम से कार्यालय ग्राम पंचायत शिवा में दिनांक 8.1.2025 तक 10 बजे जमा करवा सकते हैं। निविदाएं उसी दिन दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। जिसके लिए निविदादाताओं को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है।

1. बजरी 10 एमएम, 20 एमएम, 63 एमएम, 2 रेत क्रशर प्लांट का, 3. सोलिंग पत्थर, 4.कट स्टोन, 5 शटरिंग स्क्वेयर फीट, 6. जेसीबी कटिंग ब्रेकर मिक्चर 7. सामग्री ढुलान, घोड़े द्वारा सड़क से कार्यस्थल तक बिना जीएसटी दर 8. किराया सीमेंट सिविल सप्लाई से कार्य स्थल तक 9.कार्य हेतु सूचना बोर्ड, 10. डस्टबिन,

नियम व शर्तें

सामग्री की दरें जीएसटी /एसजीएसटी/एम फार्म सहित दें।

कटिंग ओवरराइटिंग वाली निविदाएं मान्य नहीं होंगी। सामग्री पूरे पंचायत क्षेत्र में जहां तक गाड़ी जाती है, वहां तक पहुंचानी होगी। रोड़ चाहे कच्चा हो या पक्का। पंचायत द्वारा सामग्री मांगने पर समय पर सामग्री न देने तथा सामग्री की गुणवत्ता सही न होने पर निविदाएं रद्द की जाएगी। सामग्री की अदायगी तकनीकी कार्यवाही के आधार पर की जाएगी। चालित निविदादाता को मु. 10000 रुपए अग्रिम/सुरक्षित धरोहर राशि के रूप में रखी जाएगी व उसी दिन प्लेज करनी होगी। निविदाएं समाचार पत्रों के माध्यम से की जाएगी। निविदादाताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि सामग्री रेत, बजरी , पत्थर इत्यादि बिलों की अदायगी एम फार्म के बिना नहीं की जाएगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत शिवा विकास खंड

सरोकार

## महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत त्रैमासिक खंड स्तरीय बैठक का आयोजन

# गोहर ब्लॉक में बच्चों को सामाजिक सुरक्षा के तहत मिल रही राशि

**अनंत ज्ञान, गोहर**

एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में त्रैमासिक खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी बीएल चौहान ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनैट ने सामाजिक कल्याण व अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे समेकित बाल विकास सेवाएं परियोजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, देई के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना आदि के संचालन के लिए निर्देश दिए।



समेकित बाल विकास सेवाएं परियोजना के अंतर्गत गोहर ब्लॉक की 47 ग्राम पंचायतों के 10 पर्यवेक्षक वृतों में 232 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन आंगनबाड़ी केंद्रों का लाभ लगभग 79686 की आबादी को मिलता है। योजना के अंतर्गत गोहर ब्लॉक में 36 पात्र बच्चों में से 28 बच्चे 18 से 27 वर्ष के हैं तथा 8 बच्चे 18 वर्ष से कम की आयु के हैं। बच्चों को सामाजिक सुरक्षा राशि प्रदान की जा रही है।

### अधिकारी नशे के खिलाफ बच्चों को करें जागरूक

**बैठक** में एसडीएम गोहर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक करने, कम उम्र मे शादी करने पर लड़कियों के मानसिक व शारीरिक विकास पर पड़ने वाले प्रभावों, युवा पीढ़ी में नशा, ड्रग्स विषयों से संबंधित में जागरूक करने के भी निर्देश दिए। अपना विद्यालय के अंतर्गत गोद लिए गए स्कूल और कॉलेज में इन विषयों पर भी बच्चों को जागरूक करने पर सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# हिमालयन स्कूल के समारोह में मेधावी छात्र सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट ने 35वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि थौना वार्ड से जिला परिषद सदस्य व समाज सेवी चंद्र मोहन शर्मा उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा, मुख्य सलाहकार बी राणा, अध्यापक वर्ग, छात्रों तथा प्रबंधन समिति के समस्त समस्त सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। समारोह में मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षिक व अन्य गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया।


मुख्यातिथि को सम्मानित करते गणमान्य।

मुख्यातिथि चन्द्र मोहन शर्मा ने पाठशाला के लिए तीन लाख इकतीस हजार रुपए भेंट किए। स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन राज कुमार शर्मा और प्रधानाचार्य प्रेम लता ने इसके लिए मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

# जिले में 1153 हेक्टेयर भूमि पर हो रही प्राकृतिक खेती

## अच्छी पहल : 9 हजार से अधिक किसानों ने अपनाई है प्राकृतिक खेती, केंद्र और प्रदेश सरकार दे रही सहायता

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिले की 1153 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। इसमें जिले के करीब नौ हजार किसान जुड़ चुके हैं। यह क्षेत्र लगातार बढ़ाया जा रहा है। कृषि विभाग इस दिशा में किसानों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक कर रहा है।

आतमा परियोजना निदेशक डॉ. वीरेंद्र कुमार बग्गा ने बताया कि ऊना जिले के तीन विकास खंड अंब, बंगाणा एवं गगरेट में किसान वर्ष 2018 से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर किसानों के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रहीं हैं, ताकि किसानों की आर्थिकी में सुधार आ सके।

इन योजनाओं के द्वारा किसानों को विभिन्न प्रकार के आदानों पर अनुदान दिया जाता हैं। वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 'सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती' को शुरू किया गया था। इस योजना का उद्देश्य किसानों द्वारा शून्य लागत पर खेती करना है तथा रसायनों पर आधारित खादों तथा कीटनाशकों के उपयोग पर खेती में प्रतिबंध लगाना है ताकि मृदा, पानी, पेड़-पौधे, जल, वायु आदि रसायन युक्त न हो तथा मनुष्य को खाने-पीने के लिए रसायन रहित खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।


प्राकृतिक खेती के प्लॉट में उत्पादन दिखाते कृषि अधिकारी और किसान।

इन रसायनों के खेती में बढ़ते उपयोग ने मनुष्य के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डाला है तथा कई कैंसर जैसी भयानक / लाइलाज बीमारियों की संख्या में बढ़ौतरी हुई है। इन्हीं दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' हिमाचल प्रदेश राज्य में शुरू की गई। वर्ष 2018 में चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्व विद्यालय द्वारा अंब, बंगाणा एवं गगरेट के किसानों को प्रशिक्षण दिया गया, यह प्रशिक्षण पद्मश्री सुभाष पालेकर द्वारा दिया गया।

इस प्रशिक्षण में किसानों ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न स्तम्भों के बारे में जानकारी प्राप्त की है। किसानों ने प्राकृतिक खेती में रूचि ली। प्रतिवर्ष प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रंबधन अभिकरण कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के माध्यम से किसानों को देसी गाय जैसे साहिवाल, राठी, रेड सिंधी, थारपारकर, गिर, कांक्रेज, ओंगोले, देसी पहाड़ी तथा देसी हरयाणवी इत्यादि खरीदने पर 25 हजार की सहायता दी जाती है।

ड्रम खरीदने पर 75 फीसद अनुदान जैसे 150-200 लिटर क्षमता वाले तीन ड्रमों की खरीद पर 2250 रुपए का अनुदान मिलता है व गोमूत्र इकट्ठा करने के लिए फर्श बनाने पर 8 हजार रुपए की सहायता, संसाधन भंडार चलाने हेतु 10 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान है।

**डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स :** इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला ऊना के इनपुट डीलर्स को एक साल का डिप्लोमा करवाया जाता है, ताकि वे कृषि के विभिन्न पहलुओं से परिचित हो सकें और किसानों को और अच्छी सेवाएं प्रदान कर सकें। यह डिप्लोमा 48 सप्ताह का है जिसमें 40 कक्षाएं तथा 8 विभिन्न संस्थानों और किसानों के खेतों के भ्रमण दौरे हैं। यह कार्यक्रम अवकाश वाले दिन (रविवार) को ही रखा जाता है ताकि इनपुट डीलर्स के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और अब तक देसी डिप्लोमा के 6 बैच पूरे हो चुके हैं तथा सांतवें बैच का डिप्लोमा कोर्स शुरू हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर अंब-बंगाणा और गगरेट

कृषि विभाग की अधिकारी शामली गुप्ता ने बताया कि कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) केंद्र प्रायोजित योजना में किसानों के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शनी प्लाट फार्म फील्ड स्कूल इत्यादि का प्रावधान है। जिला ऊना में प्राकृतिक खेती की इस पद्धति के प्रचलन के लिए वर्ष 2018 से वर्ष 2024 तक बंगाणा, अंब एवं गगरेट के किसानों को 4349 प्लास्टिक ड्रम, 145 देसी गाय, 63 संसाधन भंडार तथा 192 किसानों को गोमूत्र इकट्ठा करने के लिए फर्श बनाने पर सहायता दी जा चुकी है। इन तीन विकास खंडों में 11041 किसानों को प्राकृतिक खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा 9195 किसान इस प्राकृतिक खेती को सफलतापूर्वक 1153.646 क्षेत्रफल पर कर रहे हैं। वर्ष 2024 में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत तीनों विकास खंडों में कुल 1040 साइकिल हल वितरित किए गए हैं। हमें आशा है कि एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी (आत्मा) आने वाले समय में नए आयाम स्थापित करेगा। इन तीनों विकास खंडों का अवलोकन शामली गुप्ता ने किया। उन्होंने अभी किसानों से अनुरोध किया की प्राकृतिक खेती से जुड़ी जानकारी के लिए विकास खंडों में नियुक्त एटीएम एवं बीटीएम से संपर्क कर सकते हैं। सोनू (कृषि तकनीकी प्रबंधक, ब्लॉक बंगाणा 89884-19214, ओशिन (ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक गगरेट) 70189-44528, रवि कुमार (ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक, ब्लॉक बंगाणा 89881-85135 से जानकारी हासिल कर सकते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बंगाणा कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'सड़क सुरक्षा की जानकारी और सुझाव' था। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तन्वी ने, द्वितीय स्थान बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा स्नेह सुमन ने और तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता कौंडल ने प्राप्त किया। वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र अभिषेक शर्मा ने, द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनामिका राणा ने और तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र दिव्यांशु शर्मा ने हासिल किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. किरण कुमारी, डॉ. विनोद कुमार और प्रोफेसर कृष्ण चंद ने निभाई। इस अवसर पर प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सड़क हादसों को कम करने के लिए उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना है। कार्यक्रम में प्रोफेसर कमलेश कुमार, रोड सेफ्टी बंगाणा के कैंपस लीडर अनीता राणा, एनएसएस के महासचिव परीक्षा और रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य भी उपस्थित थे।

### बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में मनाया वीर बाल दिवस



**विवेक शर्मा, अंब।** गुरुद्वारा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में वीर बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें गुरुद्वारा बाबा बड़भाग सिंह जी के प्रबंधकों व संचालकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे बच्चों को वीरता, साहस और बलिदान के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और वीरता के गुणों का प्रचार-प्रसार करना था। इस कार्यक्रम में अनेक शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा वीर बालकों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में स्थानीय समुदाय के अलावा कई प्रमुख नेताओं और समाजसेवियों ने भी हिस्सा लिया, जिन्होंने गुरुद्वारा बाबा बड़भाग सिंह जी के योगदान की सराहना की और बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को एक संदेश दिया गया कि हर बच्चा अपनी मेहनत और साहस से समाज में बदलाव ला सकता है।

### ह्यूमन राइट विंग के अध्यक्ष अजय ने लिया आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल उपमंडल बंगाणा के बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा बिंग के प्रदेशाध्यक्ष अजय ठाकुर ने भी शिरकत की। बही हवनयज्ञ ओर पूजा पाठ करके क्षेत्र के लिए सुख शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दी नशीन बाबा अशोक ठाकुर जी ने अजय ठाकुर को शाल टोपी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रजत शर्मा, अक्षय कुमार, जीवन सोनी, कुलदीप शर्मा, नरदेव सिंह आदि सेवादारों ने सेवाएं दीं।

### धार्मिक कार्यक्रम में वीरेंद्र कंवर का किया सम्मान



**बंणाणा।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल उपमंडल बंगाणा के थानाकलां के बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाखास में विशाल धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर को मंच से सम्मानित करते बाबा पहाड़िया मंदिर के गद्दीनशीन बाबा अशोक ठाकुर जी, साथ में कुटलैहड़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा भी मौजूद रहे। बाबा अशोक ठाकुर जी द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया गया।

### पोस्टर मेकिंग और मॉडल कंपटिशन का आयोजन




**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में वीरवार को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एकदिवसीय पोस्टर मेकिंग और मॉडल कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रधानाचार्य सुमन वर्मा ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में एक सौ दस विधार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्यतः विज्ञान और गणित विषयों पर विधार्थियों ने अपने जौहर दिखाए। यूनियर वर्ग में सिया जरियाल ने प्रथम, रितिका ने द्वितीय और शिवांश जरियाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह से सीनियर वर्ग में प्रथम सुहानी जरियाल, दिव्यांक कंवर ने द्वितीय और कोमल जरियाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या ने विधार्थियों द्वारा बनाई गईं क्रियात्मक और रचनात्मक प्रदर्शनियों को खूब सराहा। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसी गतिविधियों से उत्साहवर्धन होता है। इस मौके पर स्थानीय स्कूल से प्रधानाचार्य सुमन वर्मा, संदीप लट्ठ, अशोक राणा, धीरज दत शर्मा, सुशील जरियाल, टेक सिंह जसवाल, दविंदर कुमार, सागर सिंह, रीमा देवी और कमलेश कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### सबसे श्रेष्ठ व सुंदर शरीर मनुष्य का : कृष्ण दास



**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** ठाकुरद्वारा मंदिर मुबारिकपुर में बाबा बाल जी के शिष्य श्री कृष्ण दास जी द्वारा भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा जैसे संस्कार मां बच्चों में डाल देती है, वह जिंदगी भर की आदत बन जाती है। माता को चाहिए कि स्वयं भगवान का कीर्तन भजन करें और माला लेकर बैठे हैं तो बालकों को भी अपने साथ बिठाएं। भगवान के भक्तों में सबसे कम आयु का भक्त ध्रुव माता स्मृति ने ध्रुव की ईर्ष्या में बदला लेने की भावना से बचाकर ध्रुव को भगवान के भजन में लगाया 5 वर्ष की आयु में ध्रुव ने भगवान के दर्शन कर लिए प्रश्न जैन मुनियों के माध्यम से मानव जीवन की उपयोगिता एवं महत्व बतलाया। 84 लाख योनियों में सबसे श्रेष्ठ सुंदर शरीर मनुष्य का है। पंचम स्कंद में प्रिया व्रत राजा की कथा व नाभि राजा ऋषभदेव भगवान के चरित्र का का विवरण में व्याख्या की। कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

### वीर बाल दिवस पर सुखमणि साहिब का किया पाठ


**ऊना।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर ऊना के भाजपा कार्यालय दीप कमल में सुखमणि साहिब जी का पाठ हुआ। इस अवसर पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती और भाजपा के कई नेता मौजूद रहे।

### छात्रों को बांटे गर्म कपड़े

**अनंत ज्ञान, घनारी।** शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों व राजकीय माध्यमिक पाठशाला दियोली (बाड़ी) के बच्चों ने महान क्रांतिकारी शहीद ऊधम सिंह की जंयती पर फूल मालाएं अर्पित की और क्लब सदस्यों ने बच्चों को गर्म कपड़े भी बांटे। इस अवसर पर क्लब सदस्यों के साथ समाजसेवी जीननत महंत ने शहीद ऊधम सिंह की जीवनी के बारे में बताया।

### ड्रोन टेक्नोलॉजी अवैध खनन के खिलाफ मददगार साबित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अवैध खनन के खिलाफ ऊना जिला प्रशासन की मुहिम लगातार तेज रफ्तार से जारी है। इसमें प्रशासन के लिए सटीक और प्रभावी कार्रवाई में ड्रोन टेक्नोलॉजी मददगार साबित हो रही है। गुरुवार को उपायुक्त जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बाथू, बथड़ी और टाहलीवाल क्षेत्रों में ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि हम निगरानी के पारंपरिक तौर तरीकों के साथ साथ तकनीकी संसाधनों का उपयोग करके अवैध खनन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। इसमें हाई-टेक उपकरणों का सहारा लिया जा रहा है, जो हमारी नई रणनीति का हिस्सा है। इससे निगरानी और कार्रवाई को और भी तेज धार मिली है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ प्रदेश सरकार की शून्य सहनशीलता की नीति को ऊना जिले में पूरे प्रभावी तरीके से लागू करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने ऊना जिले को पूर्ण रूप से अवैध खनन मुक्त बनाने में जिलावासियों से सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के क्षेत्र में अवैध खनन की किसी गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन व पुलिस को दें। सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जाएगी।

## ब्लड सर्विस टीम ऊना मानवता के लिए कर रही बेहतरीन कार्य : डीसी जतिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ब्लड सर्विस टीम ऊना (एनजीओ) और एमआरसी ग्रुप के सहयोग से आईएसबीटी बस अड्डा ऊना में स्वर्गीय लक्की दड़ोच की पहली पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रक्तदान शिविर में 95 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।


स्व. लक्की दड़ोच की पहली पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित।

उपायुक्त जतिन लाल ने ब्लड सर्विस टीम द्वारा मानवता के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बल्ड सर्विस टीम लगातार रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही है, जो कि काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से किसी को जीवनदान मिल सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान व जागरूकता शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है ताकि जरूरत पड़ने पर किसी व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत सुधरती है। ब्लड डोनेट करने से हार्ट अटैक की संभावनाएं बहुत हद तक कम हो जाती हैं, क्योंकि रक्तदान से खून का थक्का नहीं जमता। इससे खून पतला होता है और हार्ट अटैक का खतरा टल जाता है। इतना ही नहीं ब्लड डोनेट करने से वजन भी कम होता है। उपायुक्त ने युवाओं से अपील की कि रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज करवाएं ताकि किसी असहाय व्यक्ति की मदद की जा सके।

इस अवसर पर ब्लड सर्विस टीम ऊना (एनजीओ) के अध्यक्ष लविश कपिला, उपाध्यक्ष रमन दड़ोच, एमआरसी ग्रुप के महाप्रबंधक परवेश शर्मा, अमरीश राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गुरु गोबिंद सिंह के चार वीर पुत्रों के बलिदान और साहस को नमन : भुट्टो


कुरियाला में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में मौजूद देवेंद्र भुट्टो और अन्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गुरुद्वारा कुरियाला में वीर बाल दिवस कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शिरकत की। कार्यक्रम में कीर्तन दरबार सजाया गया।

भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद हर साल 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' मनाया जाता है। भुट्टो ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। हम परिवार की शहादत को सब नमन करते हैं। उनके दो छोटे साहिबजादों ने निरंकुश शासक के आगे झुकने से इनकार कर दिया और डटकर उनका सामना किया। उन नन्हें साहिबजादों को श्रद्धा से याद करने का दिन है। भुट्टो ने कहा कि 26 दिसंबर इस बार पहली बार महान वीर गाथा की महत्ता बताने के लिए भारत के वीर बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

## 'सीटियां बजदा आ गया' भजन पर झूमा पंडाल

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाखास में चार दिवसीय धार्मिक समागम धूमधाम से संपन्न हुआ। वहीं, बाबा पहाड़िया जी की सवारी निकली। हजारों भक्तों नतमस्तक हुए और आशीर्वाद लिया।

वहीं, पंजाब के फनकार अश्वनी वर्मा के भजनों पर हजारों की संख्या मे भरा पंडाल खूब थिरका। बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार जी द्वारा बेहतर आयोजन किया गया था। मंदिर के प्रमुख सेवादार एवं गद्दीनशीन अशोक ठाकुर ने बताया कि 23 दिसंबर को बाबा पहाड़िया बाबा भरथरी माता ज्वाला जी को प्रसाद देकर निमंत्रण दिया गया। 24 दिसंबर को मंदिर परिसर में सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक बाबा पहाड़िया जी का कीर्तन दरबार सजाया गया और 25 दिसंबर को तनद पूजन ओर मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण कथा हुई। इसके बाद ग्यारह बजे से दो बजे तक मंदिर परिसर में कीर्तन दरबार सजाया गया।


भजनों की प्रस्तुति देते कलाकार और साथ में गद्दीनशीन।

### बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में चार दिवसीय धार्मिक समागम धूमधाम से संपन्न

उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को सुबह 9 बजे मंदिर परिसर में हवन यज्ञ हुआ। दस बजे मंदिर परिसर में बाबा पहाड़िया जी के गुणगान का बड़ा कीर्तन दरबार सजाया गया। ग्यारह बजे बाबा पहाड़िया जी की सवारी निकली, जिसमें हजारों की संख्या ने बाबा जी का आशीर्वाद लिया।

वहीं, बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दीनशीन अल्का ठाकुर ने बताया कि 23 से 26 दिसंबर तक बाबा पहाड़िया मंदिर में होने वाले धार्मिक सम्मेलन के लगातार चार दिन अटूट लंगर की व्यवस्था रही। मंदिर परिसर में हर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खाने चायपान ब्रेकफास्ट ओर ठहरने की विशेष व्यवस्थाएं रहीं। ज्ञात रहे बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में हर रविवार को अटूट लंगर एवं हर दिन श्रद्धालुओं के लिए चायपान की विशेष व्यवस्था रहती है। इसलिए मंदिर के प्रमुख सेवादार मंदिर परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

**क्षति** टकराला गांव के समीप सोमभद्रा नदी में हो रहे अवैध खनन से करोड़ों के नुकसान की आशंका

## अवैज्ञानिक खनन से तटीकरण का एप्रन हवा में लटका

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

बेशक प्रदेश सरकार ने नई खनन नीति के तहत अब रिवर बेड में दो मीटर तक खनन करने की इजाजत दे दी है, लेकिन यह नीति कहीं सोमभद्रा नदी के किनारों पर करीब बारह सौ करोड़ रुपए खर्च करके किए गए तटीकरण का बेड़ा गर्ग न कर दे। अभी इस नीति को जिला ऊना में लागू नहीं किया गया है उससे पहले ही सोमभद्रा नदी में हो रहे अवैज्ञानिक खनन ने तटीकरण कार्य के तटबंधों को बचाने के लिए चुनौती खड़ी कर दी है।

टकारला गांव के समीप अवैज्ञानिक खनन से सोमभद्रा नदी का इस कद्र सीना छलनी हुआ है कि इसने तटीकरण कार्य के एप्रन तक नंगे कर दिए हैं। हालात पर शीघ्र काबू न पाया गया तो तटीकरण पर खर्च किए गए करोड़ों रुपए पर सोमभद्रा नदी में बरसाती पानी का बेग कभी भी पानी फेर सकता है। बेशक भवन निर्माण सामग्री हासिल करने के लिए खनन भी बेहद जरूरी है लेकिन क्या खनन वैज्ञानिक तरीके से नियमों के तहत हो रहा है। इस पर नजर रखने वाला विभाग शायद कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।


खनन से तटबंधों को होने लगा नुकसान।

बेशक अभी तक जेसीबी की बकेट से खनन करने की अनुमति जिला ऊना में किसी भी खनन यूनिट द्वारा नहीं ली गई है और न ही सोमभद्रा नदी में अभी तक दो मीटर तक खनन करने की किसी यूनिट को इजाजत मिली है, लेकिन टकारला गांव के समीप सोमभद्रा नदी में हुआ अवैज्ञानिक खनन खनन माफिया के साथ-साथ खनन विभाग की पोल खोल रहा है। यहां हुए अवैज्ञानिक खनन से बाढ़ संरक्षण मंडल द्वारा किए गए तटीकरण के कार्य को खतरा पैदा हो गया है, लेकिन इसकी सुध न तो अभी तक बाढ़ संरक्षण मंडल ने ली है और न ही खनन विभाग अवैज्ञानिक तरीके से यहां खनन करने वालों पर कार्रवाई कर पाया है। यहां सोमभद्रा नदी को इतना गहरा कर दिया है कि तटीकरण के तहत यहां लगाया गया एप्रन हवा में लटक गया है। यही नहीं बल्कि तटीकरण के यहां लगाई गई मिट्टी की दीवार भी साफ दिखाई देने लगी है तो तटबांध के लिए पत्थरों के नीचे बिछाई गई जियो टैक्सटाइल भी कटी-फटी अवस्था में दिखने लगी है। जाहिर है कि जब कोई पूछने वाला नहीं तो फिर खनन करने वालों के हौसले क्यों कर बुलंद न हों।

उधर, जिला खनन अधिकारी नीरजकांत का कहना है कि मामला उनके ध्यान में आया है और शीघ्र ही वहां का दौरा कर वस्तुस्थिति का पता कर खननकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### टाइडी एंड सोबर टुमारो फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, अंब।** स्थानीय के सुधा मैरिज पैलेस में टाइडी एंड सोबर टुमारो फाउंडेशन संस्था ने 38वां रक्तदान शिविर लगाया। रक्तदान शिविर में होशियारपुर सिविल हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम ने संचालन किया। नेत्र सिंह ने बताया कि संस्था नजदीक के सभी सरकारी ब्लड बैंकों के साथ रक्तदान शिविर लगाती रहती है। संस्थान 90 दिन के बाद रक्तदान शिविर नियमित लगाती आ रही है। अंब के रक्तदान शिविर में काफी लोग पहली बार रक्तदान करते दिखे।

महिलाओं में भी इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में 70 रक्त दानियों ने रक्त दान किया। नेत्र सिंह, अजय बंसल, शोभा रानी, अश्वनी कुमार, यशपल शर्मा, सुनील कुमार, मदन लाल, रवि कुमार, अजनिष, दविंदर सिंह एक्स आर्मी आदि शामिल रहे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE
I, Trisha Gogia, W/O Shetal Angra have changed my name to Trisha Gogia Angra wide affidavit dated 26-12-2024 Sworn before Notary Rajkumar Delhi.

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग उप तहसील ईसपुर जिला ऊना हि.प्र.**
**क्रमांक:** /633/रीडर **दिनांक:**30/11/2024
**मुशत्री मुनादी:** प्रिया शर्मा पुत्री श्री राम कृष्ण पुत्र श्रीमति तारा देवी वासी गांब भदसाली उप तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र)... वादी
**बनाम आम जनता ...प्रतिवादी 2**
दरखास्त बुमराद दरुस्ती नाम राजस्व रिकार्ड महाल ईसपुर टांडा उप तहसील ईसपुर जिला ऊना खेवट न 58, खतौनी न. 73 खसरा न. किता नकल जमावन्दी वर्ष 2016-2017 वाक्या महाल ईसपुर टांडा व खेवट न 18, खतौनी न. 24 खसरा न. किता नकल जमावन्दी वर्ष 2017-2018 वाक्या महाल ईसपुर उपरला खेवट न 31, खतौनी न. 50 खसरा न. किता नकल जमावन्दी वर्ष 2020-2021 वाक्या महाल ईसपुर उप तहसील ईसपुर, जिला ऊना (हि.प्र.)।
**नोटिस बनाम प्रतिवादी:** प्रिया शर्मा पुत्री श्री राम कृष्ण पुत्र श्रीमति तारा देवी वासी गांब भदसाली उप तहसील ईसपुर जिला ऊना ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दरुस्ती नाम प्रस्तुत किया कि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम प्रियंका शर्मा पुत्री श्री राम कृष्ण गलत दर्ज हुआ है जिसकी दरुस्ती करके राजस्व रिकार्ड महाल ईसपुर टांडा व ईसपुर उपरला में उसका नाम प्रिया शर्मा पुत्री श्री राम कृष्ण पुत्र श्रीमति तारा देवी वासी गांब भदसाली दर्ज किया जावे ।
अत: इस इश्तहार के माध्यम से सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को नाम दरुस्ती बारे कोई आपत्ति हो तो वह अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में तारीख पेशी 30.12.2024 प्रात: 10 बजे से लेकर 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तारीख पेशी तक उजर प्राप्त न होने की सूरत में यक-तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दरूस्ती बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर कावले समायत ना होगा।
**नायव सहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय वर्ग उप तहसील ईसपुर जिला ऊना ( हि.प्र. )**

न्यूज ब्रीफ

## शिविर में 3 नए दिव्यांगों की पहचान की



**कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से विकास भुंतर की पंचायत पीणी तथा तलपीणी में दिव्यांगता पुनर्वास, आकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 17 दिव्यांगजनों तथा 6 सामान्य नागरिकों का पंजीकरण हुआ। इस शिविर में 14 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए, जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है तथा उनकी दिव्यांगता को दृष्टिगत उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए 5 व्यक्तियों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए चिह्नित किया गया तथा उन्हें सहायक उपकरण जैसे सुनने की मशीन, एल्बो क्रच, स्मार्ट केन आदि उपलब्ध करवाने के लिए मौके पर केस तैयार किए गए। शिविर में 1 व्यक्ति की ऑडियोमेट्री कर उनकी सुनने की क्षमता का आकलन किया गया। शिविर में 3 नए दिव्यांगजनों की पहचान की गई तथा उन्हें जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें इस माह के अंतिम शनिवार को मेडिकल बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया। उपरोक्त शिविर में उपस्थित लोगों को विकलांगता की जल्द पहचान करने, विकलांगता की रोकथाम बारे तथा सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इन शिविरों में स्थानीय निवासी, संबंधित पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सदस्यों, आशा वर्कर्स व आंगनबाड़ी वर्कर्स ने भी भाग लिया।

## एक व्यक्ति से 256 ग्राम चरस बरामद

**बंजार।** बंजार पुलिस ने 256 ग्राम चरस के साथ नेपाली मूल के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार बंजार पुलिस की टीम ने तरगाली नाला के समीप नाकाबंदी लगाए रखी थी। इस दौरान पुलिस आने-जाने वाले वाहनों व राहगीरों की तलाशी ले रही थी। नाकाबंदी के दौरान जब पुलिस ने एक व्यक्ति की तलाशी ली, तो पुलिस ने व्यक्ति से 256 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान दल बहादुर अधिकारी पुत्र भगत बहादुर अधिकारी निवासी पथरखुला जिला जुमला आंचल करनाली नेपाल के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## 31 दिसंबर से पहले करवाएं ई-केवाइसी

**कुल्लू।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू, अरविंद शर्मा ने कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशों पर राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी का अभियान मई, 2022 से शुरू किया गया है। ई-केवाईसी का उद्देश्य राशन कार्ड डेटाबेस को आधार आधारित बनाना है, ताकि राशन संबंधी योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थी को ही मिले। मई, 2022 से अब तक ई-केवाईसी करवाने की तिथि में कई बार बढ़ोतरी की जा चुकी है। शिक्षा व रोजगार के कारणों से कुल्लू से बाहर रह रहे लाभार्थियों की वहीं घर बैठे ई-केवाईसी करवाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा ई-केवाईसी की गई है, जिसे राशनकार्ड धारक अपने फोन पर डाउनलोड कर अपनी व अपने परिवार के सदस्यों की ई-केवाईसी आसानी से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त अपनी समीपस्थ व कुल्लू में स्थित किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर भी अपना आधार नंबर व राशनकार्ड दिखाकर राशनकार्ड धारक द्वारा अपनी ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अलावा राशनकार्ड धारक अपने समीपस्थ लोकमित्र केंद्र पर जाकर भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने उन राशनकार्ड धारकों से जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी अभी तक नहीं करवाई है, उनसे 31 दिसंबर से पहले- पहले अपनी ई-केवाईसी करवाने का आग्रह किया, ताकि विभाग को उनके राशनकार्ड ब्लॉक करने को बाध्य न होना पड़े।

# फोर व्हील वाहनों के लिए बहाल हुई विश्व प्रसिद्ध अटल टनल

**कमलेश वर्मा, केलांग**

बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही तीसरे दिन अटल टनल रोहतांग फोर व्हील ड्राइव वाहनों के लिए बहाल हो गया है।

तीन दिन बाद वीरवार को पर्यटक सोलंग नाला से अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल जा पहुंचे। हालांकि सामान्य पर्यटक वाहन सोलंगनाला तक ही गए, लेकिन फोर व्हील ड्राइव वाहनों में पर्यटक लाहौल की वादियों में जा पहुंचे। कुछ एक पर्यटक ही लाहौल पहुंच पाए, जबकि अधिकतर पर्यटकों के लिए वीरवार को सोलंग नाला सहित अंजनी महादेव व कोठी स्नो प्वाइंट बना। ताजा बर्फबारी के बाद पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। लाहौल के पर्यटन कारोबारी टशी व पलजोर ने बताया कि तीन दिन बाद वीरवार को कुछ एक पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में लाहौल पहुंचे। उन्होंने बताया कि पर्यटकों ने खिली धूप के बीच बर्फ का आनंद उठाया और शाम चार बजे से पहले वापस मनाली लौट गए। पर्यटन कारोबारी रूप लाल व देवी सिंह ने बताया कि पर्यटकों ने वीरवार को स्कीइंग जैसी शीतकालीन खेल के साथ पैराग्लाडिंग का भी लुत्फ उठाया। मनाली के पर्यटन कारोबारी अतुल, रोशन, जगदीश व इंद्र ने बताया कि ताजा हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि वीरवार को धूप खिलती देख फोर बाई फोर वाहनों को लाहौल की ओर जाने की अनुमति दे दी। उन्होंने बताया कि सामान्य वाहनों को भी सोलंगनाला तक जाने दिया। अटल टनल की ओर वाहनों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। (अनंत ज्ञान)



### ब्लैक आइस ने बढ़ाई परेशानी

**उधर,** लाहौल-स्पीति के कई क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद सड़कों में ब्लैक आइस जम रही है। ऐसे में पर्यटकों व स्थानीय वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जिला पुलिस दिन-रात वाहन चालकों की सेवा में जुटी हुई है।

### सीएम सुक्खू ने की पुलिस जवानों के प्रयासों की सराहना

**पिछले** दो-तीन दिनों में बर्फ के बीच फंसे वाहनों और पर्यटकों को लाहौल-स्पीति व मनाली पुलिस के जवानों ने जान-जोखिम में डालकर रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया। जवानों की इस कर्तव्यनिष्ठा और कार्यों की मुख्यमंत्री सूक्खू ने भी सराहना की है। मुख्यमंत्री ने अपने पेज पर लाहौल-स्पीति पुलिस के जवानों द्वारा भारी बर्फबारी के बीच में फंसे पर्यटक वाहनों को रेस्क्यू करने की वीडियो अपलोड कर लिखा है 'पुलिस जवान पर्यटकों को राज्य की सुंदरता का सुरक्षित अनुभव देने के साथ-साथ उनकी यात्रा को सहज व सुरक्षित बना रहे हैं। मैं पुलिस विभाग के अद्वितीय प्रयासों की सराहना करता हूं। पर्यटकों से आग्रह है कि वे पुलिस की देखरेख में हिमाचल की नैसर्गिक सुंदरता का आनंद लें।

## कसोल में श्रेडर व कंपोस्टर लगाकर कचरे का वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा निपटारा: डीसी



डीसी तोरुल एस रवीश ग्रामीण विकास विभाग की ओर से कचरा निपटान संयंत्र के लिए पार्वती घाटी में कसोल के पास चिन्हित स्थल का दौरा कर निरीक्षण करती हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने वीरवार को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कचरा निपटान संयंत्र के लिए पार्वती घाटी में कसोल के पास चिन्हित स्थल का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर बेहतर तकनीक से अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट स्थापित करने के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि यहां पर श्रेडर तथा कंपोस्टर लगाया जाएगा और कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जाएगा। इससे मणिकर्ण क्षेत्र में कूड़े की समस्या का समाधान करने के अलावा पार्वती नदी को संरक्षित करने का उद्देश्य भी पूर्ण होगा। कसोल कचरा निपटान संयंत्र के चालू होने से इस क्षेत्र के होटलों और घरों से निकलने वाले कचरे का उचित निपटान के साथ ही पार्वती और उसकी सहायक नदियों के किनारे से कचरे से होने वाले प्रदूषण की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। इस कदम से घाटी की 10 से अधिक पंचायतों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कदम से घाटी अधिक स्वच्छ दिखेगी। उन्होंने कहा कि इससे पार्वती घाटी में आने वाले पर्यटकों को भी अच्छा अनुभव मिलेगा। इस दौरान अतिरिक्त जिला आयुक्त अश्वनी कुमार, ग्रामीण विकास प्राधिकरण की परियोजना अधिकारी जयवंती ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कागजी औपचारिकताओं के फेर में फंसा दलाश का प्रस्तावित पॉलीटेक्निक संस्थान

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

पूर्व सरकार द्वारा आनी के दलाश में घोषित पॉलीटेक्निक संस्थान पिछले करीब छह सालों से फाइलों में ही सिमट कर रहा गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी विभागीय औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद इसे विभाग को तो सौंप दिया है, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी ये संस्थान दफ्तरों की फाइलों में ही धूल फांक रहा है। 2016 में कांग्रेस सरकार के समय में मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने दलाश में पॉलीटेक्निक संस्थान खोलने की घोषणा की थी और 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले निरमंड में इसका फाउंडेशन स्टोन भी रख लिया गया था, जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भाजपा सरकार प्रदेश में सत्तासीन हुई और इस संस्थान को डिनोटिफाइड कर दिया।

इसे भाजपा सरकार ने पूर्व कांग्रेस सरकार की आधी–अधूरी नोटिफिकेशन बताया और फिर पुन: भाजपा सरकार ने 2018 में इसे कैबिनेट से स्वीकृति प्रदान कर दलाश पॉलीटेक्निक संस्थान में 5 ट्रेड के साथ 97 पोस्टें स्वीकृत कीं। बीते विधानसभा चुनावों में आनी के



सभी पार्टी पदाधिकारीयों व आजाद प्रत्याशियों ने इसे जल्द खोलने का हर मंच से वादा किया था। चुनाव संपन्न होने के दो वर्ष के बाद भी अभी तक ये संस्थान एफसीए के फेर में ही फंसा है। कोई भी राजनीतिक दल इस संस्थान को खोलने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। वहीं, इस लोकसभा चुनाव में भी सभी दल के नेता इसे खोलने का एक बार फिर आश्वसन दे रहे हैं। साथ लगती आधा दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में भी ये संस्थान नहीं है। इसके यहां खुल जाने से इस सभी विधानसभा क्षेत्रों के बच्चों को घरद्वार में ही अच्छी टेक्निकल शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधि दलाश पंचायत के प्रधान सत्येंद्र शर्मा, उपप्रधान सोहनी राम राठी, व्युंगल पंचायत प्रधान जालप राम, डिंगीधार पंचायत प्रधान बंसी लाल , आनी बीडीसी चेयरपर्सन विजय कंवर आदि ने विभाग व सरकार से इस संस्थान की शेष औपचारिकताओं को जल्द पूरी करने की मांग की है।

### कुशल वर्मा के नाम रही कुल्लू महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या, पायल ठाकुर ने भी नचाया

## रोहडू जाना मेरी आमिए... मालरोड पर खूब झूमे दर्शक







**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में आयोजित हो रहे सात दिवसीय कुल्लू महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या हिमाचल के प्रसिद्ध लोक कलाकार कुशल वर्मा के नाम रही।

कुशल वर्मा ने मंच संभालते ही एक से बढ़कर एक पहाड़ी गीत पेश कर खूब धमाल मचाया और यहां मौजूद दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कुशल वर्मा ने जोथ डूबदि लागी सरला, झेचे री लानी शोहरी, ओछी भीणे सारजणीए, रोहडू जाना मेरी आमिए, पिपली खाइए लगी शी–शी, प्यार केरना आसा झुरना, चंद्रा मानिए तेरे ग्रां आसे आए गै, कोठी बुहार्दी लागी, उझी रे मालका जै चंदा हो आदि पहाड़ी गीत गाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनके मंच पर आते ही दर्शकों ने सीटियों और तालियों से स्वागत किया। इसके बाद सारेगामा फेम पायल ने भी फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके अलावा इस सांस्कृतिक संध्या का आगाज कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के स्टूडेंट्स द्वारा गणेश वंदना से किया गया। वहीं, नव ज्योति पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लालड़ी नृत्य पेश कर दर्शकों को रिझाने का प्रयास किया। इसके बाद नवज्योति स्कूल के बच्चों ने समूह गान पेश किया और संस्कार वैली स्कूल के बच्चों ने स्किट की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही इसी स्कूल के स्टूडेंट्स ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद अखाड़ा बाजार के स्टूडेंट्स ने सामूहिक नृत्य के साथ–साथ सोलो सांग की भी प्रस्तुति दी। इसके बाद भारत भारती स्कूल के अलावा टशी ठाकुर और कृष्ण ठाकुर, यशवंत ठाकुर ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कुल्लू महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सर्द मौसम में जहां दर्शक ठंड से कंपकपा रहे थे। वहीं, कलाकारों के मंच संभालते ही दर्शक झूमने लगे और सर्द मौसम में एकदम जैसे माहौल गर्म हो गया और रात 10 बजे तक दर्शक झूमते रहे।





लाहौल–स्पीति में नन्हा बच्चा बर्फ के सांता क्लॉज के साथ (दाएं) मनाली के मालरोड में डीजे की धुन पर झूमते हुए पर्यटक।

## टेबल टेनिस में धनंजय, कुशाग्र शिवांश और हिमांश बने विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में विभिन्न वर्गों में जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह आयोजन ढालपुर स्थित जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग के टेबल टेनिस हाल में किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के लगभग 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें 13, 15, 17, 19 आयु पुरुष वर्ग में प्रतियोगिता करवाई गई। इस अवसर पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति के शाखा प्रबंधक अमर सिंह डोगरा, जिला टेबल टेनिस संघ के सदस्य कमलदीप सिंह गिल तथा युवा सेवा एवं खेल विभाग के प्रशिक्षक विभाग संजय शुक्ल उपस्थित रहे। इस



प्रतियोगिता में 13 वर्ष की लड़कों की प्रतियोगिता में धनंजय विजेता तथा विराज उपविजेता रहे। वहीं, 15 वर्ष की लड़कों की प्रतियोगिता में कुशाग्र विजेता तथा कृष्णव उपविजेता रहे और 17 वर्ष की लड़कों की प्रतियोगिता में शिवांश विजेता तथा आदित्य उपविजेता रहे। पुरुष वर्ग में हिमांश सिंह गिल विजेता तथा जनदीप बंगा उपविजेता रहे और आयोजकों द्वारा सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## शकेलड़ बस हादसा: एक और महिला की मौत

**आनी।** आनी के समीप 10 दिसंबर को शकेलड़ बस हादसे में घायल एक महिला ने आईजीएमसी शिमला में ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया है, अब बस हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 6 पहुंच गया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतिका की पहचान चिंता देवी (34 वर्ष) पत्नी शांता कुमार निवासी चुहण डाकघर छतरी के रूप में हुई है, जो 10 दिसंबर को निगान शवाड़ मार्ग पर शकेलड़ के समीप दुर्घटना ग्रस्त हुई निजी बस में सवार थी और दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे सिविल अस्पताल आनी में प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया था। इस बस में चालक समेत 42 व्यक्ति सवार थे, जिनमें से चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि 2 ने आनी अस्पताल में और बाकी 3 घायलों की आईजीएमसी शिमला में ईलाज के दौरान मौत हुई है।

## वीर बाल दिवस भारत की वीरता एकता, त्याग का प्रतीक : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**



वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब मनाली में वीरवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने उपस्थित होकर गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष श्रद्धा प्रकट की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा उन्हें सराफा पहनाकर सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर मनाली में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि माता गुजरी और साहिबजादों का बलिदान न केवल सिख धर्म, बल्कि पूरे मानव जाति के लिए साहस और निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने मुगल शासनकाल के दौरान औरंगजेब के धर्म परिवर्तन के दबाव और अमानवीय अत्याचारों का जिक्र करते हुए साहिबजादों की अदम्य वीरता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम स्वीकार करवाने के लिए साहिबजादों को भयानक यातनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन वे सत्य और धर्म के मार्ग से विचलित नहीं हुए। पूर्व मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने देश को वीर बाल दिवस के रूप में 26 दिसंबर को इस महान परंपरा को राष्ट्रीय मान्यता दी, ताकि पूरी दुनिया साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान से प्रेरणा ले सके। यह दिवस भारत की वीरता, एकता और त्याग का प्रतीक है।

गोविंद ने कहा कि गुरुओं की शिक्षाओं और साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए हर भारतीय को अपने देश और संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में वीर बाल दिवस को और अधिक भव्यता के साथ मनाने की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने इस दिवस को भारत की विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बताया। इस कार्यक्रम में भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष जोगिंद्र मेहरा, भाजपा शहरी इकाई के अध्यक्ष अजय अवरोल, नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लार्जे, रोशन ठाकुर मनजीत गुलाटी, बागेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहीदी

### कुल्लू के गुरुद्वारा साहिब में धूमधाम से मनाया वीर बाल दिवस

## गुरु गोबिंद के साहिबजादों को किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

गुरुद्वारा साहिब कुल्लू में वीरवार को वीर बाल दिवस बड़ा ही श्रद्धा से मनाया गया। इस मौके पर कीर्तन दरबार सजाया गया।

गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित संगत को विस्तारपूर्वक बताया कि किस प्रकार एक सप्ताह में कैसे पूरा परिवार शहीद हो गया था। यह भी बताया कि उस समय किस प्रकार मुगल शासकों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किए जाते थे और इन गुरुओं ने किस लिए शहीदी दी। साखी में बताया कि छोटे साहबजादे जोरावर सिंह मात्र 9 साल के थे और साहबजादे फतेह सिंह मात्र 7 वर्ष के थे, जब उन्होंने शहीदी प्राप्त की। उन्हें मुगलों द्वारा अनेक प्रकार के प्रलोभन दिए गए थे, लेकिन उन्होंने प्रलोभन स्वीकार न करते हुए शहीदी का दामन थामा था। इसलिए हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता नरोतम सिंह ठाकुर ने भी संगत के समक्ष अपने विचार रखे और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री का मानना है कि हिंदू समाज के लिए जिन सपूतों ने शहीदियां दीं हैं, उनकी कुर्बानियों के दिनों को सिर्फ सिख धर्म के लोग ही क्यों मनाएं, संपूर्ण देश सिख गुरुओं को याद करें तथा जाने कि उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि साहबजादों के जीवन से जुड़े आदर्शों और संदेश को देश के कोने–कोने तक पहुंचाएंगे। यह प्रयास युवा पीढ़ी को अपने देश और संस्कृति के प्रति गर्व और प्रेम से भर देगी। उन्होंने कहा यह दिन बताता है कि सच्चा बलिदान और त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाता। गुरुद्वारा साहिब में पहुंचे भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा भोग के बाद लंगर ग्रहण किया गया। इस मौके पर गदौरी साहिब के संत दया नंद तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल और पार्षद दानवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।



गुरुद्वारा साहिब कुल्लू में वीर बाल दिवस के मौके पर सजाया गया कीर्तन दरबार।

## डॉ. रोशन लाल को किया याद

**भुंतर।** मांडव कल्याण सभा भुंतर की एक बैठक अध्यक्ष नरेश हांडा प्रधान की अध्यक्षता शाढ़ाबाई हाल में आयोजित हुई। बैठक में सभा की कार्यकारिणी एवं अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सबसे पहले सभी ने डॉ. रोशन लाल परमार सेवानिवृत्त सीएमओ के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और सभी सदस्यों ने उनके बारे में अपने मधुर समरण को याद किया। नरेश हांडा ने बताया कि जब 9 सितंबर 2000 को सभा का गठन किया गया था, तो उस समय डॉ. रोशन लाल ने इसे बनाने में बहुत सहयोग दिया था तथा अपने अनुभव को साझा किया था। उसके बाद उन्होंने आज तक सभा की जो भी कार्यवाही जैसे मेडिकल कैंप, गरीबों की मदद जो भी सभा कार्य करती थी, उसमें बढ़–चढ़कर भाग लेते हैं तथा सभा का मार्गदर्शन करते रहते थे। अंत में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## भारतीय ज्ञान प्रणाली में हिमाचल की देव संस्कृति पर हुआ मंथन



हिमाचल की देव संस्कृति पर आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय ज्ञान प्रणाली में हिमाचल की देव संस्कृति पर एकदिवसीय संगोष्ठी कुल्लू जिला मुख्यालय स्थित गौड़ निवास में आयोजित की गई। हिमतरु प्रकाशन समिति तथा पनारसा कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी से संबंद्ध वरिष्ठजनों सहित कॉलेज के विद्यार्थियों और अन्य विद्वानों ने अपने विचार रखे।

पनारसा कॉलज की पुस्तकालय अध्यक्ष बिंदु सूर्यवंशी ने जानकारी दी कि हिमतरु प्रकाशन तथा कॉलज के मध्य हुए एमओयू के तहत गत माह कुल्लू दशहरा उत्सव को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित हुआ, जिसमें यहां की देव–परंपरा, इतिहास और मानवीय मूल्यों पर विशेष सामग्री है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों द्वारा दशहरे की स्मृतियों को लेकर कुल्लू के वरिष्ठजनों के साक्षात्कार लिए गए थे, ताकि देव संस्कृति के पहलुओं को जानने–समझने में मदद मिल सके। इसी संदर्भ में देव–संस्कृति के विशेषज्ञों/वरिष्ठजनों, ज्ञान चंद चंबयाल, सरला चंबयाल, डॉ. धनेश्वरी शर्मा, ईशिता आर. गिरीश, गुरदयाल, लगन ठाकुर, महीमन चंद्र ने अपने वक्तव्य रखे साथ ही इस संगोष्ठी में विषय संदर्भ में विद्यार्थियों ने भी प्रपत्र पढ़े। इसके अतिरिक्त एक खुली चर्चा भी रखी गई, जिसमें विद्याथियों, विशेषज्ञों व वरिष्ठजनों के मध्य सुखद परिचर्चा हुई। बिंदु सूर्यवंशी ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों की बौद्धिक परिपक्वता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कॉलेज ने हिमतरु प्रकाशन के साथ एक करारनामा हस्ताक्षर किया है, ताकि छात्रों में पठन–पाठन, पत्रकारिता, संपादन और संबंद्ध गतिविधियों को लेकर रूचि पैदा हो, जिससे भविष्य में उन्हें एक सार्थक परिणाम दिख सके।

## न्यूज ब्रीफ

### एंबुलेंस सड़क पर अतिक्रमण कर किया भवन निर्माण

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में रुपदेई पत्नी शंकर लाल गांव बाहवां, डा. बखालग, त. अर्की ने शिकायत दर्ज करवाई की गांव बाहवां के लिए अर्की भराड़ीघाट रोड से एक एंबुलेंस रोड का निर्माण पंचायत बखालग द्वारा किया गया था इस निर्माण कार्य में पंचायत विभाग का पैसा लगा था तथा इस सड़क से गांव के लोग अपना सामान ले जाते हैं व बीमार होने की अवस्था में गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे इसी सड़क का इस्तेमाल एंबुलेंस के लिए करते हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसके घर के सामने बाबु राम पुत्र मल्लू राम निवासी गांव बाहवां डा. बखालग अपने मकान का निर्माण कर रहा है तथा उसने अपने मकान के लैंटर को आगे बढ़ा दिया है व सड़क रास्ते को बंद करने के लिए तथा सड़क पर कब्जा करने के लिए एक लोहे का पोल सड़क के बीचों-बीच लगा दिया है, जिस कारण गांव बाहवां के लिए एंबुलेंस व अन्य गाड़ियों का आना-जाना बंद हो गया है तथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा रास्ता रोकने व जबरन कब्जा करने की धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### दून वैली स्कूल ने चलाया सफाई अभियान



**बीबीएन।** दून वैली पब्लिक स्कूल नालागढ़ ने अपनी राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के स्वयंसेवियों के सात दिवसीय विशेष डे नाइट कैंप का आयोजन किया। कैंप में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर श्वेता कौशल के योग्य मार्गदर्शन में 40 विद्यार्थियों को सेवा समर्पण कार्यशीलता और अनुशासन आदि गुणों को अपने व्यक्तित्व में ढालने का अवसर मिला। प्रिंसिपल देवेंद्र महल ने कहा कि विद्यार्थियों ने सुबह साढ़े 5 से रात साढ़े 9 बजे तक की निर्धारित दिनचर्या का पालन करवाया जाता था, जिसमें प्रार्थना, व्यायाम, खेल, लोक सेवा एवं विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के सत्र आदि गतिविधियों का एक संतुलित मिश्रण था। कैंप के निर्धारित दिनचर्या के अतिरिक्त स्वयंसेवियों ने हनुमान जोहड़ी और टेकऑस मेला ग्राउंड में विशेष अभियान चलाया, जिसकी तहसीलदार निशा आजाद एवं स्थानीय निवासियों ने सराहना की। स्कूल के चेयरमैन राजीव शर्मा ने अपने संदेश के दौरान विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और कैंप के अंत में एनएसएस स्वयंसेवियों ने विद्यालय की तरफ से दिए गए इस मौके और सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

### विवेकानंद स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस



**सोलन।** कंडाघाट के विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल साधुपुल में वीरबार को वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजा अमरेंद्र के पुत्र युवराज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कर्म सिंह पूर्व सचिव भाषा अकादमी से सेवानिवृत्त द्वारा की गई। मुख्यातिथि व गणमान्य लोगों के कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन रवि मेहता की अगुवाई में स्कूल स्टाफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्यातिथि ने स्कूल में आयोजित वीर बाल दिवस पर मोटर वाहन अधिनियम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा वीर बाल दिवस पर प्रेरणामयी प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं, कार्यक्रम के मुख्यातिथि व स्कूल के चेयरमैन रवि मेहता ने वीर बाल दिवस क्यों मनाया जाता है पर प्रकाश डाला। बता दें कि वीर बाल दिवस हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है।

### सोलन-ओच्छघाट के बीच सुरंग निर्माण की उठाई मांग

**सोलन।** नगर परिषद सोलन के पूर्व चेयरमैन कुल राकेश पंत ने सोलन शहर के विकास के दृष्टिगत सड़क परिवहन और राजमार्ग, जहाजरानी, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री नितिन गडकरी से ओच्छघाट सड़क से सोलन जौनाजी सड़क को एक सुरंग निर्माण किए जाने की मांग उठाई है। पंत ने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिख कर जिला सोलन हिमाचल में सोलन ओच्छघाट सड़क से सोलन जौनाजी सड़क को जोड़ने के लिए शामती बाइपास से जीरो प्वॉइंट के बीच में एक सुरंग का निर्माण किया जाना चाहिए। यहां से यह पिंजौर-शिमला फोरलेन में सड़क द्वारा सलोगड़ा से कंडाघाट के बीच में जोड़ा जा सकता है। पिंजौर-शिमला फोरलेन के बड़ोग रेलवे स्टेशन के नीचे से एक सड़क शामती से पहले ही जुड़ी हुई है। इस सुरंग के निर्माण होने से जहां देहरादून-सिरमौर का यातायात यहां से सोलन जा सकेगा, वहां सुचारू व्यवस्था होने पर मैदानी इलाके से आने वाले यातायात के लिए भी ये प्रयोग में लाया जा सकती है। इस व्यवस्था के होने पर जहां सोलन में यातायात के जमाव को कम किया जा सकता है, वहां शिमला तथा दूसरी इलाकों में जाने के लिए दूरी भी कम होगी। उन्होंने मंत्री से संबंधित विभाग को निर्देश देकर इस सुरंग के निर्माण के लिए उचित कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया।



# सपरून में फुटपाथ निर्माण का रास्ता साफ

## 60 लाख की डीपीआर मंजूर, आज दो मंत्रियों की मौजूदगी में होगा शिलान्यास

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर मंजूर हो गई है। इसका शिलान्यास 27 दिसंबर को स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में होगा। इसके लिए सरकार ने धनराशि मंजूर की है।

फुटपाथ निर्माण को लेकर निगम के पदाधिकारियों की रेलवे के अधिकारियों सहित एनएचएआई से सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। बता दें कि सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। लोगों की मांग पर यहां स्लिप रोड का निर्माण तो हुआ, लेकिन रेहड़ियों के कब्जे से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची है। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी-फड़ी का कब्जा हो गया था, जिसे हाईकोर्ट के आदेश से हटाया गया है। शहर के लाइसेंस धारक रेहड़ी चालकों को नगर निगम ने वेंडर मार्केट में करीब 54 दुकानों का आवंटन कर दिया है। फुटपाथ की कमी से लोगों का सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। (अनंत ज्ञान)



### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

**सपरून** में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड-1 का देऊघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी।

### फोरलेन निर्माण को गिराया था फुटपाथ

**सपरून** में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को गिरा दिया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे चलना जोखिम भरा हो चुका है। लोगों की मांग पर यहां स्लिप रोड का निर्माण तो हुआ पर रेहड़ियों के कब्जे से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची है।

**सपरून** में फुटपाथ निर्माण को लेकर 60 लाख की डीपीआर तैयार की गई थी। इसे सरकार से मंजूरी मिली है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह फुटपाथ सहित अन्य कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

# नंबरदार ने प्रधान पर लगाया घर के अंदर स्कूल चलाने का आरोप

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

सोलन जिले के नालागढ़ के तहत बारियां की पंचायत प्रधान पर नंबरदार ने अवैध तौर अपने निजी घर के अंदर स्कूल चलाने के आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग व सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उनका कहना है कि प्रधान के घर पर 2018 से बिना शिक्षा विभाग की अनुमति व स्कूल के मापदंडों को दरकिनार कर शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के नाम से निजी स्कूल चल रहा है, जिसकी मुख्य अध्यापिका के तौर पर खुद ग्राम पंचायत की मौजूदा महिला प्रधान कार्यरत हैं, जिसकी शिकायत उन्होंने शिक्षा विभाग को लिखित में दी थी, जिस पर शिक्षा विभाग द्वारा शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग की तरफ से स्कूल बंद करने का नोटिस स्कूल प्रबंधक को दिया था, लेकिन हैरानी की बात ये है कि बावजूद नोटिस के बाद भी यह स्कूल चल रहा है और जो बच्चों को स्कूल रिपोर्ट कार्ड स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से दिया जाता है, उस पर हिमाचल सरकार का लोगो होता है इसके अलावा उन्होंने प्रधान के पति पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह पंचायत के निर्णय व गतिविधियों और ग्रामसभा व पंचायत की आम बैठक में पंचायत के विकास कार्यों में हस्तक्षेप करता है।

इस पर उन्होंने शिक्षा विभाग व सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, दूसरी तरफ जब पंचायत प्रधान व उसके पति से इस मामले पर प्रतिक्रिया ली तो, उन्होंने कहा कि उन पर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह सब निराधार और झूठे हैं और सुनियोजित ढंग से उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। इस बारे में सरकारी अधिकारियों ने कहा कि इस मामले से परेशान हूं और उन्होंने कैमरे पर आने से मना कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### क्या बोले विकास खंड अधिकारी नालागढ़

**वहीं,** खंड विकास अधिकारी नालागढ़ नियोन शर्मा ने कहा कि हमारे पास शिकायत पत्र आया था, लेकिन हमने तुरंत एक कमेटी बनाकर जांच कर जिला प्रशासन को भेज दी है, आगे की कार्रवाई जिला प्रशासन के आदेश के बाद होगी।

### माता-पिता की स्मृति में चमन मेधावी छात्रों को देंगे छात्रवृत्ति



**दाड़लाघाट।** बेरल में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणास्पद कदम उठाया गया है। बेरल के सिहारली निवासी चमन लाल ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की पुण्य स्मृति में राजकीय उच्च पाठशाला बेरल के मेधावी छात्रों के लिए रामकू देवी मेधावी छात्रवृत्ति की घोषणा की है। इस छात्रवृत्ति के तहत कक्षा दसवीं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100 रुपए दिए जाएंगे। यह छात्रवृत्ति चमन लाल द्वारा आजीवन प्रदान की जाएगी, जो उनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सत्र 2023-2024 के मेधावी छात्रों के लिए 6300 रुपए की राशि विद्यालय के खाते में जमा कर दी गई है। विद्यालय के मुख्याध्यापक राकेश कुमार और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जोगिंद्र शर्मा ने चमन लाल के इस प्रेरणास्पद कार्य के लिए उनका आभार जताया।

# समाज को सही दिशा दिखाने में पत्रकारों की अहम भूमिका : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समग्र विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण में विशिष्ट भूमिका निभाती है। डॉ. शांडिल सोलन जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि खेल एवं व्यायाम व्यक्ति को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं।

स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र निर्माण में सक्रिय एवं समुचित भागीदारी निभा सकता है। तकनीक के युग में स्वस्थ शरीर व तनाव मुक्त जीवन यापन के लिए खेल एवं व्यायाम सहायक सिद्ध होते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि पत्रकार न केवल समाज के सजग प्रहरी हैं, बल्कि लोकतंत्र का महत्वपूर्ण चौथा स्तंभ भी हैं। पत्रकार अपनी लेखनी एवं अपने समाचारों के माध्यम से समाज की विकृतियों और असमानताओं को दूर करने में सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। पत्रकारों ने सदैव ही समाज को सही दिशा दिखाई है।

उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वह सच को सामने लाने में कोताही न बरतें और जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार को भी समय-समय पर सही फीडबैक देते रहें। दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पत्रकार संघ की तीन टीमों ने भाग लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पत्रकार संघ की 'ए' टीम व 'सी' के मध्य खेला गया, जिसमें 'ए' टीम विजेता रही। उन्होंने आयोजन समिति को ऐच्छिक निधि से 75 हजार रुपए देने की घोषणा की तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली तनवी जोशी व स्नेहा ठाकुर तथा नर्सिंग कोर्स कर रही सृजल ठाकुर को भी सम्मानित किया। इससे पूर्व जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विशाल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता की जानकारी दी।



ए विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल।

### 'आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड' बनाना करें सुनिश्चित

**सोलन।** स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों के 'आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड' बनाए जा रहे हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार ने दी। डॉ. अमित रंजन ने कहा कि आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड बनने के उपरांत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजन देश के किसी भी आयुष्मान भारत से संबद्ध अस्पताल में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार करवा पाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड के स्वयं पंजीकरण के लिए आयुष्मान ऐप डाउनलोड कर या वेबसाइट www.beneficiary.nha.gov.in पर जाकर लाभार्थी अपना कार्ड बना सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड, जिसमें लाभार्थी की उम्र अंकित हो तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

# बद्दी पुलिस ने बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों के किए 29509 चालान

## कहा-मोटर वाहन अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों की करें पालन

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

जिला पुलिस बद्दी प्रशासन ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मोटर वाहन अधिनियम के तहत विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की।

बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों और मोबाइल को प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के चालान किए। बद्दी पुलिस ने इस वर्ष 25 दिसंबर तक बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों के 29509 चालान किए हैं, जबकि यह संख्या दिसंबर 2023 में 26286 थी। इसके अतिरिक्त बद्दी पुलिस ने इस वर्ष 25 दिसंबर तक मोबाइल प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के 1134 चालान किए हैं, जबकि यह संख्या दिसंबर 2023 में 1130 थी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। पुलिस जिला बद्दी प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे मोटर वाहन अधिनियम के तहत दिए गए नियमों की पालना करें।




### धुंदन स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में अध्यक्ष सोलन पूर्व सैनिक ट्रांसपोर्ट सोसायटी दाड़लाघाट रोशन लाल ठाकुर और विशेषातिथि पूर्व सैनिक जोगिंद्र सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। प्रधानाचार्य भीमा वर्मा ने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें मुख्यतः योग, हरियाणवी डांस, नाटी, छोटे बच्चों द्वारा सैनिकों को समर्पित एकांकी प्रस्तुत की गई। साथ ही मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में भी अवगत करवाया गया। मुख्यातिथि रोशन लाल ने अपने अभिभाषण में सभी का धन्यवाद किया और बच्चों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य भगत राम वर्मा ने मुख्यातिथि, अभिभावक अध्यापक संघ, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ और बच्चों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार जताया।



# पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने वीर बाल दिवस पर दी पुष्पांजलि



**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पंजेहरा के सोबनमाजरा गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजेहरा मंडल के मंडल अध्यक्ष जोगिंद्र पाल जिंदू ने की। इस कार्यक्रम में नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक केएल ठाकुर, समाजसेवी पूनम ठाकुर, समाजसेवी ज्ञान ठाकुर समेत कई मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को वीर बालकों के बलिदान और उनके साहसिक कार्यों से प्रेरणा प्रदान करना था। वक्ताओं ने वीर बाल दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में उनके योगदान को याद किया।

# गुरु गोबिंद के साहिबजादों को किया याद



वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुद्वारा साहिब अपर बाजार सोलन में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने शीश नवाजा।

### पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने प्रदूषण विभाग, नगर निगम के संबंध में, सलोगड़ा में हाउसिंग बोर्ड के नाले में सीवरेज की डंपिंग करते हुए एक ट्रैक्टर का मौके पर 20 हजार रुपए का चालान किया। अजय यादव ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित व स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पर्यावरण के संरक्षण के प्रति गंभीर है और सभी स्तरों पर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सीवरेज की डंपिंग करने वाले ट्रैक्टर को पुलिस विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर नगर परिषद बद्दी के कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा, प्रदूषण बोर्ड बद्दी के पर्यावरण अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# शूलिनी विवि में उत्साह के साथ मनाई क्रिसमस

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय परिसर में क्रिसमस बेहद खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरुआत विभिन्न खाद्य स्टालों, व्यापारिक स्टालों और एक आकर्षक क्रिसमस-थीम वाले सेल्फी बूथ के साथ हुई।

ठंड और बारिश के मौसम के बावजूद, इस कार्यक्रम में छात्रों और संकाय सदस्यों की भारी उपस्थिति देखी गई, जो उत्सव के व्यवहार और गतिविधियों में शामिल हुए। आगंतुकों ने वड़ा पाव, पैनकेक और खाद्य स्टालों पर दी जाने वाली अन्य स्वादिष्ट वस्तुओं का आनंद लिया, जबकि कई लोगों ने आभूषणों और अनूठी वस्तुओं के व्यापारिक स्टालों का आनंद लिया। चांसलर प्रोफ पीके खोसला ने बच्चों को उपहार बांटे। उत्साह को बढ़ाते हुए, जर्नलिज्म स्टूडेंट अभिजीत ने सांता क्लॉज की पोशाक पहनकर, बच्चों को कैंडी और चॉकलेट वितरित की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कैरोल गायन सत्र था, जहां सभी ने मधुर क्रिसमस भजनों में शामिल होकर एकता और उत्सव का माहौल बनाया।



# नगर निगम बने चार साल बीतने के बाद भी मंत्री के किए वादे नहीं हुए पूरे : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर निगम सोलन के अप्रैल 2021 में हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने सोलन की जनता से झूठे वादे कर चुनाव जीता और करीब चार वर्ष बीत जाने पर भी फ्री में पीने का पानी और घर-घर से मुफ्त कूड़ा उठाने की घोषणा अभी तक महज कोरी घोषणा ही बनकर रह गई है।

स्थानीय विधायक एवं मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल व कांग्रेस पार्टी ने उस समय घोषणा पत्र नगर निगम चुनाव-2021 जारी करते हुए 27 बिंदुओं पर सोलन की जनता से वादे किए थे, जो कोरी गप्प ही साबित हुए। कांग्रेस पार्टी व कर्नल शांडिल सत्ता में होने के बावजूद अपना एक भी वादा इन चार वर्षों में पूरा नहीं कर पाए। गुप्ता ने कहा कि कर्नल शांडिल से सोलन की जनता पूछ रही है कि घर-घर से मुफ्त कूड़ा उठाना, मुफ्त में प्रतिदिन पीने का पानी उपलब्ध करवाने, आवारा कुत्तों और बंदरों से आजादी दिलवाने के वादों का क्या हुआ। सोलन के लोगों को मुफ्त में पानी मुहैया करवाना, तो दूर मंत्री जी आप तो लोगों को प्रतिदिन पानी की आपूर्ति करवाने में पूरी तरह से फेल रहे हैं।

सोलन की जनता आज मंत्री से पूछ रही है कि आखिर आप लोग कब तक लोगों से झूठे वादे कर उन्हें ठगने का काम करते रहेंगे?।



**सुविधा** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन ने 15 करोड़ से निर्मित होने वाली सालवाला-सतौन सड़क का किया भूमि पूजन

# शिक्षण संस्थानों में आधारभूत ढांचे को किया जा रहा है सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिलाई में आदर्श चिकित्सालय के क्रियाशील होने के उपरांत इस क्षेत्र के लोगों को आधुनिक चिकित्सा सुविधा प्रदान होगी।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि जल्द ही जिले के दूरदराज क्षेत्रों में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पद भरे जाएंगे। विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। शिलाई विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में 200 करोड़ की विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। शिलाई में 5 करोड़ की लागत से मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र में लोगों की मांग के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष कांग्रेस मंडल शिलाई सीताराम शर्मा, एसडीएम कफोटा राजेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक, डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति रजनीश बंसल, प्रधान पंचायत सतौन ममता तोमर, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अमर सिंह कपूर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



जनसभा को संबोधित करते मंत्री।



विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन करते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों ने 30 को पंजाब बंद का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में 30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बंद के दौरान आम जनता की सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। किसान नेता ने कहा कि बंद के दौरान मेडिकल सेवाएं और अन्य आपातकालीन सुविधाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। एयरपोर्ट पर यात्रियों और शादी समारोहों के वाहनों को रोका नहीं जाएगा। इसके साथ ही, परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक जाने में पूरी सहायता दी जाएगी। पंधेर ने युवाओं और जनता से बंद को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि यह बंद किसानों के अधिकारों और उनके भविष्य की लड़ाई है। हम पूरे पंजाब, खासकर युवाओं से अनुरोध करते हैं कि मंच द्वारा लिए गए निर्णयों का पालन करें और इस बंद को समर्थन दें।

### 2023 के मुकाबले बढ़ी साइबर क्राइम की शिकायतें



**चंडीगढ़।** हरियाणा में पड़ोसी राज्य पंजाब की तर्ज पर बढ़ते गन कल्चर के बीच साइबर अपराध भी पब्लिक के लिए नासूर बनता जा रहा है। साल 2023 में प्रदेशभर से रोजाना साइबर अपराध की तकरीबन एक हजार शिकायतें आती थी, जबकि 2024 में साइबर अपराध में तेजी से वृद्धि हुई है। इस साल में औसतन साइबर अपराध की रोजाना एक हजार से 1300 शिकायतें आई। साइबर अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए हरियाणा साइबर पुलिस अब साइबर क्राइम हॉटस्पॉट चिन्हित करने में जुट गई है। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तैनात कर्मियों की संख्या को बढ़ाने के भी पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने निर्देश दिए हैं। शत्रुजीत कपूर ने पंचकूला स्थित हरियाणा पुलिस हेडक्वार्टर में राज्य अपराध शाखा की ओर से अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक में कपूर ने राज्य अपराध शाखा में लंबित 11 बड़े मामलों में होने वाली कार्रवाई पर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पांच या 10 करोड़ से ऊपर की ठगी के मामलों की जांच अधिकारी करें।

### बाबरिया और उदयभान के विवाद में हुड्डा बोले-सूची रद्द नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में जिला प्रभारियों की सूची को लेकर प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के बीच विवाद में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की एंट्री हुई है। हुड्डा ने कहा कि जिला प्रभारियों की नई सूची नहीं बनी है, सिर्फ उसे अपडेट किया गया। सूची को दीपक बाबरिया ने रद्द नहीं किया है, जरूरत पड़ने पर उनसे बात भी कर लेंगे। साथ ही बुधवार को नई दिल्ली में हुड्डा ने उम्मीद जताई कि हरियाणा कांग्रेस का संगठन जल्द बन सकता है। उन्होंने हाईकमान से कहा है कि राज्य में कांग्रेस का संगठन नहीं बनने से कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति है। हुड्डा के मुताबिक लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान कई नेता पार्टी छोड़ गए। इसी वजह से जिला प्रभारियों की सूची में थोड़ा बदलाव की जरूरत थी। इसलिए प्रभारियों की सूची को अपडेट किया गया है, बदलाव नहीं। इसमें किसी तरह का विवाद नहीं है। दरअसल, 18 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने जिला प्रभारियों की सूची जारी की थी। इसमें हिसार, कुरुक्षेत्र, नूंह, पलवल, पंचकूला, रोहतक और रेवाड़ी के प्रभारी बदले गए थे। साथ ही छह विधायक, 14 पूर्व विधायक और पूर्व मंत्रियों को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। हालांकि, एक सप्ताह के अंदर ही 24 दिसंबर को प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने सूची पर चर्चा नहीं होने का बयान देकर रोक लगा दी थी। इसके बाद से दोनों को बीच विवाद और गहरा गया है।

### चंडीगढ़-अंबाला मार्ग पर पलटी हरियाणा रोडवेज की बस

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ अंबाला मुख्य मार्ग पर गुरुवार को हरियाणा रोडवेज की एक बस अचानक पलट गई। हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। सुबह चार बजे चंडीगढ़ डिपो से बस भिवानी के लिए चली थी। रास्ते में धुंध ज्यादा होने के कारण आगे एक गाय आ गई जिसको बचाते हुए ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा और बस बेकाबू आकर सड़क के साथ चल रहे निर्माण कार्य के गड्ढे में जा गिरी। बस हरियाणा के भिवानी डिपो की थी जो चंडीगढ़ से भिवानी जा रही थी। हरियाणा रोडवेज के इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया कि बस में करीब 10 सवारियां थीं जिनमें से छह को चोट आई है। ड्राइवर भी घायल है। एक सवारी के हाथ में फ्रेक्चर आया है वहीं ड्राइवर की छाती पर चोट लगी है।

### रोहित दलाल और अक्षय 'आप' में शामिल



**नई दिल्ली।** खेल और फिटनेस के क्षेत्र से जुड़े रोहित दलाल और अक्षय दिलावरी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि स्पोर्ट्स को लेकर दिल्ली सरकार काम करेगी। रोहित दलाल और तिलक राज व अक्षय ने देश का नाम रोशन किया है। यूथ इनसे प्रभावित है। दोनों को आप में शामिल किया है। जिम एसोसिएशन बनेगी। हम लोगों को स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, अगर स्वास्थ्य ठीक नहीं होगा तो कुछ नहीं है। आज यह कई युवाओं और बच्चों को प्रशिक्षण देते हैं।

### इसराइल का गाजा में हमला, पांच की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में एक अस्पताल के बाहर हुए इसराइली हमले में पांच फिलिस्तीनी पत्रकारों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमला मध्य गाजा में नुसीरत शरणार्थी शिविर में बनाए गए अल-अवदा अस्पताल के बाहर एक कार पर हुआ। पत्रकार स्थानीय कुद्स न्यूज नेटर्वक के लिए काम करते थे। कुद्स न्यूज नेटवर्क ने भी हमले के बारे में खबर दी है। इसराइली सेना की ओर से इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई।

### जापान एयरलाइंस पर साइबर अटैक, उड़ानों में देरी



**तोक्यो।** जापान एयरलाइंस (जेएएल) ने कहा कि वीरवार को उस पर साइबर हमला होने के कारण उसकी 20 से जयादा घरेलू उड़ानों में देरी हुई, लेकिन उसने कुछ घंटों बाद अपने सिस्टम को बहाल कर लिया और उड़ान सुरक्षा पर भी कोई असर नहीं पड़ा। जेएएल ने कहा कि समस्या वीरवार की सुबह तब शुरू हुई जब कंपनी के आंतरिक और बाहरी सिस्टम को जोड़ने वाले नेटवर्क में खराबी आने लगी। एयरलाइन ने कहा कि उसने इसका कारण यह पता लगाया कि यह हमला नेटवर्क सिस्टम को डाटा के बड़े पैमाने पर प्रसारण से बाधित करने के उद्देश्य से किया था। इस तरह के हमले सिस्टम या नेटवर्क को तब तक बेहद व्यस्त कर देते हैं, जब तक कि लक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिल जाती या सिस्टम क्रैश नहीं हो जाता।

# गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर दिखेगी उत्तराखंड के साहसिक खेलों की झलक

## उत्तराखंड के एडवेंचर स्पोर्ट्स को मिल रही पहचान : सीएम पुष्कर सिंह धामी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



गणतंत्र दिवस परेड के लिए नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित की जाने वाली झांकी में उत्तराखंड राज्य 'साहसिक खेल' (एडवेंचर स्पोर्ट्स) का भारत सरकार द्वारा अंतिम चयन कर लिया गया है। यह जानकारी देते हुए महानिदेशक सूचना, बंशीधर तिवारी ने बताया कि अक्तूबर में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन गठित विशेषज्ञ समिति को कुल 34 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने-अपने प्रस्ताव भेजे थे।

विभिन्न बैठकों में नोडल अधिकारी तथा संयुक्त निदेशक, सूचना, केएस चौहान ने विशेषज्ञ समिति के सम्मुख उत्तराखंड राज्य की झांकी के डिजाइन, मॉडल तथा संगीत का प्रस्तुतीकरण किया था। भारत सरकार द्वारा पत्र दिनांक 21 दिसंबर के माध्यम से उत्तराखंड राज्य की झांकी के डिजाइन, मॉडल तथा संगीत को उत्कृष्ट पाए जाने के उपरांत अंतिम चयन कर लिया है। इस बार उत्तराखंड राज्य सहित कुल 15 प्रदेशों की झांकी का गणतंत्र दिवस परेड के लिए अंतिम चयन हुआ है, जिसमें आंध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटका, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित चंडीगढ़ सहित दादर नागर हवेली एवं दमन व दीव केंद्र शासित प्रदेश का चयन किया गया है। उत्तराखंड की झांकी में इस बार झांकी के अग्र भाग में प्रसिद्ध ऐपण आर्ट को बनाते हुए उत्तराखंडी परिधान में महिला को दिखाया गया है तथा झांकी के मध्य व पिछले भाग में साहसिक खेलों जैसे रॉक क्लाइंबिंग, पैराग्लाइडिंग, बंजी जंपिंग, हिल साइकलिंग, ट्रैकिंग, रिवर राफ्टिंग, औली में स्कीइंग और ऋषिकेश में जिप-लाइनिंग और रॉक क्लाइंबिंग को दिखाया गया है। इस बार गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखण्ड राज्य की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

यह हमारे राज्य के लिए गर्व का विषय है कि गणतंत्र दिवस परेड के लिए उत्तराखंड की झांकी का चयन हुआ है। वहीं, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार झांकी में उत्तराखंड की पहचान, प्राकृतिक सौंदर्य और एडवेंचर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। हमारा राज्य न केवल अपने आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिक खेलों के क्षेत्र में भी अग्रणी है। मैं झांकी के निर्माण में जुड़े सभी कलाकारों और अधिकारियों को बधाई देता हूं। (अनंत ज्ञान)

# एचटीए कोर्स को भारत सरकार के आईगोट मिशन कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर किया लांच




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के पीजीआई और भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने नीति निर्माताओं के लिए एक ऑनलाइन स्वास्थ्य तकनीकी आकलन (एचटीए) कोर्स विकसित किया है। इस कोर्स को भारत सरकार के आईगोट मिशन कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर लांच किया गया। यह कोर्स पीजीआई के रिसोर्स हब द्वारा डिजाइन किया गया है, जिसे सामुदायिक चिकित्सा विभाग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में स्थापित किया गया है।

23 को नई दिल्ली में आयोजित एचटीए सम्मेलन के दौरान, इस कोर्स का उद्घाटन नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल और भारत सरकार के सचिव डॉ. राजीव बहल ने किया। इस कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख चिकित्सा और जनस्वास्थ्य संस्थानों के 150 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। यह कोर्स अब केंद्र और राज्य सरकारों के सभी सिविल सेवकों के लिए निशुल्क उपलब्ध होगा। आईगोट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाने के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त करने और प्रमाणित करने का अवसर प्रदान करता है।

लांच के दौरान डॉ. पॉल ने कहा कि यह कोर्स स्वास्थ्य देखभाल में प्रमाण-आधारित और पारदर्शी निर्णय लेने को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि नीति निर्माताओं को यह तय करने की चुनौती होती है कि सार्वजनिक धन का उपयोग ऐसे कैसे किया जाए, जिससे लोगों के स्वास्थ्य में अधिकतम सुधार हो। यह कोर्स उन्हें आर्थिक साक्ष्यों का उपयोग कर बेहतर निर्णय लेने में मदद करेगा। डॉ. राजीव बहल ने डीएचआर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले एचटीए साक्ष्य तैयार करने के कार्य को व्यापक रूप देने के लिए सरकार सक्रिय है।

# रिजर्व बैंक ने कृत्रिम मेधा के नैतिक उपयोग पर आठ सदस्यीय समिति बनाई

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के जिम्मेदार एवं नैतिक इस्तेमाल के बारे में एक रूपरेखा तैयार करने के लिए वीरवार को आठ-सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

आरबीआई ने बयान में कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर पुष्पक भट्टाचार्य इस समिति के अध्यक्ष होंगे ।यह समिति वैश्विक और घरेलू स्तर पर वित्तीय सेवाओं में एआई की स्वीकार्यता के वर्तमान स्तर का आकलन करेगी। यह वैश्विक स्तर पर वित्तीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए एआई पर नियामकीय एवं पर्यवेक्षी दृष्टिकोण की भी समीक्षा करेगी ।यह पैनल एआई से जुड़े संभावित जोखिमों की भी पहचान करेगा। यह बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी), वित्तीय-प्रौद्योगिकी फर्मों के लिए एआई से जुड़े जोखिमों के मूल्यांकन, निपटान, निगरानी ढांचे एवं अनुपालन बिंदुओं की सिफारिश करेगा।

रिजर्व बैंक की इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक समीक्षा बैठक के बाद एआई पर विशेषज्ञ समिति बनाए जाने की घोषणा की गई थी। उसी घोषणा के अनुरूप आरबीआई ने इसके सदस्यों एवं उनके दायित्वों का ब्योरा जारी किया है। आरबीआई ने कहा कि समिति भारतीय वित्तीय क्षेत्र में एआई मॉडल एवं अनुप्रयोगों को जिम्मेदार, नैतिक रूप से अपनाने से संबंधित संचालन पहलुओं की एक रूपरेखा की सिफारिश करेगी।

# स्टार्टअप ने स्माल सैटेलाइट प्रोग्राम किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

स्पेस टेक्नोलॉजी (अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी) को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तीन युवा स्पेस साइंस रिसर्च और स्मार्ट सर्किट्स इनोवेशन के संस्थापकों ने एक पाथ-ब्रेकिंग एक्सपेरीमेंट डेवलप किया है जिसे 30 दिसंबर 2024 को प्रतिष्ठित इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) द्वारा पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंट प्लेटफॉर्म (पीओईएम) सी60 मिशन के दौरान कक्षा में स्थापित किए जाने वाले उपग्रह में लॉन्च किया जाएगा।

युवा स्पेस साइंस रिसर्च, इसरो द्वारा सर्टीफाइड स्पेस ट्यूटर और यमुनानगर, हरियाणा से इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल फैडरेशन के सदस्य हैं। उनके इस रेवोल्यूशनरी एक्सपेरीमेंट को इसरो के




पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।

कोर एक्सपेरीमेंट को विजिनरी और दूरदर्शी रिसर्च सौरभ कौशल, राघव शर्मा और सचिन शर्मा द्वारा डिजाइन किया गया है। तीनों ने स्पेस मिशन के बारे में अधिक जानकारी साझा करने के लिए चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस मीट को संबोधित किया।

सौरभ कौशल, डायरेक्टर-इनोवेशन, स्मार्ट सर्किट्स इनोवेशन ने कहा कि यह एक्सपेरीमेंट सैटेलाइट की सबसे बाहरी सतह पर रखे गए एक्सर्टनल सेंसर का उपयोग करके लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में एक रोलिंग सैटेलाइट के टेम्प्रेचर प्रोफाइल को मापने पर केंद्रित है। लक्स/एम्बिएंट सेंसर का उपयोग करके तापमान की रीडिंग भी ली जाएगी।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह एक्सपेरीमेंट भारत की पहली एआई स्पेस लैब, माई ऑर्बिटल इंफ्रास्ट्रक्चर - टेक्नोलॉजी डेमोस्ट्रेटर (एमओआई-टीडी) का हिस्सा होगा। एमओआई-टीडी प्रोजेक्ट का नेतृत्व टेकमी2स्पेस द्वारा किया जा रहा है। राघव शर्मा, डायरेक्टर-टेक्नोलॉजी, स्मार्ट सर्किट्स इनोवेशन ने कहा कि यह इनोवेटिव मिशन ऑर्बिट में रियल टाइम डेटा प्रोसेसिंग की क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा।

राघव ने कहा कि स्कूल के स्टूडेंट्स ने एक्सपेरीमेंट के लिए कोडिंग में काफी सक्रियता से भाग लिया, जो इनक्लूजन और एजुकेशन पर प्रोजेक्ट के फोक्स को सामने लाता है। यह सैटेलाइट लैब स्पेस साइंस और टेक्नोलॉजी का डेमोक्रेटाइजेशन करेगी, जिससे स्टूडेंट और रिसर्चर्स, अंतरिक्ष को लेकर और भी नए नए किफायती प्रयोग कर सकेंगे।

## देश-विदेश

# 'आप' ने भाजपा नेता प्रवेश और मनजिंदर के खिलाफ की शिकायत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सियासत तेज हो गई है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और अन्य नेताओं ने वीरवार को ईडी के कार्यालय पहुंचकर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने भाजपा नेताओं की ओर से पैसे बांटने का आरोप लगाया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल के विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली में वोटर कार्ड चेक करके भाजपा लोगों को पैसे बांट रही है। प्रवेश वर्मा अपने सरकारी आवास पर पैसे बांटते पकड़े गए, जो उन्हें सांसद होने के नाते मिले थे।

# आतंकवादी समूहों की मदद करने का आरोपी हिरासत में

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के उधमपुर जिले में आतंकवादी समूहों को मदद मुहैया कराने के आरोप में वीरवार को आतंकवादियों के एक सहयोगी को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अब्दुल कयूम उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है। वह बसंतगढ़ के कदवाह का रहने वाला है और उसे जेल भेज दिया गया है। कयूम आतंकवादी समूहों को रसद प्रदान करने में शामिल था और वह आतंकवादी संगठनों के मददगार के रूप में काम करता था।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वीरवार को वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 340 रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली के 38 निगरानी केंद्रों में से 32 ने वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

# लोकसभा चुनाव में पुरुषों से अधिक रही महिला मतदाताओं की संख्या

## निर्वाचन आयोग ने जारी किए आंकड़े, 64.64 करोड़ ने किया मताधिकार का इस्तेमाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**निर्वाचन** आयोग की ओर से वीरवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया और इन मतदाताओं में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 65.78 रहा जबकि पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 65.55 था। आयोग ने कहा कि इस बार चुनाव लड़ने वाली महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 रही जबकि 2019 के चुनावों में यह संख्या 726 थी। निर्वाचन आयोग ने कहा, ''स्वत: संज्ञान लेकर की गई इस पहल का मकसद जनता का विश्वास बढ़ाना है, जो भारत की चुनावी प्रणाली का आधार है।'' ये आंकड़े इन आरोपों की पृष्ठभूमि में जारी किए गए हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान के आंकड़ों में हेराफेरी की गई थी। ये आंकड़े चार विधानसभा चुनावों - अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम से भी संबंधित हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि 2019 में 540 की तुलना में कुल 10.52 लाख मतदान केंद्रों में से 40 मतदान केंद्रों या 0.0038 प्रतिशत केंद्रों पर पुनर्मतदान किया गया।

# पुलिसकर्मियों पर हमले के आरोप में कांग्रेस विधायक सहित 21 गिरफ्तार

**पाटण (गुजरात)।** गुजरात में कांग्रेस के विधायक किरीट पटेल और 20 अन्य लोगों को 16 दिसंबर को पाटण जिले में एक विश्वविद्यालय में विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों पर कथित हमले के सिलसिले में वीरवार को गिरफ्तार कर लिया। पाटण निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पटेल, सिद्धपुर के पूर्व विधायक चंदनजी ठाकोर और लगभग 200 कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पार्टी की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों ने छात्रावास में शराब पीने को लेकर हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन किया था।

# दक्षिण कोरिया में विपक्ष ने किया कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश

**एजेंसी, सियोल**

**दक्षिण** कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ वीरवार को महाभियोग चलाने का प्रस्ताव पेश किया। यह महाभियोग प्रस्ताव संवैधानिक न्यायालय के तीन रिक्त पदों को भरने में उनकी अनिच्छा के कारण लाया गया है। महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ विद्रोह के आरोपों की न्यायालय की ओर से समीक्षा किए जाने से पहले कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ यह प्रस्ताव रखा गया है। तीन दिसंबर को अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' के आदेश के कारण यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। उदारवादी विचारधारा वाली विपक्षी पार्टियों और यून की रूढ़िवादी विचारधारा वाली पार्टी के बीच बढ़ते विवाद के कारण न्यायालय में नियुक्तियां रुकी हुई हैं। वर्तमान कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर कार्यभार संभाल रहे प्रधानमंत्री हान डक-सू के संभावित महाभियोग से राजनीतिक गतिरोध और गहरा सकता है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने हत्या के 44 साल पुराने मामले को किया खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने 44 साल पहले तत्कालीन अविभाजित दक्षिण कन्नड़ जिले में दर्ज हत्या के एक मामले में 68 वर्षीय बेंगलुरु निवासी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि इतने लंबे समय बाद दोष साबित करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आरोपी का बरी होना अपरिहार्य है, तो मुकदमे को आगे बढ़ने देने से कीमती न्यायिक संसाधनों की केवल बर्बादी होगी। इसी के साथ राज्य की आपराधिक न्याय प्रणाली का शायद सबसे पुराना मामला बंद हो गया।

# शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार

## सेंसेक्स 78472 और निफ्टी 22 अंक की बढ़त के साथ 23750 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को फ्लैट कारोबार देखने को मिला है। सेंसेक्स बिना किसी बदलाव के 78,472 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 22 अंक की बढ़त रही, ये 23,750 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में तेजी देखने को मिली है। वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में तेजी और 18 में गिरावट देखने को मिली है। 1 शेयर फ्लैट बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी शेयर्स में गिरावट रही। वहीं ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में बढ़त रही। यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के आईपीओ के लिए बोली लगाने का तीसरा और आखिरी दिन है।




### सोने और चांदी के दाम में तेजी

**सोने**-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 411 रुपए बढ़कर 76,285 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 75,874 रुपए प्रति दस ग्राम थी। चांदी का भाव भी आज 389 रुपए बढ़कर 87,900 रुपए पर पहुंच गया है। कल चांदी 87,511 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 23 अक्तूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्तूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई बढ़ाएगा अमेरिका

**एजेंसी, कीव**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन पर हुए रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले की निंदा की है। बाइडेन ने आरोप लगाया कि रूस ने मिसाइल और ड्रोन हमले के जरिए यूक्रेन की एनर्जी ग्रिड को निशाना बनाया है।



**बाइडेन बोले- यूक्रेनी लोगों को शांति से जीने का हक**

इसके जरिए रूस सर्दी में यूक्रेनी लोगों की बिजली सप्लाई काटना चाहता है। बाइडेन ने यूक्रेन को मदद देने की बात भी दोहराई। बाइडेन के मुताबिक, अमेरिका ने पिछले कुछ महीनों में यूक्रेन को सैकड़ों मिसाइलें दी हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई बढ़ाएगा। यूक्रेन को जल्द ही मिसाइलों की नई खेप दी जाएगी। इसके लिए अमेरिकी रक्षा विभाग को मिसाइलों की सप्लाई तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने दुनिया के दूसरे देशों से भी यूक्रेन की मदद करने के लिए कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यूक्रेन के लोगों शांति और सुरक्षा के साथ जीने का अधिकार है। बाइडेन ने कहा कि हम यूक्रेन का तब तक समर्थन करते रहेंगे, जब तक वह रूस के खिलाफ जीत हासिल न कर ले।

# बिहार सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए छात्रों पर करवाया लाठीचार्ज : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बिहार** लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वीरवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए इस कृत्य को अंजाम दिया गया है।

बीपीएससी की ओर से 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीएससी) के प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को पटना में विरोध-प्रदर्शन किया, जिस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्र ने बताया था कि पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों पर उस समय लाठीचार्ज करना पड़ा, जब उनमें से कुछ बैरिकेड तोड़कर बीपीएससी कार्यालय तक पहुंच गए और यातायात बाधित किया।

राहुल ने लाठीचार्ज का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर कहा कि बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार अपनी नाकामी को छिपाने के लिए छात्रों पर ही लाठीचार्ज करवा रही है।

### भाजपा का दृष्टिकोण सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना : प्रियंका



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने बिहार लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना है। प्रियंका गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया कि हाथ जोड़ रहे युवाओं पर इस तरह लाठी चलाना क्रूरता की पराकाष्ठा है। भाजपा राज में रोजगार मांगने वाले युवाओं को लाठियों से पीटा जाता है। उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो या मध्य प्रदेश, युवा अगर अपनी आवाज उठाते हैं तो उन्हें बर्बरता से पीटा जाता है।

**2024 में खेल प्रशासन**

# आईओए में जारी रही उठापटक और भारत की ओलंपिक 2036 की दावेदारी रही सुर्खियों में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी पेश कर दी और लंबे समय से अधर में लटके राष्ट्रीय खेल विधेयक को संसद में पेश किए जाने की भी संभावनाएं दिख रही हैं, लेकिन इन अच्छी खबरों के बीच वर्ष 2024 में भारतीय खेल प्रशासन में अंतर्कलह और सत्ता के संघर्ष की दास्तान भी बदस्तूर जारी रही। भारतीय खेलों में बाकी चीजों की तरह प्रशासकों का प्रदर्शन भी मिला जुला रहा, लेकिन कुछ मामलों में उम्मीद की किरण भी दिखी। मसलन, भारत ने 2036 ओलंपिक खेल की दावेदारी के इरादे का पत्र अक्तूबर में जमा कर दिया। इसकी राह हालांकि, उतनी आसान नहीं होगी। इससे पहले पीटी उषा की अध्यक्षता वाले भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में साल भर उथल-पुथल रही और आईओए यह बताने में नाकाम रहा कि पेरिस ओलंपिक में भारत की पदक संख्या दोहरे अंक में क्यो नहीं पहुंच सकी। करीब आधा दर्जन भारतीय खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे, लेकिन पेरिस ओलंपिक में कम से कम दस पदकों की उम्मीद थी ।

आईओए में गुटबाजी हमेशा से रही थी और उषा की अध्यक्षता में इस समय भी कोई अपवाद देखने को नहीं मिला। एक सीईओ की नियुक्ति को लेकर विवाद पूरे साल छाया रहा जिसमें कार्यकारी परिषद के 15 में से 12 सदस्य उषा के खिलाफ थे। इसकी शुरुआत राजस्थान रॉयल्स और पुणे सुपरजाइंट्स जैसी आईपीएल टीमों के पूर्व शीर्ष अधिकारी रहे रघुराम अय्यर की आईओए सीईओ के पद पर नियुक्ति के साथ हुई। कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों ने उषा पर सीईओ की नियुक्ति स्वीकार करने के लिए उन पर दबाव बनाने का आरोप लगाकर नियुक्ति को मानने से इनकार कर दिया। आरोप प्रत्यारोप के दौर के बीच कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने उषा के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने की धमकी दी। उषा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पद पर बने रहने की उनकी पात्रता पर स्पष्टीकरण मांगा था। सितंबर में परिषद की बैठक में आनलाइन जुड़े अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य के सामने एक दूसरे पर कीचड़ उछाला गया।



आईओसी ने आईओए को सालाना साढ़े आठ करोड़ रुपए का ओलंपिक एकजुटता अनुदान रोक दिया, जो खिलाड़ियों के विकास कार्यक्रमों के लिए दिया जाता है। यह आईओए को प्रशासन ढर्रे पर लाने के लिए दी गई चेतावनी थी।

इसके बावजूद आईओए अधिकारियों को सदबुद्धि नहीं आई और दोनों पक्षों ने अलग अलग तारीखों पर आमसभा की विशेष बैठक बुलाई। बागी 12 सदस्यों का एजेंडा उषा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना था। लेकिन एक अक्तूबर को भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी के इरादे का पत्र आईओसी के भावी मेजबान आयोग को सौंपा तब दोनों पक्षों ने बैठक स्थगित कर दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अक्तूबर 2023 में आईओसी के मुंबई में हुए सत्र के दौरान भारत की 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जाहिर की थी। उषा और नए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर पहल करने को प्राथमिकता दी। इसके तहत सक्रिय और रिटायर्ड खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं शुरू की गई।

खेलो इंडिया खेल में पदक जीतने वालों को सरकारी नौकरियों में पात्रता दी गई। उषा ने एशियाई खेल कार्यक्रम में योग को शामिल करने पर जोर दिया और उन्हें खेलमंत्री का समर्थन मिला। रणधीर सिंह की अध्यक्षता वाली एशियाई ओलंपिक परिषद ने जापान में 2026 में होने वाले एशियाई खेलों में योग को नुमाइशी खेल के तौर पर शामिल किया है। उषा ने सभी पूर्व ओलंपियनों के लिए मेडिकल बीमा और पेंशन योजना का भी प्रस्ताव रखा है।

मंत्रालय ने खेल विधेयक का नया मसौदा जारी किया है, जिसमें आईओए और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए एक नियामक निकाय बनाने का प्रावधान है, ताकि उनके संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही प्रशासकों की आयु और कार्यकाल में छूट दी जा सके। उषा ने ओलंपिक चार्टर में निहित आईओए और एनएसएफ की स्वायत्तता के लिए संभावित खतरे की ओर इशारा किया। मांडविया ने आश्वासन दिया कि नियामक निकाय स्वायत्त होगा और आईओए या एनएसएफ के रोजमर्रा के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

आईओसी ने इस विधेयक पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है जिसे 2025 की शुरुआत में बजट सत्र के दौरान संसद में पेश किए जाने की संभावना है, लेकिन जब भी उसे लगेगा कि किसी तीसरे पक्ष ने हस्तक्षेप किया है, तो वह कार्रवाई करेगा जैसा कि दिसंबर, 2012 से फरवरी, 2014 तक आईओए के 14 महीने के निलंबन के दौरान हुआ था।

## 2026 के ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों की सूची से कुश्ती बाहर

**एक** अहम घटनाक्रम में भारत के लिए पदक लाने वाले खेल जैसे हॉकी, शूटिंग, क्रिकेट, बैडमिंटन और कुश्ती को 2026 के ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों की सूची से बाहर रखा गया है। आयोजकों ने वित्तीय और संचालन संबंधी बाधाओं का हवाला दिया है।

## नीता अंबानी को स्वतंत्र आईओसी सदस्य बनाया

**अनुभवी** खेल प्रशासक रणधीर सिंह नई दिल्ली में आयोजित एशियाई ओलंपिक परिषद की आम सभा के दौरान इसके अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने। वहीं, नीता अंबानी को फिर से स्वतंत्र आईओसी सदस्य के रूप में चुना गया और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आईओसी द्वारा ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया।

**स्पोर्ट्स विंडो**

## जिम्बाब्वे के एंडी पायक्रॉफ्ट ने मैच रेफरी के रूप में 100 टेस्ट किए पूरे

**मेलबर्न।** जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी पायक्रॉफ्ट वीरवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के साथ मैच रेफरी के तौर पर 100 मैच पूरे करने वाले पुरुष टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में चौथे अधिकारी बन गए। इस सूची में सबसे अनुभवी मैच रेफरी के रूप में श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी रंजन मदुगले 225 टेस्ट के साथ पहले स्थान पर हैं जबकि न्यूजीलैंड के जेफ क्रो (125) दूसरे और इंग्लैंड के क्रिस ब्रॉड (123) तीसरे स्थान पर हैं। पायक्रॉफ्ट (68 वर्ष) ने 1983-1992 तक जिम्बाब्वे के लिए तीन टेस्ट और 20 वनडे मैच खेले। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''पायक्रॉफ्ट ने कहा कि उन्होंने मैच रेफरी के रूप में 100 मैचों तक की यात्रा के हर पल का आनंद लिया है जिन्होंने 2009 से अब तक 238 पुरुष वनडे, 174 पुरुष टी20 और 21 महिला टी20 मैचों में भी रेफरी की भूमिका निभाई है।'' पायक्रॉफ्ट ने कहा कि इस मुकाम को छूना एक बड़ा सम्मान है और उन्होंने कहा, ''यह यात्रा शानदार रही है और मैंने इसके हर पल को संजोकर रखा है।''



## दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम श्रीलंका के कोलंबो में 12 से 21 जनवरी 2025 के बीच होने वाले दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने वीरवार को यह जानकारी दी। भारत के अलावा इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीम भी भाग लेंगी।

## नेशनल क्रश भी कहा जाता है स्मृति मंधाना को

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना भी अक्सर अपने खेल के साथ-साथ खूबसूरती को लेकर भी सुर्खियां बटोरती रहती हैं। मंधाना को भारत में महिला क्रिकेट की नेशनल क्रश भी कहा जाता है। 18 जुलाई 1996 को मुंबई में जन्मी स्मृति मंधाना को आईसीसी ने 2018 की बेस्ट फीमेल क्रिकेटर चुना था। वह न केवल एक उत्कृष्ट क्रिकेटर हैं, बल्कि दुनिया की महिला क्रिकेटरों में से एक ब्यूटी क्वीन भी हैं।



## विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज से अगले कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं एरिगेसी

**न्यूयॉर्क।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी जब यहां विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे तो उन्हें 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाला पहला भारतीय बनने की अपनी संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए कड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा। एरिगेसी 2024 से क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची में अमेरिका के फैबियानो कारूआना से पीछे हैं। उन्हें यहां शुरू होने वाली विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीतने के लिए मुश्किल बाधाओं को पार करना होगा। दुनिया के शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज दोनों में शीर्ष वरीय के रूप में शतरंज के इस तेज संस्करण में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे और निश्चित रूप से किसी के लिए भी सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी होंगे। एरिगेसी के लिए कार्लसन के साथ कारुआना और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को पछाड़ना आसान नहीं होगा क्योंकि तीनों खिलाड़ी शतरंज के इस तेज प्रारूप में माहिर हैं।



# बुमराह ने भारत को मैच में लौटाया ऑस्ट्रेलिया के छह विकेट पर 311 रन

### सैम कोंस्टास ने 65 गेंदों में 60 और ख्वाजा ने 145 गेंदों में बनाए 72 रन

**एजेंसी, मेलबर्न**

विषम परिस्थितियों में शानदार गेंदबाजी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने भारत को मैच में लौटाया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास के आक्रामक अर्द्धशतक समेत शीर्ष क्रम के मजबूत प्रदर्शन के दम पर चौथे टेस्ट के पहले दिन वीरवार को छह विकेट पर 311 रन बना लिए। कोंस्टास के 65 गेंद में 60 रन ने जहां एमसीजी पर जुटे 80000 से अधिक दर्शकों में जोश भर दिया तो बुमराह के 21 ओवर में 75 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद दर्शक दीर्घा से 'बूम-बूम बुमराह' का शोर भी सुनाई दिया। लगातार दो शतक बनाकर इस टेस्ट में उतरे ट्रेविस हेड से बुमराह की गेंद को भांपने में गलती हुई और वह 67वें ओवर में अपना विकेट गंवा बैठे। अगले ओवर में बुमराह ने खराब फॉर्म से जूझ रहे मिचेल मार्श (चार) को आउट किया, जबकि लंच के बाद उस्मान ख्वाजा (121 गेंद में 57 रन ) को पवेलियन भेजा था। पहले दो सत्र का खेल आस्ट्रेलिया के नाम रहा जिसके लिए ख्वाजा और कोंस्टास के अलावा मार्नस लाबुशन (145 गेंद में 72 रन) और स्टीव स्मिथ (111 गेंद में नाबाद 68 रन) ने अर्धशतक लगाए।

आखिरी सत्र बुमराह का रहा जिन्होंने भारत की मैच में वापसी कराई। बुमराह के अब सीरीज में 24 विकेट हो गए हैं। दूसरे छोर से उन्हें मोहम्मद सिराज से बिलकुल मदद नहीं मिली जिन्होंने 15 ओवर में 69 रन दे डाले और कोई विकेट नहीं मिली। आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर ने 12 ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिए। वहीं आकाश दीप ने 19 ओवर में 59 रन देकर एक विकेट चटकाया। रविंद्र जडेजा भी महंगे साबित हुए जिन्होंने कोंस्टास का विकेट लेने के बावजूद 14 ओवर में 54 रन दिए। सुबह के सत्र में कोंस्टास छाए रहे। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 19 बरस के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 52 गेंद में अर्द्धशतक जड़ दिया और 65 गेंद में 60 रन बनाकर साबित कर दिया कि उन्हें अंतिम एकादश में रखने का फैसला कितना सही था। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।



पहले सत्र में कोंस्टास की भारत के सुपरस्टार क्रिकेटर विराट कोहली से संक्षिप्त झड़प भी हुई। शुरुआत में कोंस्टास को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खेलने में दिक्कत आई, लेकिन पहले कुछ रन बनाने के बाद वह लय में आ गए। बेखौफ खेल दिखाते हुए उन्होंने बुमराह को रिवर्स स्वीप लगाकर चौका जड़ा और फिर मिड आन पर छक्का लगा दिया। इसके बाद उन्होंने थर्डमैन पर चौका लगाया। बुमराह को टेस्ट क्रिकेट के पहले ही स्पैल में पहली बार दो छक्के पड़े हैं। इससे पहले टेस्ट मैच में उन्हें 2021 में कैमरन ग्रीन ने छक्का लगाया था। कोंस्टास ने अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए। कोंस्टास ने अनुभवी उस्मान ख्वाजा (नाबाद 38) के साथ 89 रन की साझेदारी की। ख्वाजा ने 121 गेंद में 57 रन की संयम से भरी पारी खेली। मोहम्मद सिराज जब गेंदबाजी पर आए तो दर्शकों ने काफी हूटिंग की क्योंकि उन्होंने कोंस्टास पर उसकी अपारंपरिक बल्लेबाजी शैली के लिए छींटाकशी की थी। सिराज ने या तो बहुत फुललैंग्थ गेंद डाली या शॉर्टपिच गेंद फेंकी। पहले स्पैल में भारतीय तेज गेंदबाजों में सिर्फ आकाश दीप लय में दिखे।

साझेदारी टूटती नहीं देख भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 16वें ओवर में जडेजा को गेंद सौंपी, जिन्होंने कोंस्टास को पगबाधा आउट करके कप्तान के फैसले को सही साबित किया। दर्शकों ने पवेलियन लौटते कोंस्टास का खड़े होकर अभिवादन किया। वहीं, ख्वाजा अपनी गलती से विकेट गंवा बैठे और बुमराह की गेंद पर पुल शॉट की टाइमिंग खराब होने से गेंद सीधे केएल राहुल के हाथ में गई। दूसरे सत्र में यही एक विकेट गिरा।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम पगबाधा जडेजा | 60 | 65 | 6/2 |
| ख्वाजा क. राहुल ब. बुमराह | 57 | 121 | 6/0 |
| लाबुशेन क. कोहली ब. सुंदर | 72 | 145 | 7/0 |
| मार्श क. पंत ब. आकाशदीप | 02 | 13 | 0/0 |
| स्मिथ (नाबाद) | 68 | 111 | 5/1 |
| हेड ब. बुमराह | 00 | 07 | 0/0 |
| मार्श क. पंत ब. बुमराह | 04 | 13 | 1/0 |
| कैरी क. पंत ब. आकाशदीप | 31 | 41 | 0/1 |
| कमिंस (नाबाद) | 08 | 17 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 11 | | |
| **कुल : (86 ओवर)** | **311/6** | | |

**विकेट पतन :** 1-89, 2-154, 3-237, 4-240, 5-246, 6-299.

**गेंदबाजी :** बुमराह 21-7-75-3, सिराज 15-2-69-0, आकाशदीप 19-5-59-1, जडेजा.14-2-54-1, नितिश 5-0-10-0, सुंदर 12-2-37-1.

**गिल को बाहर करने पर नायर बोले-**

## रोहित को पारी का आगाज कराने की जरूरत थी

**मेलबर्न।** भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने वीरवार को शुभमन गिल को 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट से बाहर करने का बचाव करते हुए कहा कि रोहित शर्मा से पारी का आगाज कराना ही टीम के हित में नहीं था बल्कि स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को शामिल करके आक्रमण को पैना करना भी था। गिल उंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाये थे, उन्होंने गुलाबी गेंद के टेस्ट में 31 और 28 रन बनाए। वह भारतीय बल्लेबाजों में सबसे भरोसेमंद दिखे, लेकिन ब्रिस्बेन में शून्य पर आउट हो गए। रोहित शर्मा के पारी की शुरुआत करने और केएल राहुल के तीसरे नंबर पर आने के कारण गिल को तीसरे विशेषज्ञ ऑलराउंडर वाशिंगटन के लिए जगह बनानी पड़ी। दिन का खेल खत्म होने के बाद नायर ने कहा, ''हां, रोहित बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएंगे और पूरी संभावना है कि वह पारी की शुरुआत करेंगे। यही योजना थी। दुर्भाग्य से गिल को बाहर होना पड़ा जिस तरह से चीजें आगे बढ़ीं उन्हें बाहर होना पड़ा।'' मुंबई के पूर्व दिग्गज ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस तरह की स्थिति में एक युवा खिलाड़ी बड़े दिन पर अपनी छाप छोड़ना चाहता है। वह समझता है कि यह टीम की जरूरत है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि उसे टीम से बाहर कर दिया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह इस मैच टीम में जगह नहीं बना सका।'' उन्होंने विस्तार से बताया कि गिल की तुलना में एमसीजी में वाशिंगटन को खिलाना क्यों उचित था। उन्होंने कहा, ''जब बहुत सारे फैसले लिए जाते हैं और उन्हें लेने की प्रक्रिया होती है तो हमेशा बातचीत और पारदर्शिता होती है। यह बहुत स्पष्ट है कि हमने पिच को देखते हुए महसूस किया कि गेंदबाजी आक्रमण में वाशी के होने से हमें विविधता मिलेगी, खासकर अंत में जब गेंद पुरानी हो जाती है।''



## कोंस्टास ने दिलाई सहवाग की याद : रवि शास्त्री

**मेलबर्न।** सैम कोंस्टास ने जसप्रीत बुमराह के खिलाफ अपनी बेबाक बल्लेबाजी से एमसीसी पर बल्लेबाजी करने के तरीके की धज्जियां उड़ा दीं जिस पर पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने वीरवार को कहा कि इस ऑस्ट्रेलियाई युवा ने उन्हें दिग्गज वीरेंद्र सहवाग की याद दिला दी। कोंस्टास ने टेस्ट पदार्पण पर अपनी शानदार बल्लेबाजी से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने आधुनिक क्रिकेट के सबसे सम्मानित तेज गेंदबाजों में से एक बुमराह की गेंद पर अपने रैंप शॉट से भारतीय खेमे को हैरत में डाल दिया। शास्त्री ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि किसी ने खेल के किसी भी प्रारूप में बुमराह के खिलाफ इस तरह बल्लेबाजी की है।'' इस तरह के आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरना और कुछ बेहतरीन शॉट लगाने की कोशिश करना, यह कुछ और ही था। उसने एमसीसी पर बल्लेबाजी करने के तरीके की धज्जियां उड़ा दीं।''



## सलमान खान सोशल मीडिया के माध्यम से **खो-खो वर्ल्ड कप** करेंगे प्रमोट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

13 जनबरी 2025 से शुरू होने बाले खो-खो वर्ल्ड कप का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार करने और जागरूकता फैलाने के लिए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया मैगा मल्टी-मीडिया अभियान शुरू करेगी, जिसमें मैगा स्टार सलमान खान को केंद्रित फीचर करके प्रोमोज और ऐड अभियान शुरू किया जाएगा। सिल्वर स्क्रीन पर अपने अभिनय से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले सलमान खान खो-खो वर्ल्ड कप के लाइव मैचों के दौरान स्टार स्पोर्ट्स, डिजिटल, सोशल मीडिया के माध्यम से विश्व भर में खो-खो को प्रमोट करेंगे।



सलमान खान इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में खो-खो वर्ल्ड कप के शुभारंभ के अवसर पर स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच होने बाले पहले मैच को देखेंगे और खिलड़ियों का मनोबल बढ़ाएंगे। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और वर्ल्ड कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि सलमान खान की लोकप्रियता से खेल को भारत के अलावा विश्व भर में प्रमोट करने में मदद मिलेगी। सलमान को खो-खो वर्ल्ड कप का ब्रांड एंबेसडर बनाने का उद्देश्य अधिकतम युवाओं को खो-खो के प्रति आकर्षित करना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा भारतीय खो-खो वर्ल्ड कप मैचों को स्टेडियम में देखें और पूरे विश्व में रहने वाले खेल प्रशंसक इन मैचों को स्टार स्पोर्ट्स, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से देखें।

## हॉकी इंडिया लीग ने हमें बुलंदियों तक पहुंचाया : हरमनप्रीत सिंह

**राउरकेला।** भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग से महिला टीम को उसी तरह फायदा होगा जिस पर उनकी टीम को हुआ और वे ओलंपिक पदक जीतने में कामयाब रहे। पुरुष लीग में आठ टीमें होंगी और पहली बार हो रही महिला लीग में छह टीमें रहेंगी।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पांच दशक बाद लगातार दो ओलंपिक में पदक जीते। हरमनप्रीत ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हॉकी इंडिया लीग का प्रभाव भारतीय पुरुष हॉकी टीम में आज तक देखा जा सकता है। ओलंपिक में टीम की सफलता का एक कारण यह भी है कि कैरियर की शुरूआत में लीग से हमें काफी एक्सपोजर मिला।'' उन्होंने कहा, ''नामी गिरामी खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलने से हम बेहतर खिलाड़ी बने।''

## विजयवीर ने जीता पहला 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल राष्ट्रीय खिताब

**नई दिल्ली।** पंजाब के विजयवीर सिद्धू ने वीरवार को यहां चल रही 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में पिस्टल स्पर्धाओं के लिए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (आरएफपी) स्पर्धा का अपना पहला खिताब जीता। पेरिस ओलंपियन विजयवीर ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 'आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट' के साथी ओलंपियन गुरप्रीत सिंह को फाइनल में 28-25 से हराया। वायुसेना के शिवम शुक्ला 23 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विजयवीर क्वालीफिकेशन में 581 अंक हासिल से दूसरे स्थान पर रहे। वह उत्तर प्रदेश के अंकुर गोयल से पीछे रहे जिन्होंने 585 अंक हासिल किए। गुरप्रीत ने फाइनल के बाद घोषणा की कि यह उनकी आखिरी राष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी क्योंकि वह कोचिंग की ओर रुख कर रहे हैं। वह 575 के स्कोर के साथ छठा और अंतिम स्थान हासिल करने में सफल रहे। जूनियर पुरुष आरएफपी में महाराष्ट्र के राजवर्धन आशुतोष पाटिल ने 31 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश के सूरज शर्मा दूसरे स्थान पर रहे जबकि राजस्थान के अभिनव चौधरी ने कांस्य पदक जीता।



**तीसरा वनडे** वेस्टइंडीज टीम को जीत के साथ स्वदेश लौटने के लिए अपने प्रदर्शन में करना होगा काफी सुधार

# भारतीय महिला टीम की नजरें वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ करने पर

**एजेंसी, वडोदरा**

भारतीय महिला टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में शुक्रवार को 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी। आस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे हारने के बाद भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की राह पर वापसी की है।

भारतीय टीम ने सीरीज में 300 से अधिक के स्कोर बनाए हैं। पहले मैच में स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने वाली पत्रिका रावल ने दूसरे वनडे में बेहतर प्रदर्शन करके उम्मीद जगाई है। हरलीन देयोल ने दूसरे मैच में तीसरे नंबर पर उतरकर शतक जड़ा और वह इस लय को कायम रखना चाहेंगी। पूरी तरह से फिट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर भी आत्मविश्वास से भरी लग रही हैं, लेकिन अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर ने तेज गेंदबाजी में अगुवाई की है, जबकि युवा टिटास साधू को भी विकेट मिले हैं। लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने भी प्रभावित किया है।



फाइल फोटो

यह मुकाबला चूंकि औपचारिकता का है लिहाजा भारतीय टीम में तनुजा कंवर और तेजल हसब्निस को उतारा जा सकता है। वेस्टइंडीज टीम को जीत के साथ स्वदेश लौटने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। उसके लिये सिर्फ हेली मैथ्यूज ही प्रभावित कर सकी हैं।

**मैच सुबह 9.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, रिचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु, साइमा ठाकुर, रेणुका सिंह ठाकुर।

**वेस्टइंडीज:** हेली मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल (उप-कप्तान), आलिया एलेने, शमिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डींड्रा डोटिन, अफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेले हेनरी, जैदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरैक, राशदा विलियम्स।